3 राजधानी बसपा ने जारी की 12 प्रत्याशियों की सूची
6 अभिमत भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने का समय
11 विदेश पूर्वी चीन में तूफान से सात की जान गई
12 स्पोर्ट्स कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 163
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 4 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मैं पलटा नहीं हूं, पटखनी दी हैः जयंत
राष्ट्रीय-10

# मोदी ने कार्यकर्ताओं को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फाइल चित्र

**उत्तर प्रदेश** भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से युवा मतदाताओं और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर विपक्षी नेता ठंडे पड़ जाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभी पुराने चुनावी रिकॉर्ड तोड़ने के संकल्प के साथ काम करने को कहा। नमो ऐप के माध्यम से 10 लोकसभा सीटों के 22,648 बूथों पर उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं की एक डिजिटल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण चुनावों में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। उन्होंने कहा, चुनाव में जीत की आत्मा मतदान केंद्र की जीत में निहित है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें मतदान केंद्रों के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ने के संकल्प के साथ काम करना होगा।

प्रधानमंत्री ने भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने और लाभार्थियों की रील बनाने की भी सलाह दी क्योंकि इससे वोट पाने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत तौर पर भी बात की और पार्टी की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों लेकिन जब तक पोलिंग बूथ नहीं जीतते हैं तब तक चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं, इसलिए चुनाव में विजय की जो आत्मा है वह पोलिंग बूथ की विजय में है। मोदी ने कहा, इसलिए मेरा तो हमेशा आग्रह रहता है कि हमें एक ही लक्ष्य लेकर काम करना चाहिए कि हम अपना पोलिंग बूथ जीतेंगे और पुराने जितने भी रिकॉर्ड हैं उन सबको तोड़ने का संकल्प लेकर काम करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए कहा, सोशल मीडिया में भी हम छाए रहने चाहिए। हमें पोलिंग बूथ के लाभार्थियों की रील बनानी चाहिए। उन रील को हमें प्रसारित करना चाहिए। जितना ज्यादा ऐसा काम होगा हमें चुनाव जीतने भी बहुत मदद मिलेगी। मोदी ने कहा, लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। आप लोगों का यह जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती ही है लेकिन बाकी पार्टियों के नेता आपका यह जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। मुझे विश्वास है कि उप्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता हर सीट पर, हर पोलिंग बूथ पर विजय सुनिश्चित करने के लिए जी जान से जुट गए हैं। आप लोगों को सही दिशा में अपने प्रयास तेज करने हैं और हर मतदाता तक अपनी बात पहुंचानी है।

प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह सिर्फ चुनाव प्रचार पर ध्यान केंद्रित न करें, बल्कि मतदाताओं का भाजपा के पक्ष में वोट पक्का करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने कहा, हम पांच साल मेहनत करते हैं लेकिन आखिरी दिन अगर मतदाता घर से नहीं निकला तो आपकी सारी मेहनत पानी में चली जाती है, इसलिए हमारा सबसे बड़ा काम है कि मतदान के दिन हम हर मतदाता को हाथ जोड़-जोड़ कर बूथ पर लाएंगे और भाजपा के पक्ष में मतदान कराएंगे, राजग के पक्ष में मतदान कराएंगे। यही हमारी आप सबसे अपेक्षा है। प्रधानमंत्री ने बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रभारियों और कार्यकर्ताओं से कहा, आप सभी मतदाताओं के सीधे संपर्क में होते हैं। उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं तो वे आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप जो बताते हैं उन्हें लगता है कि यह मोदी बता रहा है। आप जब उनको कोई गारंटी देते हैं तो वे भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं तो इस गारंटी में ताकत है और इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं। उन्होंने कहा, आप तो क्षेत्र में रहते हैं। मतदाताओं से लगातार मिलते हैं। उठते बैठते चुनाव की चर्चा होती है। मतदाता भी आपको बहुत बारीकी से देखता है कि आपका व्यवहार कैसा है। आप कितने उत्साहित हैं, आप कितने आशावादी हैं, आप कितने आश्वस्त हैं... ये सारी बातें मतदाता बहुत बारीकी से देखता है और थोड़ा सा भी अहंकार नजर आए तो मतदाता हमसे एकदम से दूर हो जाता है, इसलिए पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं को ( शेष पेज 9 )



वायनाड में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करते राहुल गांधी।

## कांग्रेस पार्टी का घर-घर गारंटी अभियान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मतदाताओं** विशेषकर बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को लुभाने के लिए, कांग्रेस ने बुधवार को पार्टी का घर घर गारंटी अभियान शुरू किया। यह लोगों तक पहुंचने का कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य अगले कुछ हफ्तों में आठ करोड़ परिवारों के दरवाजे तक यह संदेश पहुंचाना है कि पार्टी अगर सत्ता में आती है तो वह उनके लिए क्या करेगी। गारंटियों में प्रत्येक शिक्षित युवा के लिए प्रति वर्ष एक लाख रुपये के वजीफे के साथ प्रशिक्षुता की गारंटी, हर गरीब परिवार की महिला मुखिया को हर साल एक लाख रुपये, किसानों के लिए स्वामीनाथन फार्मूले के अनुसार ऋण माफी और एमएसपी की कानूनी गारंटी, 400 न्यूनतम वेतन जो मनरेगा और जाति जनगणना भी लागू होगी। खड़गे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी का उल्लेख किया।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, आज उत्तर पूर्वी दिल्ली में कांग्रेस अपना गारंटी कार्ड बांटने के लिए आई है। हमारा संदेश साफ है कि कांग्रेस के पांच न्याय के तहत हम 25 गारंटी पूरी करेंगे। कांग्रेस के ( शेष पेज 9 )

## एप्पल उपयोगकर्ताओं के लिए केंद्र ने जारी की उच्च जोखिम की चेतावनी

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली

**केंद्र और** अमेरिका के बीच एप्पल कंपनी के उत्पादों को लेकर बुधवार को वर्चुअल (आभासी) कांफ्रेंस के बाद उस समय टकराव बढ़ गया, जब केंद्र सरकार की एजेंसी ने रिमोट कोड द्वारा संचालित एप्पल के आईफोन, मैकबुक, आईपैड और विजन प्रो हेडसेट को लेकर उच्च जोखिम की चेतावनी जारी की। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीआरटी-इन) ने भारत में एप्पल उत्पादों के उपयोगकर्ताओं के लिए उच्च गंभीरता की चेतावनी जारी की है। एजेंसी को उत्पाद में कई खामियां मिली हैं जो हैकर्स को उपयोगकर्ता के डिवाइस पर जानकारी तक पहुंचने की अनुमति दे सकती हैं। यह बड़ा विवाद उस समय खड़ा हो गया था जब हाल ही में कुछ विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें एप्पल से एक संदेश मिला है कि उपयोगकर्ताओं का आई-फोन राज्य प्रायोजित हैकरों का शिकार बन सकता है, जिसे सरकार ने खारिज कर दिया और इससे संबंधित जांच चल रही है। दिलचस्प बात यह है कि जहां केंद्र और फेसबुक, ट्विटर (अब एक्स), यूट्यूब ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आगामी चुनावों के आधार पर गिरफ्तारी से छूट का दावा नहीं कर सकते, क्योंकि कानून उनके और एक आम आदमी के लिए समान रूप से लागू होता है। इक्कीस मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार और फिलहाल न्यायिक हिरासत मे तिहाड़ जेल मे बंद आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के समयै को लेकर सवाल उठाया और कहा कियह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव एवं समान अवसर मुहैया कराए जाने सहित संविधान की बुनियादी संरचना का उल्लंघन है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दावा किया कि एजेंसी फिक्स्ड मैच खेलने की कोशिश कर रही है और मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी सरकारी गवाह बन चुके सह आरोपी के अपुष्ट बयानो पर आधारित है। केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने दोनो पक्षो- आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल और ईडी की ओर से पेश दलीलें सुनने के बाद कहा, मै फैसला सुरक्षित रख रही हूं।

### मिजोरम में तूफान से 2,500 से अधिक घरों, विद्यालयों और सरकारी भवनों को क्षति

**आइजोल।** मिजोरम मे तीन दिन पहले आए तूफान के कारण 2500 से अधिक घरों, विद्यालयों और सरकारी इमारतों को नुकसान पहुंचा है जबकि एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिजोरम मे रविवार को आए शक्तिशाली तूफान के बाद राज्य के कई हिस्सो में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को तेज हवाओं के कारण एक पेड़ उखड़ कर 45 वर्षीय एक महिला पर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन और पुनर्वास विभाग के अधिकारियों के अनुसार तूफान और ओलावृष्टि से पांच जिलो मे 15 चर्च, 17 विद्यालय, चम्फाई और सैतुअल जिलों में 11 राहत शिविर (जिनमे म्यांमा के शरणार्थी और मणिपुर के विस्थापित लोग रह रहे थे), कोलासिब और सेरछिप जिलों में 11 आंगनवाड़ी केंद्र और 2500 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि उत्तरी मिजोरम का कोलासिब जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां 800 से अधिक मकान, सात स्कूल, छह चर्च, आठ आंगनवाड़ी केंद्र और 11 स्टाफ क्वार्टर क्षतिग्रस्त हुए हैं। आइजोल जिला में 632 मकान क्षतिग्रस्त हुए है।

## लोकसभा चुनाव के दौरान सीमाओं पर रखें कड़ी निगरानीः चुनाव आयोग




राजेश कुमार। नई दिल्ली

**चुनाव आयोग** (ईसी) ने एक पखवाड़े के भीतर होने वाले लोकसभा चुनावों के पहले चरण को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए बुधवार को राज्य अधिकारियों, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), असम राइफल्स (एआर), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) तट रक्षक और इंटेलिजेंस ब्यूरो की खुफिया विंग और बाहरी खुफिया एजेंसियों को भारत-चीन, भारत-नेपाल, भारत-पाकिस्तान जैसी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर समन्वय के साथ कड़ी निगरानी शुरू करने का निर्देश दिया।

आयोग ने केंद्रीय एजेंसियों को निगरानी रखने का निर्देश दिया है, जिसके तहत असम राइफल्स द्वारा भारत-म्यांमार सीमा पर, एसएसबी द्वारा भारत नेपाल सीमा विशेष रूप से नेपाल के साथ सीमा वाले क्षेत्रों में, बीएसएफ द्वारा भारत-बांग्लादेश सीमा और पश्चिमी सीमाएं, भारत-चीन सीमा पर आईटीबीपी द्वारा और तटीय क्षेत्र वाले राज्यों में भारतीय तटरक्षक बल द्वारा कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। ये निर्देश मौजूदा लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए कानून और व्यवस्था की स्थिति, अवैध गतिविधियों, जब्ती की रोकथाम और अंतर-राज्य और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी की समीक्षा और आकलन करने के लिए सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चुनाव आयोग की बैठक के बाद आए।

भारत की सीमाएं पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और चीन से लगती हैं। नेपाल पांच भारतीय राज्यों-सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1850 किमी से अधिक की सीमा साझा करता है। म्यांमार सीमा 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करती है और उत्तर में चीन के साथ यात्रा बिंदु से लेकर दक्षिण में बांग्लादेश के साथ यात्रा बिंदु तक चलती है। बांग्लादेश 4,096 किलोमीटर लंबी (2,545 मील) अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है, जो दुनिया की पांचवीं सबसे लंबी भूमि सीमा है। भारत और चीन 3,800 किमी (2,400 मील) की सीमा साझा करते हैं - इसका अधिकांश हिस्सों का सीमांकन बेहतर तरीके से नहीं किया गया है, जिस पर उन्होंने 1962 में एक खूनी युद्ध भी लड़ा था जबकि पाकिस्तान 3,323 किलोमीटर साझा करता है।

चुनाव आयोग ने कहा कि मणिपुर में हाल की हिंसा और उथल-पुथल और शांतिपूर्ण चुनाव के संचालन पर इसके प्रभावों पर भी चर्चा की गई और विस्थापित व्यक्तियों की सहायता करने और चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया गया।

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, संयुक्त समीक्षा का उद्देश्य सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों/केंद्र ( शेष पेज 9 )

## 25 सालों में सबसे शक्तिशाली भूकंप से थर्राया ताइवान

ताइवान में बुधवार सुबह गत 25 साल के सबसे जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे इमारतें तथा राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए तथा नौ लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप से लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि इस घड़ी में भारत वहां की जनता के साथ एकजुटता से खड़ा है।



## भाजपा के मजाकिया कार्टून से यूपी में तेज हुई चुनावी बहस

बिस्वजीत बनर्जी। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश में** चुनावी घमासान तेज होता जा रहा है। राजनीतिक विरोधी एकदूसरे पर निशाना साधने के लिए अपरंपरागत तरीकों का सहारा ले रहे हैं। इस कड़ी में सोशल मीडिया जंग के एक नए मैदान के रूप में उभर रहा है। हाल के एक घटनाक्रम में उत्तर प्रदेश भाजपा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए कैरिकेचर के माध्यम से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेतृत्व पर व्यंग्यात्मक हमला किया। कार्टूनों में से एक में गांधी भाई-बहनों को इस कैप्शन के साथ चित्रित किया गया है, 'आ अब भाग चले', साथ में रायबरेली और अमेठी का नाम भी दिया गया है।



कार्टून में दिखाया गया है कि बहन-भाई की जोड़ी ट्रॉली बैग लेकर अमेठी और रायबरेली से दूर जा रही है।

इस पर मिश्रित प्रतिक्रिया हुई क्योंकि कुछ नेटिज़न्स ने इस कार्टून की सराहना की जबकि कुछ ने इसकी आलोचना की। कुछ ने कहा, 'वे इटली के दौरे पर जा रहे हैं' जबकि एक ने कार्टून पर सवाल उठाया और लिखा-'शराफत भी घोल के पी गए।' ये निर्वाचन क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से गांधी परिवार के गढ़ रहे हैं। इस कदम से सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की झड़ी लग गई, जिसमें भाजपा की रणनीति के समर्थन और उसके दृष्टिकोण की आलोचना के बीच राय विभाजित हो गई। अमेठी से राहुल गांधी की उम्मीदवारी और रायबरेली से प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी के बारे में अटकलों के बीच, इन कार्टूनों का समय उल्लेखनीय है खासकर जबकि सोनिया गांधी ने राज्यसभा सीट के पक्ष में चुनावी मैदान से बाहर कर दिया है। कांग्रेस ने अभी तक इन प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अमेठी और रायबरेली में मतदाताओं के बीच ( शेष पेज 9 )

## वोट फ्रॉम होम योजना से बुजुर्गों और दिव्यांगों को मिलेगी राहत

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

चुनाव आयोग की वोट फ्राम होम योजना शुरू करने की पहल, विशेष रूप से 85 वर्ष और उससे अधिक उम्र के नागरिकों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोगों को लक्षित करते हुए, पात्र मतदाताओं के बीच विविध प्रकार की राय और अनुभवों को जन्म दिया है। 60 वर्षीय पूरी तरह से दृष्टिबाधित व्यक्ति और समावेशी शिक्षा की वकालत करने के लिए समर्पित संगठन सिल्वर लाइनिंग्स की सीईओ प्रीति मोंगा का मामला लें, जो समावेशन के कार्य के रूप में मतदान केंद्र पर शारीरिक रूप से जाने के आंतरिक मूल्य को स्वीकार करती हैं। मोंगा ने कहा, जहां तक मेरा सवाल है, मैं बूथ पर जाकर वोट करना पसंद करूंगा। क्योंकि, इसे ही समावेशन कहते हैं। मैं यथासंभव मुख्यधारा समाज का हिस्सा बनना चाहता हूं। हालाँकि, दिव्यांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) को मतदान केंद्र तक पहुंचने में कठिनाई किसी भी कारण से हो सकती है, इसलिए मुझे लगता है कि डाक मतपत्र अद्भुत हैं। इससे पता चलता है कि उन्हें बहुत महत्वपूर्ण गतिविधियों से बाहर नहीं रखा गया है। यह अद्भुत होगा।

मोंगा के लिए, शारीरिक सीमाओं की परवाह किए बिना, पूरी गरिमा के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, जैसा कि आईएमडी ने अनुमान लगाया है, भीषण गर्मी के कारण कई दिव्यांग और बुजुर्ग लोग मतदान केंद्रों पर नहीं जा पाएंगे। हालाँकि, उन्होंने उन लोगों के बीच इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए चुनाव आयोग की सराहना की जिनके लिए यह योजना बनाई गई है। सेरेब्रल पाल्सी से



पीड़ित 47 वर्षीय सैमुअल मणि ने वोट फ्रॉम होम विकल्प के प्रति अपना उत्साह साझा किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें इस संवाददाता के माध्यम से ही पता चला। वह टूटे हुए शब्दों में कहते हैं, इसका मतलब है कि मेरी बूढ़ी माँ जो बिस्तर पर पड़ी है, वह भी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग ले सकती है। मतदान प्रक्रिया को सीधे उनके दरवाजे पर लाकर, यह योजना सुनिश्चित करती है कि दिव्यांगता के कारण अपने घरों तक सीमित लोग भी देश के भविष्य को आकार देने में योगदान दे सकते हैं।

हालाँकि, जहाँ तक उनका सवाल है, वह अपने बूढ़े पिता (83) और अपनी पत्नी मीनू मणि के साथ डी-डे पर मौके पर रहना पसंद करेंगे। एक गैर सरकारी संगठन यस, वी कैन के संस्थापक, दंपति की न्यूरोलॉजिकल स्थितियाँ एक जैसी हैं और वे चलने-फिरने के लिए व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। मुंबई में रहने वाले 87 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश सिंह भी वोट फ्रॉम होम योजना को लेकर उतने ही उत्साहित थे। उन्होंने उम्र से संबंधित स्वास्थ्य चुनौतियों का हवाला दिया, जिसके कारण मतदान केंद्रों का दौरा करना एक कठिन काम बन जाता है। उन्होंने कहा, सिंह जैसे व्यक्तियों के लिए, घर बैठे वोट डालने के विकल्प से मिलने वाली सुविधा और पहुंच एक महत्वपूर्ण राहत का प्रतिनिधित्व करती है, जिससे मतदान के लिए बाहरी सहायता पर निर्भर रहने की जरूरत खत्म हो जाती है, ऐसा क्षेत्र के कई लोगों ने कहा। ( शेष पेज 9 )

# राजनैतिक दलों व प्रत्याशियों के भड़काऊ व भ्रामक विज्ञापनों पर रोक

## विज्ञापनों को एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराया जाना आवश्यक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी राजनैतिक दल या उम्मीदवार, किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य व जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराया जाना आवश्यक है। इसके लिए आवेदक को विज्ञापन के प्रकाशन के प्रस्तावित तिथि से न्यूनतम 2 दिन पूर्व एमसीएमसी समिति के समक्ष आवेदन करते हुए विज्ञापन प्रमाणित कराया जाना अनिवार्य होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने संविधान के अनुच्छेद-324 में निहित प्राविधानों और इस संदर्भ में प्राप्त अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देशित किया है कि कोई भी राजनैतिक दल, उम्मीदवार, कोई अन्य संस्थान, व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन या मतदान से एक दिन पहले एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराये बगैर प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करवाया जायेगा। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि भड़काऊ, गुमराह करने वाले, घृणास्पद विज्ञापनों के कारण न तो कोई प्रतिकूल घटना घटित हो और न ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हो। क्योंकि ऐसे विज्ञापन निर्वाचन की अंतिम तिथि में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित कर देते है, ऐसी स्थिति में प्रभावित दलों या उम्मीदवारों को स्पष्टीकरण देने या खण्डन करने का भी अवसर नहीं मिलता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन के प्रथम चरण से लेकर सप्तम चरण के मतदान दिवस और मतदान दिवस से एक दिन पहले की प्रतिबंधित दिवसों की समय सारिणी निर्धारित कर दी है। निर्वाचन के प्रथम चरण का मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 18 एवं 19 अप्रैल है। द्वितीय चरण का मतदान दिवस 26 अप्रैल, 2024 को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 25 एवं 26 अप्रैल है। तृतीय चरण का मतदान दिवस 7 मई, 2024 को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 6 एवं 7 मई है। चतुर्थ चरण का मतदान दिवस 13 मई, 2024 को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 12 एवं 13 मई है। पांचवे चरण का मतदान दिवस 20 मई, 2024 को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 19 एवं 20 मई है। छठवें चरण का मतदान दिवस 25 मई, 2024 को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 24 एवं 25 मई है। सातवें चरण का मतदान दिवस 01 जून, 2024 को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 31 मई और 01 जून, 2024 निर्धारित है।

### 106.46 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नकदी की गयी जब्त

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 02 अप्रैल, 2024 तक कुल 106.45 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, इसमें 1,896 लाख रुपये से अधिक नकद धनराशि, 3689.18 लाख रुपये कीमत की 777703.30 लीटर शराब, 4168.82 लाख रुपये कीमत की 6849530.13 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 0.43 लाख रुपये के मुफ्त उपहार एवं 112.96 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 02 अप्रैल, 2024 को कुल 193.18 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 28.94 लाख रुपये नकद धनराशि, 111.57 लाख रुपये कीमत की 32275.42 लीटर शराब, 52.18 लाख रुपये कीमत की 1135920.09 ग्राम ड्रग एवं 0.49 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। 02 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद गौतमबुद्ध नगर की जेवर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.32 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1101300 ग्राम ड्रग तथा जनपद मथुरा की मांट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 70.13 लाख रुपये कीमत की 16399 लीटर शराब पकड़ी गयी।

### 1521 मामलों में कार्यवाही के साथ 29 एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 61,88,454 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 37,49,479 तथा निजी स्थानों से 24,38,975 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 4,04,687, पोस्टर के 17,52,809, बैनर के 10,78,726 एवं अन्य 5,13,257 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 3,14,873, पोस्टर के 11,15,099, बैनर के 6,14,581 एवं अन्य 3,94,422 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 810 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,521 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 29 एफआईआर दर्ज, 02 एनसीआर सहित कुल 31 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## मतदान कार्मिक डाक मतपत्र एवं 'निर्वाचन ड्यूटी सर्टिफिकेट' के माध्यम से कर सकेंगे मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान दिवस को जो शासकीय कर्मचारी/अधिकारी निर्वाचन ड्यूटी पर रहेंगे उनको भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गयी है। इसके लिए सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी के द्वारा फार्म-12 भरकर मतदान दिवस के 7 दिवस पूर्व रिटर्निंग आफिसर को विधिवत् पूर्ण करके निर्वाचन ड्यूटी आदेश एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र की प्रति के साथ प्राप्त कराया जाएगा। जांचोपरान्त रिटर्निंग आफिसर द्वारा वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर पर निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारी/अधिकारी के द्वारा पोस्टल बैलेट से द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मतदान कराया जाएगा। इस हेतु एक सहायक रिटर्निंग आफिसर प्रभारी तैनात होगा।

उन्होंने कहा कि जो सरकारी कर्मचारी/अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र (जहां के वे मतदाता हैं) में ही निर्वाचन ड्यूटी पर हैं वे वहां निर्वाचन ड्यूटी सार्टिफिकेट के माध्यम से तथा जो कर्मचारी/अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र (जहां के मतदाता हैं) के अतिरिक्त निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी पर हैं वे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात ऐसे कार्मिकों जो अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जहां पर वे पंजीकृत हैं में निर्वाचन ड्यूटी पर होने की दशा में मतदान दिवस के 04 दिन पूर्व या रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रारूप-12ए में रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन उपलब्ध करायेंगें। ऐसे कार्मिकों को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रारूप-12बी में निर्वाचन ड्यूटी सार्टिफिकेट जारी किया जायेगा। जिसका प्रयोग कर निर्वाचन डयूटी में तैनात कार्मिक मतदान के दिन अपने तैनाती वाले मतदेय स्थल पर मतदान कर सकेगा। निर्वाचन ड्यूटी सार्टिफिकेट जारी होने के उपरान्त ऐसे कार्मिक अपने मतदाता के रूप में पंजीकृत पोलिंग स्टेशन पर मतदान नहीं कर सकेंगे। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात पुलिस कार्मिकों, होमगार्ड सहित पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के पुलिस कार्मिकों का डिप्लॉयमेंट प्लान तैयार किया जायेगा, जो पुलिस कार्मिक उसी निर्वाचन क्षेत्र में तैनात है, उन्हें निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के माध्यम से और जो पुलिस कार्मिक अपने पंजीकरण वाले निर्वाचन क्षेत्र से बाहर तैनात है उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जायेगी। पुलिस अधीक्षक या नोडल आफिसर द्वारा निर्वाचन डयूटी में तैनात पुलिस कार्मिकों को निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के लिए फार्म-12ए एवं पोस्टल बैलेट के लिए फार्म-12 उपलब्ध कराया जायेगा। इसी प्रकार ड्राइवर, कन्डक्टर, क्लीनर और चुनाव संबंधी विशिष्ट कार्यो के लिए ड्यूटी पर तैनात अन्य व्यक्तियों के मामले में भी एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जायेगा। नोडल अधिकारी ऐसे मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के लिए फार्म-12 एवं निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के लिए फार्म-12ए उपलब्ध कराया जायेगा। केवल अर्ह मतदाताओं को ही निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र जारी हो इसके लिए फार्म 12ए के साथ ड्यूटी आर्डर तथा मतदाता फोटो पहचान पत्र की फोटो कापी भी जमा की जाती है। फार्म 12ए में आवेदन प्रथम प्रशिक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार एकत्रित किये जायेंगे, जिसे संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को भेजा जायेगा। निर्वाचन डयूटी में तैनात कार्मिकों से ठीक प्रकार से हस्ताक्षरित प्रारूप 12ए में आवेदन के सन्दर्भ में रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र तैयार किया जायेगा, जिसे द्वितीय प्रशिक्षण दिवस को संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जायेगा। ऐसे मतदान कार्मिक जो रिजर्व के रूप में रखे गये है यदि मतदान के दिन किसी पोलिंग स्टेशन पर तैनात हैं तो वे ऐसे पोलिंग स्टेशन पर निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र का उपयोग कर मत डाल सकते है। अन्य रिजर्व कार्मिक जो किसी पोलिंग स्टेशन पर तैनात नहीं है वे अपनी उपस्थिति के स्थान (अर्थात जहाँ रिजर्व कार्मिकों को रखा गया है) के किसी भी नजदीकी पोलिंग स्टेशन पर मत डाल सकते हैं। सभी पोलिंग स्टेशन पर पीठासीन अधिकारी द्वारा पोलिंग एजेंट को यह जानकारी दी जायेगी कि मतदान कार्मिकों को निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के माध्यम से मत डालने हेतु सुविधा उपलब्ध करायी गयी हैं। निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र सुविधा का उपयोग करने वाले मतदान कार्मिकों को उस समय मत डालना चाहिए, जब पोलिंग एजेंट पोलिंग स्टेशन पर उपस्थित हों। रिजर्व मतदान कार्मिकों को शुरू में ही मतदान किया जाना अपेक्षित है, क्योंकि बाद में उनकी तैनाती आवश्यकतानुसार किसी भी पोलिंग स्टेशन पर की जा सकती है। ऐसे कार्मिकों के निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण-पत्र सम्बन्धी सम्पूर्ण गतिविधियों के समन्वय हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

# अब जेल जाने में भी डर रहे अपराधी: योगी

## फतेहपुर सीकरी में मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में जनचौपाल को किया संबोधित

● बोले, इंडी गठबंधन के लोग दल मिलाना चाहते पर उनके दिल नहीं मिल रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/आगरा/फतेहपुर सीकरी



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बुधवार को फतेहपुर सीकरी में अपनी रौ में थे। एक तरफ उन्होंने उत्तर प्रदेश के अपराधियों पर प्रहार किया तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन को भी खूब लताड़ा। सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र कर लोगों से ही 'फिर एक बार मोदी सरकार' की हामी भरवाई तो विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के समर्थन में विशाल जनचौपाल को संबोधित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। सामान्य नागरिकों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन सरकार ने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर चलेंगे। तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो। ज्यादातर अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल में चले गए। अब तो कह रहे हैं कि हमें जेल भी न भेजें। अब वहां भी जाने से डर रहे हैं। आप देख रहे होंगे, ज्यादातर अपराधी गली में तख्ती लगाकर घूम रहे हैं कि जिंदगी भर ठेला लगाकर पेट पाल लूंगा पर अब कुछ गलत काम नहीं करुंगा। बस एक बार जान बख्श दो।

कानून का डर माफिया व अपराधियों पर न हो तो यह गरीबों, व्यापारियों व सामान्य नागरिकों का जीना मुहाल कर देंगे। यूपी में हर दूसरे दिन दंगा होता था। कांग्रेस व सपा की दंगा-कर्फ्यू पॉलिसी को जिस प्रदेश ने झेला है, वहां अब दंगा-कर्फ्यू नहीं चलेगा। यह प्रदेश अब उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा, बल्कि परंपरागत उत्सव के साथ जुड़ेगा। उत्सव प्रदेश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है।

# इंडी गठबंधन के दलों को ढूंढ़ने से भी नहीं मिल रहे प्रत्याशी

● आगरा में केंद्रीय मंत्री व बीजेपी प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल के लिए सीएम ने किया प्रचार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/आगरा



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के परिणाम स्पष्ट हैं और किसी को भी भाजपा की जीत को लेकर कोई संदेह नहीं है। हमारी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा का चुनाव बहुत स्पष्ट है। ये पहले ही दो ध्रुवों में विभाजित हो चुका है। इस बार फैमिली बनाम नेशन फर्स्ट, तुष्टीकरण बनाम राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच मुकाबला है। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की हालत खराब है, उन्हें ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। सीएम योगी बुधवार को सूरसदन में प्रबुद्धजनों को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी, वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के समर्थन में प्रचार किया। सीएम ने कहा कि 18वीं लोकसभा का चुनाव पहला ऐसा चुनाव है जिसके परिणाम के बारे में उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम कहीं किसी को कोई संदेह नहीं है। हर तरफ से एक ही आवाज आ रही है। उन्होंने कहा कि आगरा में जीत सुनिश्चित है, मगर इस जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना है। उन्होंने प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे सभी प्रधानमंत्री मोदी के प्रतिनिधि बनकर घर घर जाएं और जनता को एक एक वोट की ताकत समझाएं। उन्होंने कहा कि देश के सम्मान, सुरक्षा और युवा, किसान, महिला, व्यापारी और समाज के प्रत्येक तबके के लिए जो कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में हुए हैं। उन कार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए जनता तीसरा कार्यकाल पीएम मोदी को देने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय क्या गांव, क्या शहर, क्या उत्तर, क्या दक्षिण, क्या पूरब और क्या पश्चिम हर तरफ से एक ही आवाज आ रही है। जो आवाज आप सभी आगरा में सुन रहे हैं वही आवाज पूरे देश में गूंज रही है। दलों को प्रत्याशी नहीं मिल पा रहे हैं। यह स्थिति केवल आगरा की नहीं बल्कि पूरे यूपी और पूरे देश की है। उन्होंने कहा कि हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है। हम न केवल बदलते हुए भारत को देख रहे हैं बल्कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते देख रहे हैं। सीएम योगी ने बताया कि आज एक भारतीय दुनिया में कहीं भी जाकर सीना चौड़ा करके बताता है कि वह भारत से आया है तो लोग उससे पूछते हैं कि क्या आप मोदी के भारत से आए हैं।


पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपने छोटे पुत्र सुभ्रान्त सिंह को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, मेरे छोटे पुत्र सुभ्रान्त के कृत्यों की जिम्मेदारी उसकी स्वयॅ की होगी, मेरा उससे अब कोई सरोकार नहीं है। जितेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व0 पदम सिंह निवासी ग्राम गैजूमऊ पोस्ट व थाना रूरा, तहसील अकबरपुर, कानपुर देहात।

### सूचना

मैने अपना नाम JAMIL AHMAD ANSARI से बदलकर JAMIL AHMAD कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। JAMIL AHMAD S/o Habib Ullah 344,Atala, Prayagraj, UP

### सूचना

मैने अपना नाम WAHID JAMIL से बदलकर WAHID JAMIL ANSARI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। WAHID JAMIL ANSARI S/o Jamil Ahmad 344, Atala, Prayagraj, UP

### आवश्यकता है

गीता लॉ कॉलेज, लोनापुर, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ को प्राचार्य-01 और सहायक अध्यापक की आवश्यकता है विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में-08 एवं विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में 06 विषय-01-अंग्रेजी, 01-इतिहास, 01-अर्थशास्त्र, 01-समाजशास्त्र, 01-राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान मे। योग्यता नेट यू0जी0सी0, बी0सी0आई0 और लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
मोबाइल नंबर-9721085085
मेल आईडी-geetalawcollegelko@gmail.com


# मौसम की चुनौतियों के बीच भी बनाना है जीत का रिकॉर्ड: मुख्यमंत्री

● सीएम ने वाराणसी में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां रोहनिया स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रिकॉर्ड जीत के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया। मुख्यमंत्री का पूरा जोर बूथ मजबूती पर था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीतने के साथ ही मतों के अंतर का भी रिकॉर्ड बनाना है। पीएम मोदी जी को इतने मतों से विजयश्री दिलाएं कि पूरा देश काशी की जनता पर गर्व करे। उन्होंने कहा कि पहली जून को अंतिम चरण में वाराणसी में मतदान होगा। इस दौरान प्रचंड गर्मी होगी। गर्मी में बूथ प्रबंधन व जनसम्पर्क चुनौती भरा होगा। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए बूथ प्रबंधन जितना ज्यादा शक्तिशाली-मजबूत होगा और जितना हमने जनसंपर्क किया होगा। ये आदरणीय प्रधानमंत्री के प्रति मतप्रतिशत को बढ़ाने और उनके द्वारा देश, प्रदेश व काशी के लिए किए गए लोक कार्य के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक अवसर होगा।

सीएम योगी ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री को विजय मिलेगी, इसमें किसी को संदेह नहीं है। मत प्रतिशत बढ़ेगा, इसमें भी संदेह नहीं है, लेकिन अति आत्मविश्वास सदैव घातक होता है। अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ पर एक साथ इकठ्ठा होकर बैठें और रणनीति तय करें कि इस बूथ क्षेत्र में कितने घर हैं। उनसे संपर्क करें। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन से साझा करें। हमारी सुविधा के लिए जरूरी है कि जिन विकास कार्यों को हम बोल रहे हैं, उसे जनता बोलने लगे तो हमारा कार्य आसान हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को मंत्र देते हुए कहा कि हर बूथ पर 800 से लेकर 1000 मतदाता होते हैं। इस आधार पर 200 से 250 परिवार निवास करता होगा। इन परिवारों पर जरा सा ध्यान देंगे तो हमारा काम आसान हो जाएगा। जनसंपर्क करने की बात आएगी तो बूथ की टोली तीन से चार दिन में हर परिवार से संपर्क कर सकती है। यह रणनीति आपके कार्य को आसान बना सकती है। एक पन्ना प्रमुख के पास मुश्किल से पांच से छह परिवार आएगा। इतने ही परिवार से संपर्क करना होगा। घर जाकर सबसे बात कर लीजिए। किसी के घर उठना-बैठना कर लें तो सभी परिवार जुड़ जाएंगे। इससे कार्य सरल हो जाएगा। पूरा चुनाव बूथ पर केंद्रित होना है। बूथ कार्य को आसान बनाने के लिए हम सबने व्यवस्था बनाई है पन्ना प्रमुख की। इसके माध्यम से कार्य को सरल बना देना है। संपर्क व संवाद हमारी ताकत है। इस पर फोकस करना है। एक पन्ना प्रमुख के साथ तीन की टोली होगी। अनुसांगिक इकाइयों के लोग भी जुड़ेंगे। 6-7 लोगों की टीम परिवारों से संपर्क करें। इससे विचारों के प्रभाव से परिवर्तन दिखेगा। 80 वर्ष के बुजुर्गों की सूची बनाकर उनका मत दिलाना है। सरकारी कर्मचारी से संपर्क करें। मोर्चा प्रकोष्ठ को अपने साथ जोड़ना है। माइक्रो लेबल पर आपकी भूमिका होगी। जाति-धर्म के आधार पर भी टोली बनाकर अपनों के भी जाना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवापुरी विधानसभा के लोगों को भी सहेजा। बोले कि सेवापुरी में विशेष जोर देना होगा क्योंकि वहां के विधायक अस्वस्थ हैं। मतदाता सूची में नाम बढ़ाने व घटाने का कार्य अब भी हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर तबके के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने योजना बनाई है। देश का सम्मान बढ़ा है। हमारी जिम्मेदारी बन रही है कि पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करें।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mohammad Rashid S/o Siraj Ahmad R/o 11/26 SA House Flat No.509 Souter Ganj Kanpur Nagar Gwaltoli Uttar Pradesh-208001 have changed my minor daughter's name Aamina to Aamina on Mohammad Rashid aged-16-Years.

PD(342)A



सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति (यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए.की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्ज खाता क्र.HHLMER00127669<br>1. हिमांशु अग्रवाल<br>2. शिल्पी अग्रवाल | युनिट नं. C1 -704, टॉवर/ब्लॉक -सी1, सातवीं मंजिल मेरठ स्पोर्टस सिटी, मेरठ -250001, उत्तर प्रदेश | 31.12.2022 | रू.10,29,778.23 (रूपये दस लाख उनतीस हजार सात सौ अठहत्तर और तेईस पैसे मात्र) 07.03.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला (ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पानेवाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले (लो) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले (लो) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप प्रत्येक उधार लेनेवालो को अधिनियम की धारा 13(2)के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।
उपर्युक्त को द्रष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवन करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अधतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्को सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने/उनके पूर्ण दायित्वोका निर्वहन करे, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप -धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार,'' कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधी के अंदर सुरक्षित आस्ति को मोचन करनें में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपति का मोचन करने के लिए पात्र नही हो सकता ''
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13 (2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करनेसे प्रतिबंधित है।

स्थान: मेरठ

प्राधिकृत अधिकारी
एसेट्स केअर एन्ड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइस लिमिटेड
एसीआरई-102 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता अनुसार कार्यरत



सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति (यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए.की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्ज खाता क्र.HHLVAS00285862<br>1. सैयद समरोज़ हसन (पीओए सैयद मुजाहिद हुसैन उर्फ सैयद मुजाहिद हुसैन काज़मी द्वारा)<br>2. सैयद मुजाहिद हुसैन काज़मी | युनिट नं. 1503, टॉवर -टी1, पंद्रहवीं मंजिल, सुपरटेक अज़ालिया, सेक्टर -68, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, गुडगाँव-122001, हरियाणा | 31.12.2022 | रू.38,54,797.24 (रूपये अडतीस लाख चौवन हजार सात सौ सत्तानवे और चौबीस पैसे मात्र) 11.03.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला (ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पानेवाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले (लो) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले (लो) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप प्रत्येक उधार लेनेवालो को अधिनियम की धारा 13(2)के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।
उपर्युक्त को द्रष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवन करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अधतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्को सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने/उनके पूर्ण दायित्वोका निर्वहन करे, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप -धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार,'' कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधी के अंदर सुरक्षित आस्ति को मोचन करनें में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपति का मोचन करने के लिए पात्र नही हो सकता ''
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13 (2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करनेसे प्रतिबंधित है।

स्थान: गुरुग्राम/लखनऊ

प्राधिकृत अधिकारी
एसेट्स केअर एन्ड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइस लिमिटेड
एसीआरई-102 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता अनुसार कार्यरत

# यूपी में राहुल-अखिलेश की जोड़ी काम करने वाली नहीं: केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को बुलन्दशहर में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार भोला सिंह के नामांकन में प्रतिभाग किया। उसके बाद शहर के राजेबाबू पार्क में हुई नामांकन सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जोड़ी यूपी में काम करने वाली नहीं है। साल 2017 में हम इन दोनों लड़कों की जोड़ी देख चुके हैं। जो तब भी फेल हुए थे और अब भी फेल होंगे।

उन्होंने कहा कि भोला सिंह ने बीजेपी गठबंधन से नामांकन दाखिल किया है और बुलन्दशहर में इंडी गठबंधन की जमानत ज़ब्त करा देंगे क्योंकि इनके पास जनता का साथ और समर्थन दोनों है। सपा समाप्तवादी पार्टी बन गई है, कांग्रेस को उम्मीदवार भी उतारे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेता ज़मीन पर कहीं दिख नहीं रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता हर परिस्थिति में जनता के बीच खड़े रहे हैं। पीएम मोदी पर जनता फ़िदा है और फिर उन्हें जन आशीर्वाद मिलने वाला है। कहा कि, चारों ओर कमल खिल रहा है।

उन्होंने कहा बीजेपी और उसका गठबंधन सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगा। यूपी और पूरे देश में 400 से ज्यादा सीट जीतेंगे। समाजवादी पार्टी को लोगों ने नकार दिया है। 2014 के बाद से यूपी में विपक्ष बेरोजगार है और यह बेरोज़गारी 2047 तक जारी रहने वाली है। यूपी में भाजपा 80 की 80 सीटें जीतने वाली है। उन्होंने कहा 2014 में हमने '272-प्लस' का नारा दिया, भाजपा ने अकेले 283 सीटें जीतीं। 2019 में हमने 'अबकी बार 300 पार' का नारा दिया और बीजेपी ने अकेले 303 सीटें जीतीं। अब आपको इस बात पर यकीन नहीं होगा, लेकिन 4 जून को आप देखेंगे कि बीजेपी 370 से ज्यादा सीटें जीतेगी। और एनडीए 400 से अधिक सीटें जीतेगा। इस अवसर पर भाजपा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर और संदीप सिंह के साथ विधायक अनिल शर्मा, संजय शर्मा, देवेंद्र लोधी, प्रदीप चौधरी, लक्ष्मीराज सिंह और ज़िलाध्यक्ष विकास चौहान समेत अन्य नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।




अवध महोत्सव के तहत लविवि से नदवा तक हुई इक्का-तांगा दौड़

# सपा को अपने घोषित प्रत्याशियों पर भरोसा नहीं: भूपेन्द्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बुधवार को बागपत के बड़ौत में पहुंचे। जहां उन्होंने एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ हवन यज्ञ में आहुति देकर किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत राज्यमंत्री केपी मलिक, बीजेपी विधायक योगेश धामा, रालोद विधायक डॉ. अजय तोमर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि यूपी में न तो विपक्षी इंडी गठबंधन के पास नेता बचे हैं, न नीति है और न पारदर्शी तरीक़े से काम करने की नीयत है। सपा मुखिया को अपने घोषित प्रत्याशियों पर भी भरोसा नहीं है। दो-दो तीन-तीन बार उम्मीदवार बदल रहे हैं। कांग्रेस के पास अपनी परंपरागत कही जाने वाली सीट पर तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब तो चाचा भी लड़ने से इनकार कर चुके हैं। फिर भी बदायूँ में परिवार ही बरकरार रहेगा। कार्यकर्ता तो जवानी क़ुर्बान करने के लिए ही बना है। उसके लिए इनके



पास केवल और केवल ठेंगा ही है। एक तरफ़ अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डवलपमेंट अथारिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। चौधरी ने कहा की पूरा कार्यालय हमारी गतिविधियों का राजनीतिक दृष्टि से केंद्र है और हमने राष्ट्रीय लोकदल व भाजपा के सब कार्यकर्ताओं को मिलाकर चुनाव तक 26 तारीख तक हमें क्या-क्या काम करने हैं हम लोगों ने उसकी पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में हुए 10 साल के काम का लेखा लेकर राष्ट्रीय लोकदल व भाजपा का गठबंधन एनडीए के सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाएँगे और प्रधानमंत्री का जो संकल्प है अबकी बार 400 पार उसे पूरा करेंगे। बागपत लोकसभा में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होना है, जिसको लेकर भाजपा और आरएलडी कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं।

# बसपा ने जारी की तीसरी सूची 12 उम्मीदवार मैदान में

## ● अब तक 36 में से 9 सीटों पर पार्टी उतार चुकी है मुस्लिम प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव के पहले चरण के बीच बुधवार को बसपा प्रमुख मायावती ने तीसरे सूची को जारी करते हुए 12 और प्रत्याशी उतार दिये हैं। पार्टी ने मथुरा से टिकट बदल दिया है। इससे पूर्व में जारी दो सूची में कुल 7 मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में थे। लेकिन तीसरी सूची के बाने के बाद नौ प्रत्याशी मैदान में हैं।

इससे पहले बसपा 25 प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। इस तरह बसपा यूपी की 80 में से अब तक 36 नामों का ऐलान कर चुकी है। बुधवार को जिन लोगों के नामों का ऐलान किया उनमें गाजियाबाद से नन्दकिशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेन्द्र कुमार उर्फ बन्टी उपाध्याय, मथुरा से सुरेश सिंह को उतारा गया है। यहां कमलकांत उपमन्यु को पहले टिकट दिया गया था। इसी तरह मैनपुरी से डा. गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकी, उन्नाव से अशोक कुमार पाण्डेय,



मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को उतारा गया है। राजधानी लखनऊ और कन्नौज में मुस्लिम प्रत्याशी दिए गए हैं। लखनऊ से सरवर मलिक और कन्नौज से इमरान बिन जफर को टिकट दिया है। कौशाम्बी से शुभ नारायण, लालगंज से डा. इन्दू चौधरी और मिर्जापुर से मनीष त्रिपाठी को उतारा गया है। बता दें कि बसपा की पहली सूची में 16 नामों का ऐलान किया गया था। इसमें सात मुस्लिम चेहरे थे। दूसरी सूची में कोई मुस्लिम नहीं था। आज तीसरी सूची में दो मुस्लिम प्रत्याशियों पर दांव लगाया गया है। लखनऊ से सरवर मलिक और कन्नौज से इमरान बिन जफर को उतारा गया है। इसके अलावा रामपुर से जीशान खां, सहारनपुर से माजिद अली और मुरादाबाद से इरफान सैफी, संभल से शौलत अली, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, आंवला से आबिद अली, पीलीभीत से अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू शामिल हैं।

# अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार: आनंद द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैंट** विधानसभा स्थित जयप्रकाश नगर में बुद्धेश्वर विकास महासभा लखनऊ के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में लखनऊ महानगर अध्यक्ष भाजपा आनंद द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सभी को होली मिलन समारोह की अनेकानेक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के चुनावी पर्व में आप सभी के सहयोग से अबकी बार 400 पर, फिर एक बार मोदी



सरकार, लखनऊ बोले पांच लाख पार का नारा दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि आगामी लोकसभा चुनाव मतदान वाले दिन अधिक से अधिक संख्या में अपना एवं अपने संबंधियों का वोट कमल के निशान पर बटन दबाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराना है। कार्यक्रम में वरिष्ट जनों एवम समाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया।

# संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमण्डल अखिलेश से मिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा वाराणसी के प्रतिनिधिमण्डल ने मिलकर वाराणसी जिले में काशीद्वार भूमि विकास गृहस्थान एवं बाजार योजना को निरस्त किये जाने में अपने प्रभाव का उपयोग करने का आग्रह किया। संयुक्त किसान मोर्चा के ज्ञापन में कहा गया है कि वाराणसी जनपद के पिण्डरा तहसील अंतर्गत दस गांवों- पिण्डरा, पिण्डराई, समोगरा, कैथोली, पूरा रघुनाथपुर, चक इदर, जद्दूपुर, बसनी, बहुरा, वेलवां की बहुफसली और उपजाऊ 957 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए आवास विकास परिशद, लखनऊ ने अधिसूचना प्रकाशित की है। किसानों को वाराणसी दफ्तर से नोटिसें भेजी जा रही है। इस योजना के प्रति किसानों में जबरदस्त रोष है। किसान संगठन 17 फरवरी 2024 से उपजिलाधिकारी पिण्डरा, वाराणसी कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना दे रहे है। इनकी मांग है कि काशीद्वार भूमि विकास गृहस्थान एवं बाजार योजना निरस्त की जाए। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमण्डल में सर्वश्री फतेह नारायण सिंह अध्यक्ष, अजीत कुमार सचिव सहित दूधनाथ, संतोष पटेल, राधेश्याम पाल, बच्चे लाल पटेल, पन्ना लाल, सत्य नारायण, दिलीप कुमार सिंह, श्रीनाथ गोड, राजेश पटेल, जितेन्द्र पटेल, तूफानी, रघुवर प्रसाद, डॉ. विनोद भास्कर गोंड, गिरधारी, राजनाथ पटेल तथा अनूप पटेल आदि शामिल रहे।

# भाजपा सरकार में पूँजीघराने फलफूल रहे: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता दो माह में दो करोड़ पीडीए परिवारों से सम्पर्क करेंगे और उनसे सामाजिक न्याय तथा आरक्षण के बारे में चर्चा करेंगे। इन परिवारों के साथ आर्थिक तथा सामाजिक गैरबराबरी और इसके दुष्प्रभावों के बारे में भी खुलासा किया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जहां पीड़ित-शोषित और वंचित समाज को सम्मान से जीने की राह दिखाई वहीं डॉ. राममनोहर लोहिया ने अवसर की समानता के सिद्धांत से सामाजिक क्रांति की भी आधारशिला रखी। फिर भी भारत जैसी सामाजिक असमानता और भेदभाव आज भी कहीं और नहीं है।

समाजवादी विचारधारा में पीडीए के माध्यम से शोषित पीड़ित वर्ग को आशा और विश्वास की नई किरण दिखाई दी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में यथास्थितिवाद को बढ़ावा मिला है और खासकर महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ा है। उन्हें कदम कदम पर अपमानित किया जाता है। इस समाज के आत्मसम्मान की लड़ाई समाजवादी पार्टी लड़ती आई है आगे भी लड़ेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों का बहुत उपहास किया है। पूँजीघराने फलफूल रहे है जबकि गरीब जनता की आवाज उठाना अपराध हो गया है। ऐसे में देश का विकास सभी वर्गों के समानुपातिक भागीदारी से ही संभव है। जातीय जनगणना से यह लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। जब हरेक को अपनी संख्या के आधार पर हक और सम्मान मिलेगा तभी वास्तविक सामाजिक न्याय की स्थापना हो सकेगी। यादव ने कहा कि भाजपा मूलत: सामाजिक न्याय के विरूद्ध है, इसीलिए वह पिछड़ों, दलितों के रिजर्वेशन को समाप्त करने की साजिश कर रही है। वह इनके वोट तो लेती है पर उन्हें अधिकार नहीं देना चाहती है। इनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए पीडीए की एकजुटता से समाजवादी पार्टी-इंडिया गठबंधन पूरी ताकत से इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की एकाधिकारवादी केन्द्र की सत्ता को हटाने जा रहा है।

## सांझी दुनिया प्रतिनिधिमण्डल ने सपा मुखिया से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को सांझी दुनिया, नागरिक समाज, लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ के प्रतिनिधिमण्डल ने समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में भेंट की और समाजवादी पार्टी पीडीए, इंडिया गठबंधन को पूर्ण समर्थन दिये जाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमण्डल में पूर्व कुलपति डॉ. रूपरेखा वर्मा, प्रो. रमेश दीक्षित, पूर्व आईएएस हरिश्चन्द्र, पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, पूर्व डीआईजी



राजेन्द्र सिंह यादव तथा पूर्व जज बीडी नकवी शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि देश में आपातकाल जैसी स्थिति है। नागरिक स्वतंत्रता पर आघात हो रहा है। भाजपा कैसे सरकारी लाभ का इस्तेमाल राजनीति में कर सकती है? उनका कहना था कि समाजवादी पार्टी पीडीए सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अखिलेश यादव के प्रति समाज के बड़े वर्ग की आशा-आकांक्षाएं जुड़ी

# इंडिया गठबंधन को अधिक से अधिक सीटों पर दिलानी है जीत: अविनाश पाण्डेय

## ● सोशल आउटरीच कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय कार्यसमिति की बैठक में चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**कांग्रेस** के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में खासतौर पर उत्तर प्रदेश में हम सभी को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए इंडिया गठबंधन की अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करना है। इसके लिए हमें आज से ही संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में स्थापित वार रूम का विस्तार करते हुए आरपी सिंह, एवं अनामिका यादव को वार रूम में सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है।

पाण्डेय प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश सोशल आउटरीच कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय कार्य समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। विभाग के चेयरमैन विक्रम पाण्डेय की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक म प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सोशल आउटरीच विभाग के समस्त पदाधिकारियों, जिला व शहर अध्यक्षों एवं विधानसभा अध्यक्षों को आज से ही आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ कर पूरी मेहनत से कार्य करने की आवश्यकता है। आप सभी गांव-गांव शहर-शहर जाकर कांग्रेस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं, मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूं। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

बैठक में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, सुशीला पासी, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन पंखुड़ी पाठक सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने सीतापुर से प्रत्याशी बदला, नकुल दुबे की जगह राकेश राठौर को टिकट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** ने सीतापुर से प्रत्याशी बदल दिया है। बुधवार की रात जारी सूची के मुताबिक अब कांग्रेस ने पूर्व मंत्री नकुल दुबे के स्थान पर राकेश राठौर को सीतापुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। वहीं मथुरा से भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। इस सीट से कांग्रेस ने मुकेश धनगर को प्रत्याशी घोषित किया है।

उल्लेखनीय है कि सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ रही कांग्रेस के हिस्से में 17 सीटे आई हैं। कांग्रेस अभी तक अमेठी और रायबरेली को लेकर असमंजस की स्थिति में है। आज आई सूची में भी इन दोनों सीटों पर अभी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है। प्रयागराज सीट भी कांग्रेस के हिस्से में आई है। इस सीट पर भी अभी प्रत्याशी की घोषणा बाकी है। हालांकि प्रयागराज से पूर्व विधायक उज्जवल रमण सिंह का नाम सबसे आगे है। उज्जल रमण सिंह ने बीते मंगलवार को ही सपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। माना जा रहा है कि उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की सहमति से यह कदम उठाया है। माना जा रहा है कि सुंयक्त रणनीति के तहत कांग्रेस उन्हें प्रयागराज से लोकसभा चुनाव में उतारेगी।

सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति (यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए.की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्ज खाता क्र.HLAPAGR00382228<br>1.शालिनी धाकड़ (स्व.मोहन सिंह और स्व.उषा देवी की बेटी एवं कानूनी वारिस )<br>2.अरूण धाकड़(स्व.मोहन सिंह और स्व.उषा देवी का बेटा एवं कानूनी वारिस )<br>3.अविनाश धाकड़(स्व.मोहन सिंह और स्व.उषा देवी का बेटा एवं कानूनी वारिस )<br>4.विशाल धाकड़(स्व.मोहन सिंह और स्व.उषा देवी का बेटा एवं कानूनी वारिस ) | प्लॉट नं.41 और 42 के हिस्से पर मकान, मनु विहार - II, हनुमान नगर, मारुती एस्टेट, लोहामंडी वार्ड, आगरा-282002, उत्तर प्रदेश | 05.04.2023 | रू.56,72,192.15 (रूपये छप्पन लाख बहत्तर हजार एक सौ बानवे और पंद्रह पैसे मात्र) 11.03.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला (ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पानेवाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले (लो) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले (लो) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप प्रत्येक उधार लेनेवालो को अधिनियम की धारा 13(2)के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है

उपर्युक्त को द्रष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवन करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अधतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्को सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने/उनके पूर्ण दायित्वोका निर्वहन करे, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप -धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार,'' कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधी के अंदर सुरक्षित आस्ति को मोचन करनें में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपति का मोचन करने के लिए पात्र नही हो सकता ''

सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13 (2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करनेसे प्रतिबंधित है।

स्थान: आगरा

प्राधिकृत अधिकारी
कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HHLMER00455324<br>1. विनय बलियान<br>2. हिमानी<br>3. एन. वी. इंजीनियर्स एंड डेवलपर्स (इसके भागीदारों के माध्यम से)<br>4. पवन सिंह बलियान | अपार्टमेंट नंबर एम10/302, तीसरी मंजिल, टावर – एम–10, मेरठ वन, गांव जटौली और रोशनपुर डोरली, तहसील सरधना, मेरठ – 250110, उत्तर प्रदेश | 05.03.2024 | रु. 15,02,104.79/- (रुपए पंद्रह लाख दो हजार एक सौ चार और उनासी पैसे मात्र) 14.03.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वगीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''

सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं

कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेन्स लि.
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मेरठ

# सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाए: मुख्य सचिव

● आगामी त्यौहारों को लेकर सीएस ने सभी डीएम व कमिश्नर के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने ईद, रामनवमी, अम्बेडकर जयंती व चैत्र नवरात्रि पर्व के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी दिनों में प्रदेश में कई त्योहार आयोजित होंगे। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। प्रदेश में कहीं कोई अप्रिय घटना घटित न हो। त्यौहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म पर टीका-टिप्पणी व छोटी सी अफवाह माहौल को खराब कर सकती है और कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए इस पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापित होने के उपरांत पहली बार रामनवमी आयोजित होने जा रही है, भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आएंगे। इसे ध्यान में रखते सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जाएं। सीसीटीवी के द्वारा निगरानी रखी जाए। प्रमुख स्थानों पर मेडिकल कैंप भी लगाए जाएं। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, ऐसे में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। फील्ड में तैनात सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हों, किसी भी दशा में सड़क मार्ग व यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए बाहर से आने वाली पुलिस फोर्स के लिए ठहरने और खाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में कोई भी धार्मिक आयोजन सड़क मार्ग पर नहीं होना चाहिए।

## ईद पर किसी भी नई परंपरा को न दी जाए अनुमति: डीजीपी

● अलविदा की नमाज व ईद-उल-फितर पर प्रदेश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के पुलिस प्रमुख ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** प्रशांत कुमार ने अलविदा की नमाज और ईद-उल-फितर त्यौहार को देखते हुए पूरे प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी नई परंपरा को अनुमति न दी जाए। शांति समितियों के सदस्यों तथा धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर उनका सहयोग प्राप्त किया जाए तथा पुलिस नागरिक सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों का भी सहयोग ले।

इस संबंध में प्रशांत कुमार ने प्रदेश के सभी जोनल एडीजी, पुलिस आयुक्तों, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा जिलों के पुलिस कप्तानों को परिपत्र जारी किया है। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि अलविदा की नमाज एवं त्यौहार के दृष्टिगत त्यौहार रजिस्टर में विगत वर्षों की प्रविष्टियों का अध्ययन कर पुराने एवं सम्भावित विवादों का समय से निस्तारण कराया जाए। किसी नई परम्परा की अनुमति न दी जाए। असामाजिक व अवॉछनीय तत्वों की सूची अद्यावधिक कर आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सूचना तंत्र को सक्रिय रखा जाए तथा छोटी से छोटी सूचना को अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुए त्वरित वैधानिक कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी तथा उनके समकक्षीय मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रूप से विवादित स्थानों का भ्रमण कर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानो एवं महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आस-पास फुट पेट्रोलिंग की जाए तथा नियमित रूप से बीडीएस टीम, स्नाईफर डॉग्स द्वारा एण्टीसेबोटाज चेकिंग कराई जाए। बाजारों में पर्याप्त अग्निशमन की व्यवस्था रखी जाए। डीजीपी ने कमिश्नरेट व जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए जोन व सेक्टर स्कीम में पुलिस व्यवस्थापन करने के निर्देश दिए हैं। अतिसंवेदनशील स्थलों पर पुलिस पिकेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं राजपत्रित अधिकारियों की तैनाती आवश्यतानुसार की जाए। क्यूआरटी टीमों को स्ट्रेटेजिक प्वाइंट पर तैयारी की हालत में रखा जाए। जुलूस के मार्गो का पूर्व से निरीक्षण कर लिया जाए। यदि कहीं भी विवाद की स्थिति दृष्टिगोचर होती है तो उसका तत्काल समाधान कराया जाए। ड्रोन कैमरों के माध्यम से मिश्रित व संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, जुलूस के मार्गों विशेषकर जंक्शन प्वाईण्ट्स आदि पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन कराने के भी निर्देश दिए हैं।


डीजीपी ने कहा है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए उन पर और अधिक सतर्क दृष्टि रखी जाए। असत्य एवं भ्रामक सूचनाओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका खण्डन किया जाए तथा आवश्यक्तानुसार विधिक कार्यवाही की जाए। यूपी-112 के वाहनों का व्यवस्थापन संवेदनशील मार्गों, स्थलों पर किया जाए तथा पुलिस के अन्य पेट्रोलिंग वाहनों द्वारा चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में प्रभावी गश्त, पेट्रोलिंग और चेकिंग करायी जाए। दंगा निरोधक उपकरणों की गुणवत्ता, उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए तथा उन्हें महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्राईकिंग रिजर्व के साथ व्यवस्थापित किया जाए।

समस्त जनपदों में पोस्टर पार्टी एवं मॉर्निंग चेकिंग टीम को सक्रिय रखा जाए तथा उनके दायित्वों से भली-भांति अवगत कराकर उन्हें प्रात: काल नियमित रूप से चेकिंग के लिए रवाना किया जाए। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत डीजीपी ने आदर्श आचार संहिता का सम्पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए जिलों के सभी पुलिस कर्मियों की यथोचित ब्रीफिंग करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

### पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला

## मास्टरमाइंड राजीव नयन ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। पेपर लीक करने की स्क्रिप्ट लिखने वाले मध्य प्रदेश के राजीव नयन मिश्रा को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। राजीव ने न सिर्फ पेपर लीक करवाया था, बल्कि अभ्यर्थियों को पेपर देकर रटवाया भी था। डीजीपी ने बताया कि आरोपी राजीव नयन मिश्रा ने वर्ष-2021 में यूपी टीईटी का पेपर लीक कराया था। उस वक्त एसटीएफ ने उसे जेल भेजा था। इसके अलावा वह वर्ष 2023 में संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा, मध्यप्रदेश का पेपर लीक कर चुका है, जिसमें वह जेल जा चुका हैं। एसटीएफ के मुताबिक, राजीव नयन ने पेपर लीक करवाने के लिए सभी आरोपियों को इकट्ठा किया था। इसके अलावा गुजरात में ट्रांसपोर्ट कंपनी से पेपर निकालने के लिए ताला खोलने का एक्सपर्ट भी उसी ने ढूंढा था। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि 17 व 18 फरवरी को हुई यूपी पुलिस भर्ती का पेपर लीक हुआ था। इस मामले में वाराणसी, मेरठ, आगरा समेत कई जिलों में 12 मुकदमे दर्ज किए गए थे, जिसमें करीब 54 लोगों की गिरफ्तारी की गई थी। इसके बाद यूपी एसटीएफ ने एक-एक कड़ी को जोड़ते हुए पेपर लीक करने वाले तीन लोगों की गिरफ्तारी की थी। डीजीपी के मुताबिक, भोपाल के रहने वाले राजीव नयन मिश्रा ने अपने साथी रवि अत्री को यूपी पुलिस भर्ती का पेपर लीक करने के लिए एक टीम तैयार करने के लिए कहा था। ऐसे में प्रिंटिंग प्रेस से यूपी में पेपर एक्सपोर्ट करने वाली गुजरात ट्रांसपोर्ट कंपनी टीएसआई में काम करने वाले कई कर्मचारियों को अपने साथ जोड़ा था।

मंगलवार को गिरफ्तार हुए राजीव नयन मिश्रा पेपर के बॉक्स को खोलने के लिए बिहार में रहने वाले एक्सपर्ट व पेशे से डॉक्टर शुभम मंडल को लेकर अहमदाबाद गया था। जहां मंडल ने बॉक्स खोला और फिर यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के एग्जाम पेपर कोड नंबर दो की फोटो खींच ली थी। राजीव नयन मिश्रा ने पूछताछ में यह भी बताया कि जनपद झांसी में बन्द मोनू गुर्जर और रजनीश रंजन तथा गौतमबुद्धनगर जेल में बन्द मोनू पंडित, गौरव तथा प्रमोद पाठक पुराने परिचित हैं तथा सभी मिलकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विभिन्न प्रकार से धांधली करके पैसा लेकर भर्ती कराने का गैंग चलाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त राजीव नयन मिश्रा से अन्य तथ्यों के सम्बन्ध में गहनता से छानबीन की जा रही है।

## 25698 करोड़ से यूपी में शहरी विकास को मिलेगी रफ्तार

● आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर शहर बनाने के संकल्प को पूरा करने में जुटा नगर विकास विभाग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** विकास विभाग ने शहरी विकास को रफ्तार देने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 25,698.28 करोड़ रुपए का वित्त स्वीकृत किया है। इस भारी भरकम राशि का उपयोग पूरे राज्य में शहरी विकास के लिए उपयोग किया जाएगा, जो प्रदेश की जनता के प्रति विभाग के समर्पण को प्रदर्शित करता है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों में, उत्तर प्रदेश ने शहरी विकास क्षेत्र में काफी प्रगति की है। योगी सरकार ने शहरी विकास की दिशा में निरंतर प्रयास किए हैं। कई नई योजनाओं की शुरुआत की गई है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर शहर के निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगी।

इससे पूर्व 2023-24 वित्त वर्ष के लिए विभाग को पिछले वर्ष की तुलना में 5.1त्न की वृद्धि के साथ 28,779.55 करोड़ रुपए का बजट आवंटित हुआ था। इसमें से 26,272.33 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली, जो कुल बजट का 91.3त्न रहा। इस राशि से नगरीय बुनियादी ढांचे, स्थानीय विकास परियोजनाओं और नागरिक सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों को जुटाने में मदद मिली। वित्त का सही उपयोग और नई जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभाग की ओर से नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग भी की गई। विभाग ने सभी हितधारकों और नागरिकों को आश्वस्त किया है कि वह अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ शहरी विकास को आगे बढ़ाना जारी रखेगा और अधिक समृद्ध और पूर्ण शहरी जीवन में योगदान देगा।

प्रदेश सरकार ने हरित बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं और एक सुरक्षित शहर के लिए मूलभूत बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए नई 'सीएम ग्रिड' योजना शुरू की है।

ँवंदन योजना के तहत इन स्थलों पर प्रकाश, जल आपूर्ति, शौचालय, स्वच्छता और लिंक रोड जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डीएम की अध्यक्षता वाली एक समिति प्रत्येक वर्ष दो स्थानों का चयन करेगी। संपर्क पथ, विश्राम स्थल, शेड, पानी की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेंटिंग, इंटरलॉकिंग, परिक्रमा पथ और घाट जैसे कार्यों के लिए पर्यटन विभाग से समन्वय किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, इन स्थलों के विकास के लिए पर्यटन विभाग, सीएसआर फंड, एमपी-एमएलए फंड और नगर निगम विभाग के बजट का भी उपयोग किया जाएगा। आकांशी नगर योजना का लक्ष्य बीस हजार से एक लाख तक की आबादी वाले 100 छोटे शहरों में सुविधाएं विकसित करना है।

## 20 अप्रैल तक आवेदन करना होगा अपलोड

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2019-20 से 2021-22 तक के एमटेक, एमफार्म, एवं एमआर्क के कैरीओवर छात्र-छात्राओं के डिजरटेशन का मूल्यांकन और मौखिक परीक्षा अप्रैल और मई में आयोजित की जाएंगी। ऐसे छात्र छात्राओं का आवेदन संस्थान को अपने निदेशक ईआरपी के लॉगइन से 20 अप्रैल तक अपलोड करना होगा। सभी जानकारी और सेशनल को सही से भरना होगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय के गाइडलाइन के अनुसार थिसिस का एमएस वर्ड फॉरमेट में अपलोड करना जरूरी है। इसके बाद छात्र अपनी ईआरपी लॉगइन से बाकी शुल्क का भुगतान करेंगे। शुल्क जमा नहीं करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसे छात्रों के डिजरटेशन का मूल्यांकन और मौखिक परीक्षाएं लखनऊ में आयोजित होंगी।

## भाषा विश्वविद्यालय में निरीक्षण के दौरान कक्षाएं न चलने पर कुलपति ने जताया रोष

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बुधवार को निरीक्षण के दौरान कक्षाएं न संचालित पाये जाने पर कुलपति ने नाराजगी जताई है। निरीक्षण के दौरान शिक्षक परिसर में तो दिखाई दिये मगर कक्षाओं से दूर रहे। ऐसे में विवि की कुलसचिव भावना मिश्रा ने एक आदेश जारी कर सभी शिक्षकों को नियमत: कक्षाएं लेने के निर्देश दिये हैं।

## जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**20** लाख रुपए की जीएसटी लौटाने के एवज में दो लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में निरुद्ध डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर धनेंद्र कुमार पांडेय की जमानत अर्जी विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज अजय श्रीवास्तव ने प्रथम दृष्टया अभियुक्त के अपराध को गंभीर करार दिया है। बीते 20 मार्च को अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। सरकारी वकील महेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक अभियुक्त निर्यात करने वाली कंपनी आर्डेम डाटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि से 20 लाख का जीएसटी लौटाने की एवज में दो लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा था। कंपनी के अधिकारियों ने इसकी शिकायत विजिलेंस के एसपी डॉ अरविंद चतुर्वेदी से की। आरोपों की जांच करने के बाद विजिलेंस टीम ने मीराबाई मार्ग स्थित वाणिज्य कर कार्यालय से अभियुक्त को दो लाख रुपए का रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। इस मामले की एफआईआर भ्रष्टाचार निवारण के निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने थाना विजिलेंस इस्टेब्लिशमेंट लखनऊ सेक्टर में दर्ज कराई थी।

## समायोजन को लेकर उप मुख्यमंत्री से मिला संघ

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नर्स मेंटर के पद पर कार्यरत 33 महिला कार्मिकों की 31 मार्च 2024 को समाप्त की गयीं सेवाओं के बाद उनकी दूसरे पदों पर समायोजन की मांग को लेकर बुधवार को संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके आवास पर भेंट की। यह जानकारी देते हुए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने कार्मिकों के समायोजन के लिए मिशन निदेशक को निर्देशित किया है। ज्ञात हो नर्स मेंटर के पद पर कार्यरत लगभग 33 संविदा कार्मिकों की बीती 31 मार्च 2024 को सेवा समाप्त कर दी गई है। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदेश सचिव प्रवीण यादव, जिला अध्यक्ष लखनऊ डा अभयानंद, जिला महामंत्री लखनऊ संजय वर्मा तथा विभिन्न जनपदों से नर्स मेंटर उपस्थित रहे।

## महंत नृत्य गोपालदास मेदान्ता से डिस्चार्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मेदांता** अस्पताल में भर्ती अयोध्या मंदिर के प्रमुख महंत नृत्य गोपालदास के स्वस्थ होने पर उन्हें बुधवार को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। महंत को मल्टी-ड्रगरेसिस्टेन्स व पेशाब के संक्रमण की शिकायत के साथ 31 मार्च को मेदांता अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ राकेश कपूर द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि महंत को मल्टी-ड्रगरेसिस्टेन्स व पेशाब के संक्रमण की शिकायत होने के कारण पेशाब के दौरान रक्त स्राव सहित हानिकारक लक्षण दिखाई दिए थे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, महंत को 31 मार्च को मेदांता अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया था। यहां क्रिटिकल केयर मेडिसिन के निदेशक डॉ. दिलीप दुबे और निदेशक यूरोलॉजी और मेडिकल निदेशक मेदांता लखनऊ डॉ. राकेश कपूर के नेतृत्व में सुपर-स्पेशलिस्ट विशेषज्ञों की एक टीम ने व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए संक्रामक रोग सलाहकार डॉ. सौरव पॉल के साथ मिल कर काम किया। डॉ. दुबे के अनुसार, महंत को मेदांता अस्पताल में लगायी गयी एंटीबायोटिक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। गहन देखभाल की अवधि के बाद, अब उन्हें स्टेबल कंडीशन में छुट्टी दे दी गई है। पहले भी, उन्हें सांस और सांस लेने सहित पोस्ट-कोविड निमोनिया जटिलताओं का सामना करना पड़ा था, जिसके लिए गंभीर देखभाल कीआवश्यकता थी और स्थिति स्थिर होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।

डॉ. दिलीप दुबे ने कहा कि हम महंत के स्वास्थ्य में सुधार से प्रसन्न हैं और उनके लगातार स्वस्थ होने को लेकर आश्वस्त हैं। हमारी बहुविषयक टीम का सहयोगात्मक प्रयास उच्चतम मानक की देखभाल प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि महंत का सहज भाव और इलाज के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया वास्तव में प्रेरणादायक है।

## व्यापार मंडल के होली मिलन समारोह में लोगों ने झांकी व डांडिया नृत्य का खूब उठाया लुत्फ

**लखनऊ।** एल्डिको-चिनहट, गोमती नगर उद्योग व्यापार मण्डल की ओर से जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता की अगुवाई में विशाल होली मिलन एवं व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रस्तुत की गई झांकी और डांडिया नृत्य का लोगों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ लुत्फ उठाया। जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने इस मौके पर सामाजिक दायित्यों का भलीभांति निर्वहन करने के लिए 'एंजेल विकास सेवा फाउंडेशन' नाम से एक एनजीओ की औपचारिक घोषणा भी की। उन्होंने बताया एंजेल विकास सेवा फाउंडेशन आने वाले समय में गरीब, असहाय, निर्बल, अनाथों एवं समाज से तिरस्कृत बुजुर्गजनों के उत्थान एवं समाज में उन्हें एक अलग सम्मान दिलाने जैसे अनेकों कार्य प्रमुखता से करेगा। समाज के विभिन्न वर्गों से नीरज गुप्ता ने अपील की है कि वे आगे आकर फाउंडेशन से जुड़ें एवं सहयोग करें।

## प्रयागराज महाकुंभ: दिसंबर तक तैयार हो जाएगा रोपवे और डिजिटल कुंभ म्यूजियम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रयागराज** में अगले वर्ष होने जा रहे महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने के लिए योगी सरकार ने कमर कस ली है। संगम स्थल के साथ-साथ आसपास कई प्रमुख कार्यों का विकास किया जाना प्रस्तावित है जो पर्यटकों के लिए महाकुंभ को खास बना देगा। इसके अंतर्गत हनुमान मंदिर स्थली का व्यापक पैमाने पर रेनोवेशन किया जा रहा है, जबकि रोपवे परियोजना की भी जल्द शुरुआत होने जा रही है। इसके साथ ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है। सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। महाकुंभ से पूर्व कार्य पूर्ण होने के बाद यह महाकुंभ के महाआयोजन को यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यादगार बना देंगे। 29 नवंबर 2023 को शीर्ष समिति की बैठक में हनुमान मंदिर स्थली के निर्माण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसकी कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज विकास प्राधिकरण है। कार्य की कुल लागत 45.71 करोड़ रुपए प्रस्तावित है। परियोजना के लिए पीएमए द्वारा पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय पी.के.एस. बघेल. से लीगल ओपिनियन भी ली गई है। यही नहीं, सेना द्वारा कार्य स्थल की वर्किंग परमीशन भी प्रदान की जा चुकी है और भूमि हस्तांतरित किए जाने के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए जाने की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी, जिसके लिए लीगल वेटिंग की जा रही है।

## 10 लीटर रसायन से 78 पंचायतों में कैसे होगा एंटी लार्वा छिड़काव

**मोहनलालगंज।** छह दर्जन से अधिक पंचायतों में छिड़काव के लिए मोहनलालगंज ब्लाक को सीएचसी प्रशासन ने महज दस लीटर एण्टीलार्वा रसायन उपलब्ध कराया है। जिससे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ब्लाक कर्मियों को छिड़काव के लिए रसायन कम पड़ने की चिन्ता सता रही है। उधर मच्छरों से बचाव के लिए अभियान के तीसरे दिन भी पंचायतों में फागिंग नही कराई जा सकी। मोहनलालगंज ब्लाक की सभी 78 ग्राम पंचायतों में पहली अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की कागजों पर शुरुआत की जा चुकी है। लेकिन मशीनों का अभाव और खर्च की अधिकता बताकर पंचायत सचिव अब तक किसी भी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को मच्छरों से राहत दिलाने के लिए फागिंग नही करा सके हैं। उधर पायनियर में बुधवार को प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अभियान के तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग को पंचायतों में छिड़काव के लिए एण्टीलार्वा रसायन वितरित कराने की सुध आई। जबकि एडीओ पंचायत अशोक यादव और बीडीओ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने पंचायत सचिवों को तलब कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा कर किसी भी तरह की लापरवाही नही बरतने की सख्त हिदायत दी।

# चार लाख मतदाताओं को ऐतिहासिक गेट के निर्माण का इंतजार

चुनावी मुद्दा

## एनएचएआई की लापरवाही से नौ साल से अधूरा पड़ा है ऐतिहासिक गेट का निर्माण

संवाददाता। मोहनलालगंज

**रायबरेली** हाईवे निर्माण के दौरान ढ़हाए गए मोहनलालगंज के ऐतिहासिक गेट का नौ साल बाद भी पुनर्निर्माण नही हो सका है। लोकसभा चुनाव के दौरान यह मुद्दा फिर से सुर्खियों में छाया हुआ है। मतदाताओं की चर्चाओं में शामिल हो चुका यह मसला धीरे-धीरे चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है।

सिसेण्डी के राजा काशी प्रसाद ने वर्ष 1860 में मोहनलालगंज कस्बे में दो ऐतिहासिक गेट का निर्माण कराया था।दोनों गेट मोहनलालगंज की पहचान माने जाते थे। एक गेट तो कुछ साल पहले ही जमींदोज हो गया था। जबकि दूसरा गेट रायबरेली हाईवे निर्माण के दौरान 15 अप्रैल 2015 को एनएचएआई ने ढ़हा दिया था। लोगों के विरोध जताने पर हाईवे अथॉरिटी ने मोहनलालगंज में नए सिरे से गेट बनवाने का भरोसा दिया था। पशु चिकित्सालय के निकट गेट का निर्माण भी शुरु कराया गया लेकिन नौ साल बाद भी अब तक गेट का निर्माण कार्य अधूरा है। जनप्रतिनिधियों के दिलचस्पी नही लेने और एनएचएआई की लापरवाही की वजह से मोहनलालगंज को ऐतिहासिक गेट का गौरव अब तक नसीब नही हो सका है। लोकसभा चुनाव के दौरान इन दिनों यह मुद्दा फिर से गर्मा गया है। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के लोगों की चर्चाओं में शामिल होकर यह मुद्दा उम्मीदवारों के लिए चुनावी मुद्दा बनकर सामने आ रहा है। सोशल मीडिया पर भी लोग इसे लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं।



**रायबरेली** हाईवे निर्माण के दौरान एसडीएम की मौजूदगी में एनएचएआई के अधिकारियों ने हम लोगों के सामने ही ऐतिहासिक गेट को ढहाने के बदले में हाईवे निर्माण कार्य के साथ ही नए सिरे से भव्य गेट निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। बीआरसी के निकट गेट का निर्माण भी शुरु कराया गया था। लेकिन नौ साल बीत चुके हैं फिर भी गेट का निर्माण कार्य अपूर्ण है। जिसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में काफी नाराजगी है।

**अरुणेश प्रताप सिंह**
**पूर्व उपप्रधान**

**रायबरेली** हाईवे निर्माण के दौरान मोहनलालगंज की पहचान ऐतिहासिक गेट को एनएचएआई ने ढहा दिया था। लोगों के विरोध जताने पर दूसरा गेट बनवाकर देने की बात कही गई थी। लेकिन नौ साल बीतने के बाद भी भाजपा सरकार ऐतिहासिक गेट का निर्माण नही करा सकी है। यह वादों से मुकरने वाली सरकार है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में मतदाता वादाखिलाफी पर फैसला करने के लिए मन बना चुके हैं।

**अम्बरीष सिंह पुष्कर**
**पूर्व विधायक सपा**

**रायबरेली** राजमार्ग निर्माण के दौरान ऐतिहासिक गेट ढहाए जाने का मोहनलालगंज व्यापार मण्डल ने पुरजोर विरोध किया था। जिसके बाद एनएचएआई और प्रशासन ने कस्बे में नया गेट बनवाने का भरोसा दिया था। लेकिन एनएचएआई और प्रशासन की लापरवाही से गेट का नव निर्माण कार्य पूर्ण नही हो सका है। मामला क्षेत्रीय विधायक और सांसद के संज्ञान में लाकर गेट का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए हरसंभव प्रयास की गुजारिश की जाएगी।

**अजय पाण्डेय**
**अध्यक्ष व्यापार मण्डल**

**मोहनलालगंज** के ऐतिहासिक गेट का नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक और सांसद इसके लिए प्रयासरत हैं। संगठन के सभी पदाधिकारी इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के पक्षधर हैं। क्षेत्रीय लोगों को कतई निराश होने की जरुरत नही है। जल्द ही एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत कर गेट निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर कराने की हरसंभव कोशिश कराई जाएगी।

**ओमप्रकाश शुक्ल**
**ब्लाक प्रमुख**

# हाईकोर्ट बार के चुनाव में 85 प्रतिशत से अधिक मतदान

- तेज धूप और गर्मी के बाद भी वकीलों ने मतदान में बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा
- चुनाव समिति के कड़े रुख के कारण प्रत्याशी नहीं लगा पाए पंडाल

**संवाददाता।** प्रयागराज



**इलाहाबाद** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय एक वर्षीय कार्यकारिणी का चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हो गया। बार के चुनाव में प्रतिभाग कर रहे सभी उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया। बार के लिए सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक मत डाले गए। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए कुल 8246 वोट पड़े। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के जरिए की गई। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मुख्य चुनाव अधिकारी वी एम जैदी ने बताया कि वोटों की गिनती पांच अप्रैल से शुरू होगी। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ज्यादातर बूथों पर वोटरों की लंबी लाइन लगी हुई थी। मुख्य चुनाव अधिकारी वी एम जैदी के नेतृत्व में चुनाव समिति मंच से मतदान स्थल की निगरानी लगातार की जा रही थी। मतदान कार्य में बार एसोसिएशन कर्मचारियों एवं सैकड़ों अधिवक्ताओं की मदद ली गई। कोर्ट परिसर में लगभग सन्नाटा पसरा रहा। अदालतों में न्यायिक कार्य भी सुचारू रूप से चला। अदालतों में नो एडवर्स आदेश का पालन भी किया गया। प्रत्याशी और समर्थक अधिवक्ता मतदेय स्थल के बाहर अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करते रहे। अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। मतदाता पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। वहीं भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष अधिवक्ता राजेंद्र मिश्रा भी बुधवार को बार के चुनाव में वोट डालने के लिए हाईकोर्ट स्थित मतदान स्थल पर पहुंचे।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय कार्यकारिणी के चुनाव में बुधवार को 85 फ़ीसदी से ज्यादा मतदान हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी वीएम जैदी चुनाव अधिकारी विनोद कांत श्रीवास्तव आर सी सिंह वशिष्ठ तिवारी चंदन शर्मा और प्रभाकर अवस्थी ने बताया कि बार चुनाव में इस बार कुल 85.15 फ़ीसदी मतदान हुआ है। चुनाव में कुल 9684 मतदाता थे जिनमें 8246 मतदाताओं ने वोट डाले। मतदान सुबह 10 बजे शुरू हो गया था जो शाम पांच बजे तक जारी रहा। पूरा चुनाव सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुआ। कहीं से कोई अप्रिय घटना या वारदात सामने नहीं आई। मतदान के बाद मतपेटियों को सीलबंद करके कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी वीएम जैदी ने बताया कि मतपत्रों की छंटाई का काम शुक्रवार से शुरू होगा। उसके बाद मतगणना प्रारंभ की जाएगी।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में पिछले वर्ष की तरह इस बार भी प्रत्याशियों की ओर से लगाए जाने वाले बड़े बड़े पंडाल नदारद रहे। आमतौर पर चुनाव में प्रत्याशी बड़े-बड़े पंडाल लगाते हैं। जिनमें पूडी सब्जी मिठाई से लेकर नाश्ते और पानी चाय आदि की व्यवस्था रहती है। ताकि वे समर्थकों और वोटरों की खातिरदारी व आराम करने और खाने पीने का इंतजाम कर सकें।

लेकिन गत वर्ष की तरह इस बार भी चुनाव समिति के कड़े रुख के कारण किसी भी प्रत्याशी ने सड़क पर पंडाल नहीं लगाया। हालांकि कुछ लोगों ने अपने स्तर से पूड़ी सब्जी नाश्ता आदि के पैकेट की व्यवस्था कर समर्थकों और वोटरों के बीच वितरित किए।

# जब तक प्रत्याशी घोषित नहीं तब तक कमल के फूल को प्रत्याशी मानें: जिलाध्यक्ष

**संवाददाता।** गाजीपुर



**लोकसभा** चुनाव बिल्कुल नजदीक है, इसके बावजूद अब तक गाजीपुर लोकसभा से भाजपा ने कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने पूछे जाने पर बताया कि बहुत जल्दी ही प्रत्याशित घोषित किए जाएंगे। उसके पहले गाजीपुर की जनता अच्छी तरह जानती है कि कमल का फूल ही हमारा प्रत्याशी है।

यह पूछे जाने पर की क्या भारतीय जनता पार्टी के पास कोई चेहरा नहीं है या अंदरूनी कलह है, तो उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार का कोई तनाव नहीं है। बहुत जल्दी जनपद वासियों के सामने लोकसभा प्रत्याशी के रूप में चेहरा आएगा। जनपद के सातों विधानसभा पर सपा के आरूढ़ होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी, इसलिए पिछले लोकसभा चुनाव में मामूली अंतर से भाजपा चुनाव हारी थी। इस बार के चुनाव में समाजवादी पार्टी किसी भी तरह के आंकड़े में नहीं है, सपा की हार निश्चित है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सामने कोई भी पार्टी खड़ी नहीं है। भाजपा गाजीपुर समेत उत्तर प्रदेश के सभी सीटों पर जीत का परचम लहराने जा रही है।

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अफजाल अंसारी को संवेदनों का लाभ मिल सकता है? इस प्रश्न पर उन्होंने जवाब दिया कि इस बार जनता मनन सिंह की हत्या को लेकर काफी आक्रोशित है और वह संवेदना भारतीय जनता पार्टी के तरफ है। लोकसभा प्रत्याशी के टिकट के रूप में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कोई कार्यकर्ता ही हो सकता है, जिसकी घोषणा बहुत जल्दी ही की जाएगी।

# प्रभात फेरी निकाल कर मतदान के लिए किया गया जागरूक

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जनपद के करमा विकास खण्ड में आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार के निर्देशन में गत चुनावो में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले समस्त चिन्हांकित बूथों हेतु मतदाता जागरूकता अभियान संचालित कराने क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक की अगुवाई में चंद्रगुप्त मौर्य इंटरमीडिएट कॉलेज मधुपुर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला विद्यालय निरीक्षक एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया जिसमे छात्र छात्राओं द्वारा जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए विस्तारित ध्वनि यंत्रों के माध्यम से गीतों एवं नारों का प्रयोग किया गया तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधक दयाशंकर सिंह सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस आयोजन में जनपद के स्वीप नोडल शिक्षक अनिल पासवान प्रवक्ता राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज एवं आनंद त्रिपाठी सहित सैकड़ो की संख्या में जनमानस ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की। इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज अनपरा परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में मतदान हेतु छात्राओं को शपथ दिलाई गई। विकास खंड चतरा के राजकीय बालिका हाई स्कूल में शिक्षिका शिखा वर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता हेतु छात्र-छात्राओं में कविता पाठ का भी आयोजन किया गया। विकास खंड करमा के हंस वाहिनी इंटर कॉलेज कसया कला में भी प्रार्थना सभा के दौरान छात्राओं को मतदान हेतु जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

# श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

- ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह

**संवाददाता।** प्रयागराज



**ज्वाला** देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी रहे। अध्यक्ष के रुप में प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी तथा विशेष उपस्थिति संगठन मंत्री काशी प्रांत डा राम मनोहर प्रबंधक डा संजय सिंह एवं अध्यक्ष च्यवन भार्गव रहे। मां सरस्वती के सम्मुख दीपार्चन पुष्पार्चन एवं सरस्वती वन्दन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने कराया।

वहीं अतिथियों ने हस्तलिखित पत्रिका हिन्दी हस्तलिखित पत्रिका अंग्रेजी एवं नई दिशा पत्रिका का विमोचन भी किया। विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल विद्यालय के परीक्षा प्रमुख सुरेश चन्द्र त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सत्र 2023 24 के शैक्षणिक एवं विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि महापौर गणेश केशरवानी ने कहा कि पुरस्कार किसी व्यक्ति के जीवन में उत्साह एवं गति प्रदान करते हैं। यदि इसका प्रारंभ छात्र जीवन से ही हो जाए तो निश्चित रुप से उन्हें नित नये कीर्तिमान स्थापित करने से कोई रोक नही सकता। इस हेतु सम्बन्धित संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संगम नगरी के लिए गर्व का विषय है कि विद्या भारती द्वारा संचालित ज्वाला देवी इण्टर कालेज निरन्तर ऐसी प्रतिभाओं को तराश रहा है जो अपने भावी जीवन में भारत माता के यश में वृद्धि करेंगे और समाज को सच्ची दिशा प्रदान करने में अपना अपूर्व योगदान प्रदान करेंगे।

प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों से निकले युवा आज भारत में ही नही पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाये गये मेक इन इंडिया कांसेप्ट के माध्यम से पूरे देश की दिशा एवं दशा परिवर्तित करने में अपनी भूमिका निभाकर एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। विद्यालय के प्रबन्धक डा संजय सिंह ने अतिथियों अभिभावकों का आभार जताया।

इस अवसर पर विजय उपाध्याय जगदीश सिंह आशीष गुप्ता कमलाकर डा विन्ध्यवासिनी त्रिपाठी सतीश चिन्तामणि सिंह मीना श्रीवास्तव मोहन जी टण्डन राजीव शुक्ला इन्द्रजीत त्रिपाठी शालिकराम सुरभि त्रिपाठी मीडिया प्रभारी सरोज कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय के आचार्य सन्तोष पाण्डेय और संजय राय के मार्गदर्शन में आयुषी एवं मीनाक्षी ने किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा कर रहा है इफको: संजय कुदेशिया



**प्रयागराज।** इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर कृषि किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को पूरा करने के लिए इफको लगातार काम कर रहा है। इफको फूलपुर इकाई में गत वित्तवर्ष 2023 24 में नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। यूरिया वन संयंत्र में अब तक की सबसे कम वार्षिक ऊर्जा का खपत 5.818 गीगा कैलरी मीट्रिक टन के अपने पिछले न्यूनतम रिकार्ड वर्ष 2020 21 में 5.820 गीगा कैलरी मीट्रिक टन से भी कम रहा। यूरिया टू संयंत्र में अब तक की सबसे कम वार्षिक ऊर्जा का खपत 5.132 गीगा कैलरी मीट्रिक टन अपने पिछले न्यूनतम रिकार्ड वर्ष 2022 23 में 5.134 गीगा कैलरी मीट्रिक ऊर्जा का खपत टन से भी कम रहा। जबकि पूरे इफको फूलपुर संयंत्र का 5.386 गीगा कैलरी मीट्रिक टन का अपने पिछला न्यूनतम रिकार्ड 2022-23 में 5.398 गीगा कैलरी मीट्रिक टन से भी कम रहा। एक तरफ यह राष्ट्रीय ऊर्जा का संरक्षण है तथा पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही लगभग 32 करोड़ रुपये सीधा देश का राजस्व बचत है।

यूरिया प्लांट का उत्पादन अपने निर्धारित लक्ष्य 18.35 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष 19 लाख मीट्रिक टन रहा जोकि अपने क्षमता का लगभग 110 प्रतिशत है। गत वित्त वर्ष में इफको फूलपुर इकाई को विभिन्न क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में सुरक्षा के क्षेत्र में पर्यावरण के क्षेत्र में तथा व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्त हुए। इस वर्ष न्यूनतम ऊर्जा खपत के साथ रिकार्ड उत्पादन पर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया को इस सफलता पर इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी और महामंत्री स्वयं प्रकाश इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय महामंत्री विनय यादव ने बधाई दिया। इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने नए वित्त वर्ष 2024 25 की शुभकामनाएं दी तथा इस सफलता का श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया। यह जानकारी स्वयं प्रकाश जनसम्पर्क अधिकारी इफको फूलपुर ने दी।

# रानी रेवती देवी में वार्षिक परीक्षा परीक्षाफल वितरण एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह संपन्न

**संवाददाता।** प्रयागराज



**रानी** रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश निरीक्षक विद्या भारती काशी प्रांत शेषधर द्विवेदी अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता के एन कुमार विशिष्ट अतिथि पूर्व शासकीय अधिवक्ता एवं विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार पाल तथा अपर शासकीय अधिवक्ता श्याम नारायण राय ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय तथा परीक्षा प्रमुख अवधेश कुमार ने परीक्षाफल वृत निवेदन प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतिभा अलंकरण से सम्मानित किया गया। अनुष्का पांडे यशी तिवारी कीर्ति सिंह प्रियांशी श्रीवास्तव एवं पल्लवी पांडेय ने गायन में तथा वासुदेव पांडे एवं चंदन वैश्य ने तबले पर बहुत ही सुंदर साथ देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

प्रतिभा अलंकरण समारोह में एलकेजी यूकेजी में आयुष्मान वर्मा प्रथम तृतीय से पंचम में बालकृष्ण बिंद एवं काजल बिंद प्रथम षष्ठ में प्रिंस सोनी प्रथम सप्तम में जय आदित्य सिंह प्रथम अष्टम में सलोनी पांडे प्रथम नवम में रागिनी यादव प्रथम एकादश गणित वर्ग में साक्षी मौर्य एवं एकादश जीव विज्ञान वर्ग में प्रमा द्विवेदी तथा एकादश वाणिज्य वर्ग में अरविंद बरोलिया ने एवं खुशी पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार सहित विद्यालय को गौरवान्वित किया।

प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले समस्त छात्र छात्राओं को हकीम रामदास एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता के एन कुमार ने एक हजार रुपए सात सौ एवं पांच सौ रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## भाजपा की 421 सीटों पर जीत के लिये हुआ हवन

**प्रयागराज।** गौ सेवक परिवार के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मंदिर खुशहाल पर्वत के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की 421 सीटों पर विराट विजय को लेकर डॉ ओमप्रकाश सेठ के संयोजन में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने 421 पराय नम: स्वाहा का मंत्र जपते हुए हवन यज्ञ में अपनी आहुति दी। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी डा पी सी केसरी ने कहा कि सनातन धर्म के संरक्षण एवं राष्ट्र की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को साकार करना होगा। कार्यक्रम का समापन एवं संचालन डॉ ओम प्रकाश सेठ ने किया। इस अवसर पर अतुल खन्ना डीडी जोशी रवि शंकर पांडे ए के शुक्ला अनिल पांडे एवं संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वागत के साथ नये छात्रों का कराया गया दाखिला



**सकलडीहा, चन्दौली।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय नई बाजार में बुधवार को प्रवेश उत्सव और छात्र परिचय स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 6 में नवीन नामांकन कराने वाले छात्रों को विद्यालय के अध्यापक अरुण रत्नाकर द्वारा कापी कलम चाकलेट और माला फूल पहनाकर स्वागत किया । परिषदीय विद्यालय प्रशासन के इस पहल का अभिभावकों ने सराहना किया।

शासन की ओर विद्या प्रवेश कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत विद्यालय में बच्चों का नया नामांकन हो रहा है। इस क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नईबाजार में कक्षा छ: में नये बच्चों का नामांकर उत्सव पूर्वक किया गया। शिक्षक अरुण रत्नाकर ने बताया की मेरे तरफ से यह एक छोटा सा प्रयास किया गया। जिससे की विद्यालय के नामांकन में वृद्धि हो और बच्चों का पहला दिन यादगार रहे । वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने भी इस पहल की प्रशंसा की और कहा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का शुरू से ही स्कूल से लगाव होगा और बच्चों का नए स्कूल जाने का भय नहीं होगा।

## मतदान होने से पहले सभी तैयारी कर लें पूर्ण: डीएम

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिह ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोक समा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत डाकमत पत्र ई0डी0सी0 के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारियो सहायक रिटर्निंग आफिसरों के साथ बैठक की। बैठक में 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं निर्वाचन के कार्मिकों व सेना के कार्मिको जो जनपद के मूल निवासी है और अन्य जनपदों में कार्यरत है, ऐसे मतदाताओ को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारियो सहायक रिटर्निंग आफिसर ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करते हुए तैयारी पूरी कर ले, ताकि मतदान के समय किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और अपने मतादाधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सके। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि 85 प्लस व दिव्यांगता 40 प्रतिशत मतदाता को समय से बैलट पेपर उपलब्ध हो, इसके लिए संबंधित बीएलओ को प्रशिक्षित भी कर दिया जाए, जिसे मतदान की दिन मतदान कराया जा सके। उप जिलाधिकारियों सहायक रिटर्निंग आफिसरों को कहा कि ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करते हुए उनके घर जाकर निरीक्षण करते हुए जायजा भी लेते रहें।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में जिले में 23756 महिलाओं को मिला फायदा

- अभी तक पहले जन्मे लड़का व लड़की पर मिलता था लाभ
- पोर्टल खुला और आशाओं को मिली फार्म भरने की जिम्मेदारी
- प्रदेश में 29 वां स्थान पाने में जिला कामयाब
- हेल्पलाइन पर संपर्क कर योजना का लाभ पाएं

**संवाददाता।** मीरज़ापुर

**जनपद** में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली राशि अब दो किस्तों मिलने का ऐलान पहले ही किया जा चुका है। उसके बाद 2.0 अपलोड करने के लिए पोर्टल को शुरू कर दिया गया है और फार्म भरने की जिम्मेदारी अब जिले के आशाओं को दी गई है।

पोर्टल के खुलते ही दूसरे जन्मे बच्ची पर भी अब पांच हजार दिये जाने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। यह सुविधा पहले नही थी। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सी0एल0 वर्मा ने एकबैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि हर गर्भवती के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह अति महत्वाकांक्षी योजना है। इससे लाभान्वित करने के लिए विभाग हर स्तर से प्रयास कर रहा है। जिले में यह योजना 1 जनवरी 2017 से संचालित है। जिले में 1 जनवरी 2017 से आज तक 76937 गर्भवती महिलाओं को लाभ पहुंचाया गया है।

लेकिन अब इसको दूसरे जन्मे बच्ची पर भी लाभ अब दिया जायेगा। इसके लिए कुछ दिनों के पोर्टल बन्द कर दिया लेकिन अब उसको खोल दिया गया है और फार्म भरनेकी जिम्मेदारी अब आशाओं को दी गई उनका यूजर आईडी व पासवर्ड आते है उनको अगले सप्ताह प्रशिक्षण भी देने का कार्य किया जायेगा।

इस आशय की जानकारी पत्र के माध्यम से विभाग के द्वारा एक से दो दिन के अन्दर सभी आशाओं व प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सूचित कर दिया जायेगा। इस व्यवस्था के शुरू होने से जिले के नये लाभार्थी भी इस योजना से लाभान्वित हो सकेगे। जिसके तहत अभी तक 23756 महिलाओं को विभाग स्तर से लाभान्वित किया जा चुका है। जो लक्ष्य से आधे से अधिक की संख्या और इसी आधार पर जिला प्रदेश में 29 वां स्थान हासिल किया है।

***तीन किस्तों में मिलता है लाभ***

नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर वी0के0 चौधरी ने बताया कि इस योजना केअंतर्गत प्रथम बार गर्भवती होने पर महिलाओं को उनके खातेमें सरकार द्वारा 5000 रुपये तीन किस्तों में दी जाती है। इस योजना के तहत पहली बार गर्भधारण करने वाली महिला कोगर्भधारण के बाद रजिस्ट्रेशन कराने पर प्रथम किस्त के रुपमें एक हजार रुपये व दूसरी किस्त गर्भवती महिला को अपनीप्रसव पूर्व जांच हो जाने पर दो हजार रुपये व तीसरी किस्त प्रसव के उपरान्त बच्चे को सभी टीके लग जाने के साथ ही दो हजार रुपये दिए जाते है। लेकिन अब शासन स्तर से निर्देशित किया गया है कि अब यह दो किस्तो में ही भुगतान करने की व्यवस्था कर दी गई है।

हेल्पलाइन पर संपर्क कर योजना का लाभ पा सकते हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए प्रथमबार गर्भधारण करने वाली पात्र महिला लाभार्थी राज्य स्तर से जारी हेल्पलाइन न0 104 व क्षेत्रीय आशा एवं एएनएम से संपर्क करने और योजना का लाभ उठाएं। उन्होंनेबताया कि एक जनवरी 2017 से अब तक 76937 प्रथमबार गर्भवती होने वाली महिलाओं को योजना का लाभ मिलचुका है और इस वर्ष भी 23756 महिलाओं को लाभ दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उद्देश्य गर्भावस्था प्रसव और स्तनपान के दौरान महिलाओं को जागरुक करनाऔर जच्चाब्बच्चा देखभाल और संस्थागत सेवा के उपयोग कोबढ़ावा देना महिलाओं को पहले छह महीनों के लिए प्रारंभिक और विशेष स्तनपान और पोषण प्रथाओं का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना। गर्भवती और स्तनपान कराने वालीमाताओं को बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के लिए बैंक द्वारानकद प्रोत्साहन प्रदान करना।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जिला कार्यक्रम सहायक विजय शंकर ने बताया कि आवेदन के लिए जरुरी दस्तावेज आधार कार्ड की फोटोकॉपी बैक या पोस्ट ऑफिस खाता की पासबुक आधार नंबर होने पर पहचान संबंधी पत्र जरूरी है। जिसके अंतर्गत पहली बार मां बनने वाली महिला व स्तनपान कराने वाली माता को उनके प्रथम बच्चे पर पांच हजार रुपए5000 रूपये की आर्थिक सहायता दी जाती हैए जानकारीहेतु प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात आशा व एएनएम से सम्पर्क कर सकते है।

## अवैध बन्दूक के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने एवं चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अवैध शस्त्र की तस्करी व बिक्री के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक मुख्लायल व क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्वेक्षण व नेतृत्व में 3 अप्रैल को थाना अनपरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुलडोमरी से अभियुक्त देव कुमार पटेल पुत्र बल्ले पटेल निवासी कुलडोमरी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के कब्जे से एक अदद अवैध बन्दूक 12 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। मुल्जिम गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रमाकान्त पाल, हे0का0 विपिन जायसवाल राजहंस कुमार शामिल रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम




**अंबेडकर नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थित में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण 27 मास्टर ट्रेनरो को दिया गया। जिसमें एक-एक मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम मशीन को जोड़ने तथा उनके निर्वाचन के दौरान या निर्वाचन शुरू होने के पूर्व उत्पन्न होने वाले त्रुटियों के संबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया तथा प्रत्येक मास्टर ट्रेनरों द्वारा एक-एक करके स्वयं पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों को अवगत कराया गया साथ ही साथ कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट व वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों से इसके बारे में विस्तृत रूप से पूछा भी गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा,मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## पाकिस्तानी राजनीति

### इमरान को राहत

**इमरान खान को 'तोशाखाना' मामले में राहत** पाकिस्तानी राजनीति का एक अंग है। यह क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान की मामूली विजय है जिससे उनको अपने खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार मामले में अदालत से थोड़ी राहत मिली है। एक नाटकीय घटनाक्रम में अदालत ने पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को मिली 14 साल की जेल की सजा स्थगित कर दी। इमरान खान को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सजा स्थगित करने से राहत मिली है जो उन पर व उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में थोपी गई थी। 31 जनवरी को जवाबदेही अदालत द्वारा सजा देने के बाद युगल ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में फैसले को चुनौती दी थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी सजा स्थगित कर तथा जमानत दे कर युगल को अस्थाई राहत दी है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दिए इस फैसले पर काफी विवाद हुआ है और इसने एक बार फिर पाकिस्तान में जवाबदेही और प्रशासन की स्थिति पर सवाल उठा दिए हैं। इस मामले का संबंध उन आरोपों से है कि इमरान खान और उनकी पत्नी को विदेशी हस्तियों से पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के कार्यकाल में कीमती उपहार मिले थे जिनको उन्होंने सरकारी खजाने में जमा नहीं किया। सजा स्थगित करने के फैसले ने पूरे पाकिस्तान में तीखी बहस छेड़ दी है। इमरान खान के समर्थक इसे न्याय की विजय बताते हुए कह रहे हैं कि अपराध के समुचित प्रमाण नहीं थे और सत्तारूढ़ पार्टी ने बदले की भावना से कार्रवाई की थी। दूसरी ओर आलोचकों का तर्क है कि इस कदम से पाकिस्तान के भ्रष्टाचार-विरोधी प्रयासों को धक्का लगा है और इससे न्यायपालिका की भूमिका पर भी सवाल उठते हैं।



यह फैसला पाकिस्तान में ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है जब देश अनेक आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। सत्ता में आई नई सरकार अपनी वैधता के लिए प्रयास कर रही है। आम समझ है कि चुनाव धोखा थे और सीखचों पीछे होने के बावजूद इमरान की लोकप्रियता बनी हुई है। उनको दो साल पहले पाकिस्तानी सेना की नजरों से गिरने के बाद पद से हटा दिया गया था, जबकि सेना देश में 'किंगमेकर' की भूमिका अदा करने के कारण काफी प्रभावशाली है। इमरान ने आम चुनाव में अपनी पार्टी के लिए प्रचार किया था, पर उनको चुनाव के ठीक पहले जेल में डाल दिया गया और वे पूरे चुनाव के दौरान बंद रहे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन इस चुनाव में विजयी हुई और शहबाज शरीफ़ को देश का प्रधानमंत्री बनाया गया। आम समझ यह है कि इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीके इन्साफ का व्यापक समर्थन आधार है और इमरान लोकप्रिय नेता बने हुए हैं। अब अदालत का फैसला अपने पक्ष में आने के बाद इमरान सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ ज्यादा आक्रामक होंगे। इमरान के समर्थक जहां इसे उनके नेतृत्व की स्वीकारोक्ति तथा राजनीतिक विरोधियों को धक्का मानते हैं, वहीं पीएमएल-एन अब इमरान की गलतियां खोजने में और गंभीरता दिखाएगी। लेकिन पाकिस्तानी राजनीति में सेना की भूमिका संदिग्ध व चिन्ता का विषय है। इन चुनौतियों के बीच पाकिस्तान अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहा है। देश में सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है। वर्तमान समय में अनेक प्रकार की उथलपुथल के शिकार पाकिस्तान के लिए मजबूत और सिद्धान्तवादी नेतृत्व की आवश्यकता पहले के किसी भी समय की तुलना में अधिक है।

# राजनीतिक पैंतरेबाजी के गंभीर खतरे

**परंपरागत राजनीति में परिवर्तन के दावे करने वाली 'आप' जैसी पार्टियां अवसरवाद तथा खराब प्रदर्शन के पुराने रास्ते पर ही चल रही हैं।**



**सुखदेव सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



लोकतंत्र में राजनीतिक पार्टियां प्रशासन में जनता का सामाजिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करती हैं और अपने संगठन से लोकतंत्रों को कारगर बनाती हैं। चूंकि यह प्रतिनिधित्व व्यक्तियों द्वारा होता है, इसलिए एक या अधिक नेताओं या अनुयाइयों का सामान्य रुझान संबंधित व्यक्तिगत नेताओं और राजनीतिक पार्टियों की विजय सुनिश्चित करता है। यदि पार्टी राजनीतिक विचारधारा, विकास नीतियों और अन्य नीतिगत कार्यक्रमों से निर्देशित होती है तो नेतृत्व में परिवर्तन पार्टी की प्रमुख विचारधारा या प्रशासन की संवैधानिक भावना को प्रभावित करता है। इसे स्वस्थ सुधारात्मक प्रयास कहा जा सकता है। लेकिन यदि यह रणनीतिक स्थानीय व्यक्तियों के आयामों से प्रभावित होती है जिनका संबंध केवल किसी व्यक्ति की प्रगति तथा उसके चुनाव जीतने, मंत्रिमंडल में पद प्राप्त करने या दूसरों को प्रभावित करने से हो तो यह लोकतंत्र, जनता तथा देश के लिए गंभीर चिन्ता का विषय बन जाता है। चिन्ता का एक और विषय आम जनता का राजनेता वर्ग में घटता विश्वास है। इसके चलते मनुष्यों और राजनेता वर्ग की निष्ठा संदेह के घेरे में आती है जिसका कारण राजनेताओं की 'कथनी' और 'करनी' में अंतर होता है। भारतीय लोकतंत्र इन दोनों राजनीतिक परिघटनाओं के कारण खतरे का सामना कर रहा है जो इतिहास में इतना गंभीर कभी नहीं था।

सत्ता में आने वाली प्रमुख राजनीतिक पार्टियां चुनाव के दौरान जो वादे करती हैं, उनको चुनाव के बाद जमीन पर लागू नहीं किया जाता है। जैसे केवल इतना काफी न रहा हो, व्यक्तिगत रणनीतिक हितों के कारण पार्टियां बदलने के खेल ने पहले के किसी भी अन्य समय की तुलना में आज तेजी पकड़ ली है। ज्यादा चिन्ताजनक बात यह है कि राजनीतिक पार्टियां स्वयं ऐसे सक्रिय राजनेताओं को पसंद करती हैं जो जानबूझ कर अपना रंग बदल कर पालाबदल करते रहते हैं। व्यक्तिगत नेताओं या राजनीतिक पार्टियों को विचारधाराओं या नीतियों में विसंगतियों की जरा भी चिन्ता नहीं है। उनका एकमात्र उद्देश्य चुनाव जीतना और सत्ता में बने रहना होता है। व्यक्तिगत नेताओं या राजनीतिक पार्टियों को इस बात की जरा भी चिन्ता नहीं होती है कि उनके इस पालाबदल से प्रशासन प्रभावित होता है तथा प्रतिनिधित्व व नीति-निर्माण में लोगों का विश्वास टूटता है। इससे राजनीतिक जुड़ावों, पार्टी की नीतियों तथा उनके घोषणापत्रों की वैधता संदिग्ध हो जाती है।

पंजाब में पिछले कुछ वर्षों में हुई घटनायें एक महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय हैं। परंपरागत राजनीतिक समूहों के कामकाज से निराश पंजाब के लोगों ने पहली बार एक नई राजनीतिक पार्टी 'आप' को चुना जो परंपरागत पार्टी व्यवस्था को चुनौती दे रही थी। लेकिन उन्होंने पाया कि 'आप' भी परंपरागत राजनीतिक पार्टियों के रास्ते पर चल रही है जिससे उनमें निराशा और गंभीर हुई है। चुनावी वादे पूरे करने के लिए गंभीर योजना बनाने और जनता के लिए काम करने के बजाय लगातार दूसरों पर दोषारोपण कर चुनाव जीतने तथा परंपरागत पार्टियों की तरह ही काम करने के कारण जनता में जोश के बजाय निराशा पैदा हुई है। अपने सदस्यों को विभिन्न स्तरों पर चुनाव मैदान में उतारने अथवा अकादमिया या एनजीओ से संभावित उम्मीदवारों को चुनने के बजाय उसने अन्य परंपरागत पार्टियों के परंपरागत नेताओं को पसंद किया जो विचारधारा, पुराने राजनीतिक प्रशिक्षण या कामकाज के तरीके की चिन्ता किए बिना केवल अपने 'नाम' की चिन्ता करते थे। जालंधर में अनुराग शीतल ने 2022 में भाजपा छोड़ कर आप के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा, पर अब वे आप को छोड़ कर फिर भाजपा में शामिल हो गए हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में उनके कांग्रेसी प्रतिद्वंद्वी सुशील कुमार रिंकू को अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में आप में शामिल कर 2023 में जालंधर से उप-चुनाव में उतार दिया गया, जबकि आप विधायक अनुराग शीतल ने इसका घोर विरोध किया था। आप नेताओं को इससे घोर निराशा हुई कि इस स्थिति से परेशान सुशील रिंकू ने आप से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू ने आप के वरिष्ठ नेतृत्व पर कोई काम न करने का आरोप लगाया है।

आप के मजबूत समर्थन से सुशील कुमार रिंकू संसदीय उप-चुनाव में जीत गए थे। लेकिन अगस्त, 2023 में उनको संसदीय सत्र से निलंबित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने 'दिल्ली सर्विस बिल' पर भाजपा का विरोध करते हुए अनुचित व्यवहार किया था। संसद से निलंबित होने के बाद रिंकू ने जंजीरे पहन कर संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और 'लोकतंत्र' के गुलाम बनने की बात कही। उनके साथ विपक्षी दलों के कई अन्य नेताओं ने भी विरोध प्रदर्शन किया था जिनको संसदीय सत्र से निलम्बित कर दिया गया था। केन्द्र सरकार, यानी भाजपा का विरोध करते हुए उन्होंने जनता से 2024 के चुनाव में भाजपा को हराने की अपील की थी ताकि संविधान और भीम राव अंबेडकर की विचारधारा जीवित रखी जा सके। अब विडंबना है कि वे स्वयं भाजपा में शामिल हो गए हैं ताकि फिर सत्ता में आ सकें।

भाजपा ने उनके उस 'अनुचित व्यवहार' की चिन्ता किए बिना उनको फिर अपने साथ ले लिया है, जबकि ऐसे व्यवहार को संसदीय सत्र से निलम्बन के योग्य माना गया था। क्या इस प्रकरण से जनता भ्रमित नहीं होगी कि अब वे उसी भाजपा को सत्ता में लाने की अपील करेंगे जिसे पराजित करने की अपील वे पहले कर चुके हैं? क्या भाजपा आलाकमान के लिए सुशील रिंकू की प्रशंसा करना और उनको गंभीर नेता बताना उचित है जिसने पहले उनको अनुचित व्यवहार के लिए संसदीय सत्र से निलम्बित करने की मांग की थी? क्या इससे जनता में भ्रम और विश्वास का संकट नहीं पैदा होगा?

क्या इसी तरह जनता उस समय भ्रमित नहीं होगी जब अनुराग शीतल रिंकू के लिए चुनाव अभियान में प्रचार करेंगे, जबकि उन्होंने उनके आप में प्रवेश का विरोध किया था? वर्तमान राजनीतिक पालाबदल को देखें तो पता लगेगा कि अनेक कांग्रेसी नेता अपनी पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। एक समय कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़ अब भाजपा के राज्य अध्यक्ष हैं। उनके इस पालाबदल से कांग्रेस आलाकमान और भाजपा के पुराने नेता, दोनों नाराज हैं। ऐसे में क्या आम जनता जाखड़ द्वारा दिए जाने वाले नीतिगत बयानों पर आसानी से विश्वास कर लेगी? कांग्रेस के टिकट पर तीन बार सांसद बन चुके एक नेता ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और वे भाजपा में शामिल हो गए।

एक युवा और राजनीति में नौसिखिये के रूप में उनको एक कांग्रेसी के रूप में अपने बाबा की राजनीतिक हत्या का इनाम मिला था जो उस समय पंजाब के मुख्यमंत्री थे। भाजपा में शामिल होने के बाद अचानक उनको अनुभव हुआ कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का पंजाब के प्रति बहुत प्रेम है, जबकि पहले अनेक बार उनकी विचारधारा, राजनीति और प्रशासन के लिए वे इनकी आलोचना कर चुके हैं। इस प्रकरण को देखते हुए आम लोग उनके बयानों को ईमानदारी से कही बात नहीं मानेंगे। उपरोक्त प्रकरणों के साथ ही देश-प्रदेश में समकालीन राजनीति के अनेक प्रकरणों से जनता का वर्तमान राजनीति, राजनेताओं तथा राजनीतिक दलों से मोहभंग होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह स्थिति निश्चित रूप से भारतीय लोकतंत्र, राजनीतिक प्रणाली तथा शासन-प्रशासन के लिए ठीक नहीं कही जा सकती है।

यह तथ्य खासतौर से महत्वपूर्ण है कि परंपरागत राजनीति में परिवर्तन के दावे करने वाली 'आप' जैसी पार्टियां अवसरवाद तथा खराब प्रदर्शन के पुराने रास्ते पर ही चल रही हैं। इस प्रकार राजनीतिक विमर्श अपनी प्रकृति से कथनी और करनी के बीच मूल्यों के अंतर को परिभाषित करता है। यदि यह अंतर इतना बढ़ जाए कि अनेक अवसरों पर एकदम विपरीत ध्रुवों पर दिखाई दे तो यह पूरी तरह मूर्खतापूर्ण तथा अनाधिकारिक दिखता है। लेकिन इसके बावजूद पंजाब में राजनीतिक पार्टियां एक मूर्खतापूर्ण नाटक कर रही हैं जिसमें जनता 2024 के संसदीय चुनाव में मतदान की तैयारी कर रही है।

# भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने का समय

> यह अज्ञान और बुराइयां ही हैं जो आत्मा को भ्रष्ट करना शुरू कर देती हैं और भ्रष्ट आत्मा से आने वाली हर चीज यानी उसके विचार, भावनाएं, कार्य और आदतें दूषित हो जाएंगी।

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हाल के महीनों में भारतीय मीडिया में एक विषय लगातार सुर्खियां बटोर रहा है और वह है भ्रष्टाचार। भारी घोटालों, केंद्रीय एजेंसियों की जांच, सार्वजनिक विरोध और भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलनों ने इस विषय को मीडिया के सभी वर्गों, सरकारी हलकों और सार्वजनिक और निजी चर्चाओं में जीवित रखा है। नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार पर एक मजबूत भ्रष्टाचार विरोधी कानून बनाने और इसे पूरे देश में आक्रामक तरीके से लागू करने का भारी दबाव रहा है। हालाँकि, इस पूरे संघर्ष में हम इस तथ्य को भूल जाते हैं कि भ्रष्टाचार के मुद्दे से केवल सक्रियता और राजनीतिक जागरूकता से नहीं निपटा जा सकता है। क्योंकि कानून और नियम मनुष्य को चरित्र और नैतिक मूल्यों की मूर्खताओं में शामिल होने से नहीं रोक सकते। यह तनों और शाखाओं को काटने या काटने जैसा है जो फिर से उगेंगे और अधिक दिशाओं में फैलेंगे। ऐसे कानून निश्चित रूप से उच्च सार्वजनिक कार्यालयों में बैठे लोगों को रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के खुले कृत्यों में शामिल होने से रोक सकते हैं, लेकिन यह बुराई को जड़ से खत्म नहीं कर सकते हैं।

तो वह क्या है जो मनुष्य को भ्रष्ट बनाता है? क्या यह शक्ति, रुतबा, धन या इनकी कमी है जो उसे ऐसा बनाती है? भ्रष्टाचार की उत्पत्ति किसी बाहरी परिस्थिति में नहीं पाई जाती, यह वास्तव में मानव आत्मा के मानस या चरित्र में निहित है। इसकी शुरुआत उस इच्छा से होती है जो व्यक्ति को और अधिक पाने, अधिक हासिल करने और खुशी पाने के लिए अधिक धन, संपत्ति, शक्ति और प्रसिद्धि पाने के लिए प्रेरित करती है।

एक बार जब यह शुरू हो जाता है, तो



यह दुष्चक्रों की एक श्रृंखला बनाता है जो खुद को और अधिक इच्छा और भोग से पोषित करता रहता है। इस अंधी दौड़ को उच्च और शक्तिशाली होने की अस्थायी भावना से समर्थन मिलता है जिसके बाद खालीपन, असुरक्षा और निराशा आती है जो व्यक्ति को भ्रष्टाचार के ऐसे कृत्य करने के लिए प्रेरित करती है। यह सब स्वयं की वास्तविक पहचान के बारे में बुनियादी अज्ञानता से शुरू होता है। क्योंकि हमारा मानना है कि हमारा आत्म-मूल्य पैसे, भूमिका, स्थिति, प्रसिद्धि या अधिकार पर निर्भर करता है, हम उसके आधार पर अधिक पहचान बनाने का प्रयास करते हैं। समय के साथ आत्म-मूल्य के ये गढ़े हुए साधन ढह जाते हैं और बिखर जाते हैं और उस डर में, हम इन झूठी समर्थन प्रणालियों को मजबूत करने और उनकी रक्षा करने के लिए सभी प्रयास करते हैं क्योंकि हमें लगता है कि अगर ये सभी पहचानें छीन ली गईं तो हम कुछ भी नहीं हैं।

आध्यात्मिक दृष्टिकोण से, यह कहा जाता है कि लालच, अहंकार, वासना, क्रोध और मोह जैसी बुराइयां शरीर की चेतना से पैदा होती हैं यानी किसी की भौतिक छवि, भूमिका और संपत्ति के साथ स्वयं की गलत पहचान। यह अज्ञान और बुराइयां ही हैं जो आत्मा को भ्रष्ट करना शुरू कर देती हैं और भ्रष्ट आत्मा से आने वाली हर चीज यानी उसके विचार, भावनाएं, कार्य और आदतें दूषित हो जाएंगी। इस अर्थ में, कोई यह कह सकता है कि आज लगभग सभी मानव आत्माएं कुछ हद तक भ्रष्ट हो गई हैं। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि भ्रष्टाचार एक आत्मा-गंभीर बीमारी है और इसे केवल आध्यात्मिक जागरूकता और सशक्तिकरण द्वारा ही ठीक किया जा सकता है। हमें अपने सच्चे स्वरूप के प्रति जागृत होना चाहिए और शांति, पवित्रता, प्रेम और आनंद के अपने मूल मूल्यों के साथ जीना चाहिए। जब हम अंदर देखते हैं और अपनी वास्तविक पहचान और जन्मजात गुणों से अवगत हो जाते हैं, तो हम उन्हें स्वाभाविक रूप से अपने जीवन में व्यक्त और अनुभव करना शुरू कर देते हैं। जो व्यक्ति इस प्रकार स्वयं को सशक्त बनाता है वह जीवन में संतुष्टि का अनुभव करता है। ऐसा व्यक्ति कभी भी संवेदी आकर्षणों और इच्छाओं के जाल में नहीं फंसेगा क्योंकि ऐसा तभी होता है जब हम अपने सहज स्व से अलग हो जाते हैं, हम अंदर से खालीपन महसूस करते हैं और खुश या योग्य महसूस करने के लिए बाहरी चीजों की ओर आकर्षित होते हैं।

आत्मिक चेतना के चरण में, हम स्वाभाविक रूप से अपने गुणों के प्रति जागरूक होते हैं और हम कारण और प्रभाव के नियम – कर्म के नियम – को भी समझते हैं। याद करना! एक आत्मा जो अपनी आध्यात्मिक पहचान से अवगत है वह कभी भी भ्रष्ट कार्यों में लिप्त नहीं होगी क्योंकि वह जानती है कि वे दुख और पतन का कारण बनेंगे। यही अहसास और अनुभव हमें भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएगा।

## आप की बात

### त्रिकोणीय चुनावी मुकाबला

**देश** की राजनीति में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का खास महत्व है। इसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि लोकसभा चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री की पहली सभा 31 मार्च को मेरठ में हुई। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चुनावी शंखनाद मेरठ से ही किया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा, बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला दिखाई दे रहा है। चुनावी प्रबंधन के हिसाब से भाजपा सबसे आगे है, लेकिन अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही बसपा ने भी मजबूत प्रत्याशी उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठजोड़ ने भाजपा को काफी नुकसान पहुंचाया था। लेकिन वर्तमान समय में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के बाद रालोद के जयंत चौधरी को प्रधानमंत्री मोदी के मंच पर मिले महत्व तथा भाजपा-रालोद गठजोड़ ने यहां की राजनीति पूरी तरह बदल दी है। सपा ने भले ही अखिलेश यादव व जेल में बंद आजम खान के बीच टकराव को ज्यादा बढ़ने न दिया हो, पर उसका जमीनी असर निश्चित रूप से दिखाई देगा। दलित हितों के लिए संघर्ष कर रहे चंद्रशेखर आजाद को अपने साथ न लेने का खामियाजा भी सपा-कांग्रेस गठबंधन को भुगतना पड़ सकता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### केजरीवाल की पढ़ाई

**केजरीवाल** जेल में किताबें पढ़ कर शायद कुछ सीखना चाहते हैं। गांधीवादी अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन से उपजे अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी-आप का गठन कर दिल्ली में मुख्यमंत्री बनने तथा पंजाब में अपनी सरकार बनाने में सफल हुए। लेकिन अब शराब घोटाले में वे तिहाड़ जेल में बंद हैं। वहां धर्म, धर्मयुद्ध व राजनीति में पारंगत होने के लिए उन्होंने कोर्ट से रामायण, गीता और हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड पुस्तकों की मांग की है। उनके द्वारा मांगी पुस्तकों में हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स लर्न की ओर सबका ध्यान स्वाभाविक रूप से जाएगा। क्या केजरीवाल को अभी उम्मीद है कि वे कभी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और इसी कारण वे इस पुस्तक का अध्ययन करना चाहते हैं? हो सकता है कि अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री मोदी की रणनीतियों को समझने के लिए यह पुस्तक पढ़ना चाहते हों? वैसे अच्छा होता कि इसके बजाय वे कानून की किताबें पढ़ते क्योंकि उन्होंने अदालत में अपने मामले पर खुद बहस की थी और आगे भी उनको इसकी जरूरत पड़ सकती है। देखना होगा कि जेल में केजरीवाल की पढ़ाई अभी कब तक चलेगी क्योंकि फिलहाल उनकी जमानत दूर लगती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मोदी की गारंटी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने अपने तीसरे कार्यकाल का भरोसा जताते हुए कहा है कि हमें आप भारी बहुमत से जिताइए हम आपको आगे से 24 घंटे बिजली मुफ्त देंगे। इस बिजली से लोग कमाई भी कर सकेंगे। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना इसी दिशा में एक कदम है। छतों पर लगे सौर पैनलों से बनने वाली बिजली का न केवल घरों में उपयोग होगा बल्कि खेतों में भी बिजली मुफ्त मिल सकेगी। इस प्रकार आने वाले दिनों में मोदी सरकार बनने पर बिजली, पानी एवं खाद्यान्न मुफ्त मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्तमान कार्यकाल में ही अनेक जन-कल्याणकारी योजनायें लागू की गई हैं जिनके बारे में पहले कभी सोचा भी नहीं जा सकता था। आयुष्मान भारत योजना से जहां मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है, वहीं नल से जल योजना के माध्यम से घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के प्रयास हुए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब लोगों को सस्ते मकान भी दिए जा रहे हैं। जनता को अब मोदी की बातों पर विश्वास आ गया है कि वे 2047 तक देश से गरीबी पूर्णतः समाप्त कर एक सशक्त मध्य वर्ग बनाने में सफल होंगे। उनके अगले कार्यकाल में ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### विस्तारवादी चीन

**हाल ही में** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अरुणाचल प्रदेश की यात्रा के बाद चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपना हक जताने के लिए उसके तीस स्थानों को नया नाम देने का कदम उठाया है। इसका विरोध भारत सरकार ने किया है और कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। किसी नाम को चीनी नाम देने से ये चीन का नहीं हो जायेगा। विस्तारवादी चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है, जबकि वह भारत का ही हिस्सा है। अमेरिका द्वारा अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देने का भी चीन ने विरोध किया था। भारत सरकार चीन के विस्तारवादी मंसूबों के प्रति पूर्ण सतर्क है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन के इस कृत्य का घोर विरोध किया है और चीन की ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर दिया है। मोदी सरकार के पिछले एक दशक में भारत ने चीन की सीमा पर ढांचागत निर्माण को प्राथमिकता देने के साथ ही भारतीय सशस्त्र बलों की आक्रामक व रक्षात्मक क्षमता में व्यापक वृद्धि की है। आज चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त हो रही है, जबकि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

– **भगवानदास छारिया,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# डीएम ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

- शैक्षिक स्तर में कमी मिलने पर लगायी फटकार
- मध्यान्ह भोजन के बारे में भी ली जानकारी

संवाददाता। श्रावस्ती, भिनगा



**जिलाधिकारी** कृतिका शर्मा ने विकासखण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत ताबड़तोड़ कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने प्राथमिक विद्यालय बगुरैया गलकटवा प्राथमिक विद्यालय टण्डवा बनकटवा एवं प्राथमिक विद्यालय पूरे खैरी का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही शिक्षा व्यवस्था का आकलन किया। प्राथमिक विद्यालय बगुरैया गलकटवा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच कर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। यदि कोई छात्र या छात्रा नामांकन के बाद स्कूल नहीं आ रहें है तो उनके अभिभावक से बात कर स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया जाए ताकि कोई भी शिक्षा से वंचित न रहने पाये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में शिक्षण कार्य ढंग से न पाये जाने पर अध्यापकों को कड़ी फटकार लगायी। उन्होने दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी छात्र-छात्राओं से बात कर परखा तथा बच्चों से ब्लैकबोर्ड पर गणित के प्रश्न भी हल कराये जिस पर बच्चों द्वारा सही उत्तर नही दिया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थिति शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाने के साथ निर्देषित किया कि बच्चों को बेहतर ढंग से पढ़ाया जाए। उन्होने विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राएं यूनीफार्म में न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को छात्र-छात्राओं की यूनीफार्म सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया तथा उनके अविभावकों को भी अपने बच्चों को यूनीफार्म में स्कूल भेजने हेतु प्रेरित भी किया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई किचन पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा के उजियारे से वंचित न रहने पाये इसलिये गुरूजनों का भी दायित्व बनता है कि वे अपने दायित्वों को बखूबी निभावें और नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से बेहतर शिक्षा देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनायें और अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरें। साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु अपील भी की।

तदोपरान्त जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय टण्डवा बनकटवा एवं प्राथमिक विद्यालय पूरे खैरी का भी निरीक्षण किया तथा विद्यालय में मिलीं खामियो को दूर कराने हेतु सम्बन्धित प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें दी जाने वाले सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होने रसोई घर जाकर मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली तथा बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

# 18 शिक्षकों के बकाया भुगतान को लेकर लामबंद हुआ उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ

संवाददाता। संतकबीरनगर



**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक मौलाना आजाद इंटर कालेज खलीलाबाद में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश राम व संचालन जिला मंत्री गिरिजानंद यादव ने किया। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक की लापरवाही के कारण बोर्ड परीक्षा वर्ष 2020 के बकाया 18 शिक्षकों के पारिश्रमिक का भुगतान नही हो पाया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बजट 31 मार्च को बिना भुगतान किए सरेंडर कर दिया गया। जिससे किसी भी दशा में बर्दास्त नही किया जायेगा। प्रकरण की शिकायत 5 अप्रैल को जिलाधिकारी से की जाएगी। श्री द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2020 के कोविड काल में राजकीय इंटर कालेज खलीलाबाद में शिक्षक अनिल कुमार, अरविंद कुमार, अवधेश कुमार, बजरंगी प्रसाद, दीप्ति गहलौत, हकीमुल्लाह, कुलदीप कुमार यादव, महेंद्र कुमार यादव, पवन कुमार चौधरी, पुरुषोत्तम यादव, संदीप कुमार शर्मा, संतोष कुमार सिंह, श्रीचंद्र वर्मा, स्मृति पाठक, सुनैना कसोधन, सूर्य नारायण राय, सूर्य प्रकाश पांडेय व विनय कुमार पांडेय ने बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया था किंतु बजट के अभाव में उक्त शिक्षकों के पारिश्रमिक का भुगतान नही हो पाया था।

जिसके लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ निरंतर आंदोलन कर रहा था। आंदोलन के उपरांत सरकार ने बजट निर्गत कर वर्ष 2018, 2019, 2020 व 2022 के बकाया पारिश्रमिक के भुगतान का आदेश निर्गत किया था। बैठक कर माध्यमिक शिक्षको ने रणनीति बनाई। इसी क्रम में ईद के पूर्व वेतन भुगतान की मांग की है।

# एडीजे ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, सुधार के दिये निर्देश



**संतकबीरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह के द्वारा वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया। एक-एक करके सभी बुजुर्गों से बात चीत की गई तथा उनको दिए जाने वाले खाद्य पदार्थ एवं अन्य सुविधाओं के बारे में बात चीत की गई। श्री सिंह ने बताया कि माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के तहत अपनी आय अथवा अपनी संपत्ति के द्वारा होने वाली आय से भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, वे अपने व्यस्क बच्चों अथवा संबंधितों से भरण-पोषण करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वृद्धाश्रम का भवन अभी निर्माणाधीन है। वृद्धाश्रम में पुरूष और महिला दोनों रहते हैं।

उनके रहने, खाने-पीने और चिकित्सा की नि:शुल्क व्यवस्था है। आश्रम के मैनेजर को हिदायत दिया की शुद्ध तथा स्वच्छ नाश्ता, भोजन, कपड़े इत्यादि की व्यवस्था हर हाल में हो, तथा समस्त वृद्धजन अपने अधिकारों से वंचित ना रहें।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ है जीरो टॉलरेंस की नीतिः लल्लू सिंह

- भाजपा सांसद ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को किया संबोधित

संवाददाता। अयोध्या




**सांसद** लल्लू सिंह ने सिविल लाइन स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है। भ्रष्टाचार को लेकर सरकार ने कड़े कदम उठाये है। इसमें शामिल हर व्यक्ति पर कार्रवाई हो रही है। परन्तु कुछ नेता है जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के सबूतों की बड़ी सूची होने के बाद भी वह घमंड के साथ अपने गुनाह को लेकर गुमराह करने वाले तर्क दे रहे है। लेकिन जनता गुमराह होने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दावा करती है कि केजरीवाल के समर्थन में रैली हुई। लेकिन कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में रैली नहीं बल्कि गठबंधन की रैली है। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दिल्ली में एक साथ है। लेकिन पंजाब में अलग है। बिहार में आरजेडी ने अपने उम्मीदवार पहले खड़े कर दिये। कर्नाटक में उद्धव ठाकरे ने भी अपने उम्मीदवार पहले घोषित कर दिया। यह दर्शाता है कि जहां आपस में वैचारिक मतभेद है। वहां केवल गुमराह करने वाली बातें हो रही है।

उन्होंने कहा कि भष्टाचार में लिप्त लोग एक जैसी गतिविधि कर रहे है। हर दिन नया झूठ बोलते है। देश के प्रधानमंत्री को अपशब्द कहते है। हिन्दू धर्म का विरोध करते है। घोटाले सामने आने पर जब जांच एजेन्सियां नोटिस देती है। तो पहले तो उसे इग्नोर करते है। कार्रवाई होती है तो कोर्ट जाते है। कोर्ट अगर फटकार लगाती है तो विक्टम कार्ड खेलने के साथ देश के लोकतंत्र पर खतरा बताते हुए जनता को गुमराह करने का प्रयास करते है। यह सब वह लोग कर रहे है जो बंगाल संदेशखाली की घटना पर चुप है। देश को तोड़ने की बात कहने वालों पर एक्शन के बजाए उन्हें लोकसभा टिकट देते है। धार्मिक ग्रंथो का अपमान करते है। पहले झूठे आरोप लगाते है। बाद में उससे माफी मांगते है। आज जेल में बंद भ्रष्टाचारी नेताओं को जमानत तक नहीं मिल रही है। सत्येन्द्र जैन, मनीष सिसोदिया को कोर्ट ने जमानत नहीं दी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उपर आजादी के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की लम्बी सूची है। इसके शीर्ष नेतृत्व तक घोटाले में जेल से बेल तक चल रहे है। सपा के भ्रष्टाचार के बारे में सभी जानते है। इनके परिवारवाद से कभी उत्तर प्रदेश की जनता पीड़ित थी। सपा ने अपने शासन काल के दौरान भ्रष्टाचारियों व माफियाओं को संरक्षण प्रदान किया था।

उन्होंने कहा कि रामनगरी आने वाले तीर्थयात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा किया जा रहा है। विकास के माध्यम से सरकार ने अयोध्या में पयर्टन सुविधाओं का अभूतपूर्व विकास किया है। विकास की इस गौरवगाथा से देश के विभिन्न क्षेत्रों से रामनगरी आने वाले तीर्थयात्री अवगत हो रहे है तथा वापस लौटने के बाद अपने क्षेत्र के लोगो को बता रहे है। अयोध्या के विकास से पूरे देश में उत्साह है। यहां सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारा गया है।

## क्विक न्यूज

### स्मृति ने निभाया अपना वादा, बनीं अमेठी से मतदाता

**अमेठी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दीदी स्मृति इरानी ने अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों से किया एक और वादा पूरा कर दिया है। अमेठी से पारिवारिक रिश्ता जोड़ने वाली स्मृति इरानी अब अमेठी से मतदाता भी बन गई हैं। गौरीगंज के मेदन मवई गांव में अपना आवास बनाने के बाद उन्होंने मतदाता बनने के लिए आवेदन किया। जिसके बाद उन्हें मेदन मवई गांव में मतदाता बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति अमेठी को अपना परिवार मानती हैं। अमेठी परिवार के बीच रहने के लिए ही उन्होंने यहां अपना आवास बनवाया है। आवास बनने के साथ ही दीदी स्मृति ने अमेठी से खुद को मतदाता बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। औपचारिकताएं पूरी होने के साथ ही वह अमेठी संसदीय क्षेत्र के गौरीगंज विधान सभा क्षेत्र के मेदन मवई गांव के 347 बूथ संख्या की मतदाता बन गई हैं। अमेठी से मतदाता बनने पर स्मृति ने खुशी जताते हुए इसे अपने जीवन की बड़ी उपलब्धि बताते हुए विश्वास जताया है कि इससे हमारे रिश्तों को अमेठी में और मजबूती मिलेगी।

### मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन से 25 वार्डों में हो रहा प्रचार

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देशन में नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के 25 वार्डो में मतदाता जागरूकता प्रचार का प्रचार-प्रसार हो रहा है। ई0ओ0 अवधेश सिंह भारती ने बताया कि नगर पालिका के वार्डो में प्रयोग होने वाले वाहनों पर माईक लगाकर सरल भाषा में मतदाता जागरूकता विषय पर संगीत के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने नगरवासियों से अपील किया है कि अपने मताधिकार का प्रयोग आगामी 25, मई को अवश्य करें। अधिकांश स्थानों पर पोस्टरों के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त अभियान



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत के नेतृत्व में व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से चिन्हित 1281 सैम (तीव्र कुपोषित श्रेणी) बच्चों के प्रबन्धन का अभियान संचालित किया जा रहा है। जनपद में 1949 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है, जिसमें 0 से 5 वर्ष के 161712 बच्चे पंजीकृत है, बच्चों के वजन और लम्बाई नापने के बाद 1281 बच्चे सैम श्रेणी में पाये गये तथा इन बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु स्वास्थ्य विभाग व बाल विकास विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से सैम बच्चों के घर पर भ्रमण किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान 10 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह द्वारा सीएचसी मुसाफिरखाना के तहत मोहम्मद उबैद उम्र 1 वर्ष माता सुबरा बानो पिता अमीरखान एवं सृष्टि माता हेमावती पिता राम धीरज निवासी ग्राम कंजास में सैम बच्चे का परीक्षण किया और साफ-सफाई, घर में उपलब्ध सामग्री बच्चे को कब-कब क्या खिलाना है आदि के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया।

### अपहृत को पुलिस ने किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने एसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी के दौरान रानीगंज ओवरब्रिज के पास से लवकुश पुत्र देवता दीन निवासी ग्राम मैगलगंज मजरे कचनांव थाना जगदीशपुर अमेठी को गिरफ्तार कर अपहृत को बरामद कर लिया। गिरफ्तार युवक अपहरण के मामले में वांछित था।

### कूट रचित दस्तावेज बनाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने नगर पंचायत कार्यालय से गृहकर रजिस्टर चोरी कर व धोखाधड़ी करते हुए कूट रचित कागजात तैयार करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में तैनात कर्मी राधेराम वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आकाश कुमार पुत्र राजेश कसौंधन निवासी वार्ड नं 05 मोहल्ला गल्ला मंडी मुसाफिरखाना को मय हमराही पकड़ कर एक अदद गृहकर रजिस्टर वर्ष 1997 से 2002 तक का एक अदद फोटो कॉपी पेज संख्या 33 व एक प्रार्थना पत्र के साथ कोतवाली पुलिस को सुपुर्द किया ।जिसके बाद आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित करीब आधा दर्जन गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया ।

# कृष्णा प्रेमी झांकी समूह के कलाकार हुए सम्मानित

- यूपी के कोने-कोने में रायबरेली का नाम रोशन कर रहे कृष्णा प्रेमी

संवाददाता। शिवगढ़, रायबरेली



**रायबरेली** जनपद ही नहीं यूपी के कोने-कोने में राधा-कृष्ण, भगवान शिव- पार्वती, विघ्न विनाशक गणेश, राम-सीता,लखन की अद्भुत झांकियां दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप के कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित प्राचीन कालीन कबिरादान बाबा के ऐतिहासिक मेले में श्रीकृष्ण रासलीला, मथुरा वृन्दावन की फूलों की होली, दही हांडी आदि झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देकर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर देने वाले कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप के मशहूर कलाकार कृष्णा प्रेमी, विश्वा निर्मोही, गोकरन को कबीरादान बाबा मेला कमेटी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेला कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष कमल किशोर रावत,सचिव अजय यादव ने कलाकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि माटी के लाल झांकियों की मनमोहक स्थिति देकर यूपी की कोने-कोने में रायबरेली जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। जिसके लिए कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप के सभी कलाकार बधाई के पात्र हैं।इस मौके पर शिवराज,संजय रावत,जानकीशरण जायसवाल,रामधन, रामबिलास आदि लोग उपस्थित रहे।

शिवगढ़ क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहे के रहने वाले कृष्णा प्रेमी श्रद्धा भक्ति में इस कदर डूब गए कि उन्होंने अपने जीवन को,अपनी कला को लोगों में श्रद्धा भक्ति जागने का आधार बना लिया। पिछले डेढ़ दशक से नवरात्रि, होली, दीपावली, शिवरात्रि में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक आयोजनों में जैसे रामलीला, जागरण, भागवत, ड्रामा आदि में कृष्ण, राधा, भोलेलाथ,सरस्वती, मां दुर्गा, मां काली की सुन्दर, आकर्षक, मनमोहक, झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देकर क्षेत्र ही नहीं समूचे प्रदेश में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। जिनके जीवन्त अभिनय के कारण ही उन्हे 2 भोजपुरी फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिल चुका है।

पहली फिल्म में उन्होंने मशहूर भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ जान लेबू का में और दूसरी फिल्म में उन्होंने यश कुमार मिश्रा के साथ क्रांतिकारी 1924 में अभिनय किया है। साक्षात के दौरान कृष्णा प्रेमी ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के दौरान नाट्य मंचनों के माध्यम से उनके मन में अभिनय करने की कला जागृत हुई थी, जिसको उन्होंने अपने जीवन का आधार बना लिया है।

# पुलिस व बीएसएफ ने मिलकर थाना इकौना क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च



**श्रावस्ती, इकौना।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा गांव/कस्बा में पड़ने वाले क्रिटिकल/वेनरेबल क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की गहनता से चेकिंग कर एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक इकौना राकेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम व बीएसएफ ने संयुक्त रूप से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना इकौना क्षेत्र के ग्राम रघुवीर पुरवा अकबरपुर खर्च वीरान विशुनापुर महजीदिया मदारा में एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च कर क्रिटिकल/वल्नरेबल मतदान केन्द्रों का जायजा लिया साथ ही जनमानस को सुरक्षा का अहसास दिलाया तथा ग्रामीणों से वार्तालाप कर सुरक्षा की भावना जागृत कर मतदान के दिन निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक भी किया।

# विद्यालय समय से नहीं पहुंचे कई अध्यापकों पर हुई दंडात्मक कार्रवाई

संवाददाता। नसीराबाद, रायबरेली



**छतोह** ब्लॉक की बदहाल बेसिक शिक्षा को सुधारने के लिए उच्चअधिकारी कदम उठा रहे हैं। समाचार पत्रों में छपी खबरों का संज्ञान लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी छतोह को स्कूलों के आकस्मिक निरीक्षण के आदेश दिए।

किन्तु उसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा। जहां बीते सोमवार को अनुपस्थित शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने नोटिस जारी की तो वहीं बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण मे अनुपस्थित पाए गए जू.हा.स्कूल दोस्तपुर बुढबारा के सहायक अध्यापक राम कृष्ण यादव और कंपोजिट विद्यालय भुआलपुर सिसनी के सहायक अध्यापक शिवा द्विवेदी का एक दिन का वेतन काटने का आदेश जारी कर दिया गया। जू.हा.स्कूल चतुरपुर व कंपोजिट विद्यालय लखापुर में सभी शिक्षाकर्मी मौजूद मिले।

बुधवार को संवाददाता को भ्रमण के दौरान प्रातः 08.20 बजे प्राथमिक विद्यालय डीघा के शिक्षक बृजेश कुमार और शिक्षामित्र बच्चों को गांव से बुलाकर स्कूल लाते हुए मिले वहीं प्रातः 08.40 बजे प्राथमिक विद्यालय अब्दूमऊ में सहायक अध्यापक राम सुमेर अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय ओलीपुर में शिक्षक शिवकुमार निर्मल प्रातः 8ः50 बजे अनुपस्थित पाए गए तो प्राथमिक विद्यालय रजियापुर में शिक्षामित्र जयकुमार मिश्र के अलावा सभी शिक्षक अनुपस्थित थे। प्राथमिक विद्यालय नोनार और प्राथमिक विद्यालय बभनपुर में सभी शिक्षक मौजूद पाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने बताया कि अनुपस्थित शिक्षा कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बंध मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कहा कि टीमें गठित कर विकासखंड के विद्यालयों की सघन जांच कराई जाएगी और लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।उधर शिक्षक संगठनों ने भी सभी शिक्षकों से समय पर विद्यालय में उपस्थित रहने को कहा है।

# पानी की टंकी क्रियाशील न होने के चलते गांव में पानी का संकट



**महराजगंज, रायबरेली।** एक तरफ जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत अभियान चलाकर हर घर में नल लगाएं जा रहे हैं, वहीं विकास खंड क्षेत्र के पूरे अहलादी मजरे मऊ में वर्ष 2012 में स्थापित हुई पानी की टंकी लंबे समय से बंद चल रही है, जिससे करीब आठ हजार की आबादी वाले गांव में पानी का संकट है, और लोग दूषित जल पीने को मजबूर हैं, ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से जल्द पानी की टंकी को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है, मऊ ग्राम पंचायत के अंतर्गत पूरे अहलादी मऊ गर्वी कटरा दुबे का बाजार मोतीगंज बरीबरा जियापुर दसवंतपुर सहित कुल चौदह गांव आते हैं, जिसकी आबादी आठ हजार के करीब है, ग्रामीण ओम प्रकाश सिंह उर्फ भोलू श्याम भवन सिंह राजेश सिंह शिवम पांडेय लवलेश पांडेय जगदीश पासी आनंद पासी मोती लाल सोनी चंद्रचूड़ नाई राकेश मिश्रा सहित आदि लोगों ने बताया कि करीब डेढ़ वर्षों से पानी की टंकी पूरी तरह से ठप है, और पाइप लाइन भी जगह जगह ध्वस्त है, जिससे कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, ओम प्रकाश सिंह उर्फ भोलू ने बताया कि एक वर्ष पूर्व संबंधित मामले से उनके द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया था जिसके बाद खामियों को दूर कराकर सप्लाई शुरू कराई गई थी किंतु एक हफ्ते बाद फिर वही स्थित हो गई थी।

मामले में जल निगम के एक्सईएन शफीकुर रहमान ने बताया कि आपरेटर की तैनाती न होने के कारण समस्या आ रही है, मामला संज्ञान में आया है, प्रयास रहेगा कि दो तीन दिन में सप्लाई शुरू करा दी जाए।

# रमज़ान के आखिरी जुम्मे व ईदुल फितर को लेकर जिलाधिकारी ने बुलाई बैठक

संवाददाता। अयोध्या



**जिलाधिकारी** नितीश कुमार की अध्यक्षता में रमजान माह के अंतिम शुक्रवार एवं ईद-उल-फितर के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं अन्य विभागीय व्यवस्था के सम्बंध में मुस्लिम सम्प्रदाय के धार्मिक एवं प्रबुद्व नागरिकों तथा पुलिस व कार्यदायी विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी। उन्होंने कहा कि चन्द्र दर्शन के अनुसार ईद-उल-फितर का त्यौहार दिनांक 11.04.2024 को मनाया जाना सम्भावित है। उ

न्होंने कहा कि नगर मजिस्ट्रेट तथा रेजीडेण्ट मजिस्ट्रेट अयोध्या अपने-अपने क्षेत्र एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारियों व अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) सम्पूर्ण अयोध्या नगर क्षेत्र में तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) सम्पूर्ण जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में अपने काउन्टर पार्ट अपर पुलिस अधीक्षक से समन्वय बनाकर आवश्यक शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें एवं समस्त क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट, अयोध्या अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय करते हुए मुस्लिम धर्म गुरुओं/मौलानाओं/कमेटियों से आवश्यक सम्पर्क व संवाद करके आवश्यकतानुसार अपने-अपने क्षेत्र में सभी सम्बन्धित स्थानीय गणमान्य नागरिकों कार्यदायी विभागों व अन्य आवश्यक व्यक्तियों के साथ थाने/चैकियों पर शान्ति समितियों की बैठक ससमय करा लें।

साथ ही सभी क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र के थानों के त्योहार रजिस्टर को देखकर कार्यदायी विभागों, आवश्यक लोगों से समन्वय स्थापित कर यथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायेगें एवं पर्व के दृष्टिगत किसी प्रकार के सम्भावित विवाद का ससमय निपटारा करायेगें और यह भी सुनिश्चित करेगें।

उक्त के अतिरिक्त सभी उप जिला मजिस्ट्रेट आवश्यकतानुसार अधीनस्थ की ड्यूटी लगाकर आवश्यक कार्य पूर्ण करायेंगे एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करेगें।

# डीएम एसपी ने 192 विस कायमगंज के सात पोलिंग सेंटर, 32 पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर डीएम डॉ. वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा लोकसभा क्षेत्र के 192 विधानसभा कायमगंज के 07 पोलिंग सेंटर/ 32 पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय शमसाबाद में रैंप खराब पाई गई डीएम द्वारा रैंप सही कराने व रैंप पर रैलिंग लगवाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए गए। डीएम द्वारा कक्षा 07 के बच्चों से गणित के सवाल हल कराये गये जिन्हें बच्चे हल नही कर सके, शिक्षा का स्तर अत्यंत खराब पाया गया। डीएम द्वारा बच्चो को उनकी मातृभाषा में समझाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बी एस ए खुद निरीक्षण करे व पर्यवेक्षण कर संवंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें।



मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय शमसाबाद में बूथों में रोशनी कम पाई गई जिलाधिकारी द्वारा पर्याप्त रोशनी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। शौचालय सही पाये गये, डीएम द्वारा सभी बच्चों को हर दिन 15 मिनिट बेसिक जानकारी देने व सामान्य ज्ञान पढ़ाने के निर्देश दिए । एजिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मिडडे मील में बनी तहरी की गुणवत्ता स्वयं चख कर चेक की गई ,गुणवत्ता सही पाई गई। एसवी इंटर कालेज मतदान केंद्र पर मतदान कक्षो में दो दो पंखे लगानेए रैंप सही कराने, रैंप पर रेलिंग लगानेए सभी के लिए पेयजल व छाया की व्यवस्था करने के निर्देश डीएम द्वारा दिये गए। चंद्रकुमारी ज्वालाशंकर बालिका इंटर कालेज मतदान केंद्र पर रैंप सही करानेए पंखा व लाइट बढ़ाने व फैले हुए तारो को सही कराने, पानी व छाया की व्यवस्था कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए।

प्रा. विद्यालय चिलौली मतदान केंद्र पर मैन रोड से विद्यालय तक का रास्ता सही कराने, रैंप बनाने, लाइट की व्यवस्था सही कराने के निर्देश डीएम द्वारा दिये गए। विद्यालय में शिक्षा का स्तर ठीक पाया गया, शौचालय ठीक पाये गये। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन 15 मिनिट बच्चो को सामान्य चीजो का ज्ञान कराया जाये। डीएम द्वारा पंचायतघर व आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई। मतदान केंद्र इनामुल हक शाह मेमोरियल इंटर कालेज रायपुर ख़ास में सभी कक्षो के वेंटिलेटर पर जाली लगाने, कक्षो में पंखे की संख्या बढ़ाने, पीने के पानी व छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए। के एस आर इंटर कालेज कम्पिल मतदान केंद्र पर लाइट की व्यवस्था सही कराने, साफसफाई कराने, रंगाई पुताई कराने, रैंप बनाने व उस पर रेलिंग लगाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए।

## नशेड़ी ने अपने घर में लगाई आग

**मौदहा ( हमीरपुर )।** शराब के नशे में युवक ने अपने ही घर में आग लगा ली जिसे देख घर व पड़ोसियों ने हड़कंप गया।आग बढ़ाने की संभावनाओं को देखते हुए पड़ोसियों में आनंद फानन में आग बुझाने का भरसक प्रयास किया जिससे किसी बड़ी अनहोनी घटना टल गई। कोतवाली क्षेत्र के तेंदुही किशन चंद गांव में राजेंद्र पुत्र गोरेलाल शराब के नशे में होने के कारण अपने ही घर को आग के हवाले कर दिया यह मंजर देख पड़ोसियों में चीख पुकार मच गई और शोर सराबा देख पड़ोसी भी एकत्रित हो गए और देखते ही देखते आग अपना विकराल रूप धारण करना शुरू कर दिया।जल्दी में ही पड़ोसी और मोहल्ले वासियों ने अपने.अपने निजी काम छोड़कर आग बुझाने में धूल पानी आदि से आग बुझाने का प्रयास करने लगे तभी किसी ने अग्नि समन यंत्र को भी सूचना देकर बुलाने का प्रयास किया खास बात यह रही कि अग्नि समन के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

# समाज निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम्ः आर.बी.चंदेल

**पुखरायां, कानपुर देहात।** पुखरायां कस्बा के विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में बुधवार को एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्य अमर सिंह सचान एवं लिपिक महेश प्रसाद को भावभीनी बिदाई दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, प्रलय और निर्माण उसकी गोद में खेलते हैं।

समाज के निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। शिक्षक ही है, जो समाज में किसी व्यक्ति को एक अच्छा नागरिक बनाने के साथ उसका सर्वोत्तम विकास भी करते है। शिक्षा देने के साथ ही वह उसे एक पेशेवर व्यक्ति बनने और एक अच्छा नागरिक बननें के लिए प्रेरित करता है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष सत्येन्द्र शुक्ला ने समारोह की अध्यक्षता की हरिनाम ने संचालन किया।



मां सरस्वती प्रतिमा भेंट करते शिक्षक विधायक

जिलाध्यक्ष अनिल सिंह गौर, शिक्षक नेता प्रशांत कटियार, पूर्व प्रवक्ता सरोवर सिंह, दीपक सिंह, रमाकांत तिवारी ने विचार व्यक्त किए। बृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिरइंटर कॉलेज अमरौधा के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक सचान, शिक्षक ज्ञानेंद्र कुमार, राजकुमार, राजेश कुमार निरंजन, हवन कुमार, संदीप कुमार, श्रवण कुमार, अभिनव कुमार, राजकुमार शिप्रा, माधुरी द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे। विद्यालय परिवार के सदस्यों की ओर से सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य अमर सिंह एवं उनकी पत्नी सुशीला देवी, सेवानिवृत्त लिपिक महेश प्रसाद सचान एवं उनकी पत्नी कृष्णा देवी को मेटल की मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट की गई।

## सम्पादक रामनारायण मिश्रा का दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन

**लखीमपुर खीरी।** वरिष्ठ पत्रकार राम नारायण मिश्रा जी नहीं रहे हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया।जानकारी मुताबिक वरिष्ठ पत्रकार दैनिक नागरिकों की पुकार के सम्पादक का बुधवार सुबह हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया।प्रिंट मीडिया व इलैक्ट्रानिक मीडिया की दुनिया में एक लंबे अरसे से काम कर रहे वरिष्ठ पत्रकार राम नारायण मिश्रा जी अपनी धारदार रिपोर्टिंग और बेहतरीन प्रिंट रिपोर्ट्स के लिए जिले में जाने जाते थे। लगभग 19 वर्षों के अनुभव के साथ वरिष्ठ पत्रकार राम नारायण मिश्रा पिछले काफ़ी समय से लखीमपुर व लखनऊ में रहते हुए दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन कर रहे थे।हाल ही में अयोध्या ज़मीन विवाद से लेकर उत्तर प्रदेश चुनाव से जुड़ी उनकी तमाम ख़बरें चर्चा का विषय बनी रहती थी बताते चलें दिल्ली में किसी काम से गए राम नारायण मिश्रा सुबह गोला में पहुंचने पर उनके सहयोगी द्वारा उठाने पर वह नहीं उठे मौत की खबर सुनकर परिवार जनों का रो रो बुरा हाल हाल है।



### तीन वर्षीय मासूम बच्ची को ट्रक की टक्कर से मृत्यु

**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में पेट्रोल पंप के पास ट्रक की टक्कर से तीन वर्षीय बालिका की मृत्यु हो गयी। मौदहा ब्लॉक के लेवा गांव के प्राइमरी स्कूल के शिक्षक अशोक वर्मा का परिवार सुमेरपुर कस्बे में रहता है। अशोक की दो पुत्रियां छह वर्षीय श्रेया और तीन वर्षीय आर्या थी। श्रेया कस्बे के एमडीएस स्कूल में पढ़ती है बुधवार को श्रेया को स्कूल बस तक छोड़ने के लिए उसकी मां तीन साल की आर्या के साथ सड़क तक आई थी। श्रेया को बस में बैठाने के बाद आर्या अपनी मां के साथ जैसे ही घर जाने को हुई तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने आर्या को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी।

# लोकसभा चुनावः जल्द से जल्द जमा कराए जाएं लाइसेंसी शस्त्रः एसपी

**फ्तेहपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शान्तिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद के शस्त्र धारकों के शस्त्रों को जमा कराने की द्वितीय बैठक पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार शस्त्र धारकों के शस्त्र जो शेष बचे है सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जमा कराने के निर्देश संबंधितों को दिये। एसपी ने कहा कि जमानत में रिहा, आपराधिक इतिहास, दंगो में संलिप्त रहे, परिशांति भंग करने वाले, पाबंद किये, जिनके सर्वस्व सूचना जो कानून व्यवस्था की निष्पक्षता में बाधा उत्पन्न कर रहे हो, संवेदनशील/अतिसंवेदनशील बूथों के कारको आदि नागरिकों का यदि शस्त्र लाइसेंस है तो शस्त्र अभी तक जमा नहीं हुए है उनके शस्त्र आयोग के दिशा निर्देशानुसार शत प्रतिशत प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द जमा कराए। इसके अलावा थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र के शस्त्र लाइसेंस धारकों को बीटवार सत्यापन कराते हुए शस्त्रों को जमा कराये और उनको प्राप्ति रसीद भी दें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत शस्त्र रखने की अनुमति देना है तो उनसे आवेदन लेकर अपनी स्पष्ट आख्या के साथ स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष जल्द से जल्द प्रस्तुत करें जिससे उन आवेदनो पर समय से विचार किया जा सके। उन्होंने थाना प्रभारियों से कहा कि जो लाइसेंस शस्त्र धारक थाना सीमा क्षेत्र के बाहर है उन लाइसेंस धारकों के परिजनों से संपर्क करते हुए लाइसेंस धारक अपने शस्त्र का उपयोग किसलिए कर रहे है, संबंधित आवेदन लेते हुए स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करें। अभी तक थानावार जमा हुए शस्त्र लाइसेंस की विस्तृत समीक्षा की। तीनों तहसीलों में 09 शस्त्र लाइसेंस की दुकानों में की गई जांच उपजिलाधिकारी–पुलिस क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ0 अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।



## पोस्टल बैलेट से मतदान कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

**कानपुर देहात।** लोकसभा समान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पोस्टल बैलट से मतदान कराने हेतु नामित अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियो, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप पोस्टल बैलट से मतदान संपन्न कराया जाएगा, सभी अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण को भली.भांति ग्रहण करें। निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशिका पुस्तिका का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए। पोस्टल बैलट हेतु नोडल अधिकारी डीएफ्ओ अनिल कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मतदान जागरूकता के लिये हुआ आयोजन

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** लोकतंत्र में मतदान की बहुत अहमियत है। मत से ही देश का भविष्य बनता है। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने जन जागरूकता रैली में कही। रसूलाबाद के प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। संविलयन विद्यालय दहेली, अंगदपुर सीठऊपुरवा, कहिंजरी, ताजपुर, पहाड़ीपुर, नौहानौगांव, सुंदरपुर गजेन, नैला, दांती, लाला निवादा आदि विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने प्राथमिक विद्यालय समस्तपुर के बच्चो को बेहतर प्रतिभाग के लिए पुरस्कृत किया। वहीं विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठकों को आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के नये सत्र से संबंधित जानकारियाँ दी गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में अभिभावक अध्यापक की बैठक में अभिभावकों से मतदान करने हेतु संकल्प पत्र भरवाए गए। वहीं एआरपी आशीष द्विवेदी ने भी कई विद्यालयों में भ्रमण करके मतदाता जागरूकता अभियान में सहभागिता की। इस मौके पर गौरव सिंहए पवन सिंह, नीलम चंदेल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण के तहत चलाया गया साफ सफाई

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. के मार्गदर्शन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न विभागों के समन्वय से साफ सफाई, एंटी लार्वा छिड्काव तथा अन्य संबंधित गतिविधियों को विभिन्न तहसीलों, ब्लाकों, गांव में कराया गया। इसके अन्तर्गत आज ग्राम पंचायत बड़गांव माजरा कुर्मी नेवादा, ग्राम पंचायत रायपालपुर, ग्राम पंचायत सिसाही, ग्राम पंचायत सेठाऊमठाना, ग्राम पंचायत रोशनमऊ, ग्राम पंचायत रूरवाहार, ग्राम पंचायत अगवासी, ग्राम पंचायत खल्ला, ग्राम पंचायत सिखमापुर, ग्राम पंचायत कटरी आदि में साफसफाई, नालियों की साफसफाई, फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव, झाड़ी कटाई आदि का कार्य सफाई कर्मचारियों के माध्यम से किया गया तथा लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक भी किया गया।

### मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु किया जागरूक

**कानपुर देहात।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. के मार्गदर्शन में आज संविलियन विद्यालय बिसायकपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से महिला व पुरुष मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान किए जाने हेतु जागरूक किया गया तथा विजेता बच्चों को पुरुस्कृत भी किया गया।

### आईपीएल के दो सट्टाबाजों को पुलिस ने दबोचा

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह अपने हमराही उपनिरीक्षक व सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि लाला बाजार मुहल्ले में कुछ लोग आईपीएल में सट्टा लगवा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर के बताए स्थान पर छापेमारी की। मौके से पुलिस ने मो. रिजवान अहमद पुत्र मो. मुश्ताक अहमद निवासी मकान नं. 111 सैय्यदवाड़ा लाला बाजार थाना कोतवाली सदर व मो. रिजवान पुत्र मो. स्व. मोबीन निवासी चांद खां का हाता बाकरगंज थाना कोतवाली सदर को गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने सट्टे का 18600 रूपया नगद, दो मोबाइल, दो सट्टे की पर्ची, एक मोटरसाइकिल बरामद की है। छापेमारी के दौरान मो. सलीम उर्फसम्मू निवासी खेलदार थाना कोतवाली भाग जाने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### महिला ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के कोरका गांव निवासी इंद्रपाल की पत्नी कुंती देवी ने मंगलवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सीएचसी ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कौशांबी जनपद के लिए रेफर कर दिया जिस पर परिजन उसे कौशांबी जिला चिकित्सालय ले गए। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत के बाद घर वाले उसे गांव ले आए और पुलिस को सूचना दे पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### दोषी को आजीवन कारावास व 70 हजार रुपये जुर्माना

**फर्रूखाबाद।** थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0. 169/2013 एवाद स0. 374/2013 धारा. 302/201 भादवि थाना नबावगंज में पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त अनिल कुमार सागर पुत्र श्रीराम नि0 कक्यौली थाना नबावगंज हाल पता कस्बा व थाना नवाबगंज को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 70 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## फ्लोर मिल में आपरेटर की संदिग्ध मौत

**फतेहपुर।** कानपुर देहात के थाना शिवरी गांव धनऊनेवाद निवासी संतोष पाल का पुत्र आशीष पाल पांच वर्षों से औंग थाना अंतर्गत फ्लोर मिल में आपरेटर के पद पर कार्यरत था। बताते हैं कि मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई सुनील पाल ने बताया कि उसका मैनेजर मदन दीक्षित के पास चार लाख व मिलर के पास दो लाख रूपए थे। भाई का कहना है कि वह पैसा घर नहीं भेजता था क्योंकि 25 अप्रैल को उसकी शादी होनी थी। सारा पैसा वह मैनेजर व मिलर के पास रखता था। जरूरत पड़ने पर जब उसने पैसे की मांग की तो मैनेजर, मिलर व रूम पार्टनर चंद्रशेखर सहित अन्य लोगों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही सच्चाई का पता चलेगा।

## भाजपा नेता की पत्नी के टप्पेबाज ने उड़ाए लाखों रुपए तथा कीमती जेवर

**संवाददाता।** कमालगंज फर्रुखाबाद

**पूरे प्रदेश** में कानून व्यवस्था को बहुत बेहतर बताया जा रहा है । किन्तु यह बात पूरी तरह से सही साबित होती , उससे पहले ही आए दिन कहीं ना कहीं कानून व्यवस्था से बेपरवाह अराजकतत्व किसी न किसी घटना को अंजाम देकर कानून व्यवस्था को सीधे सीधे चुनौती देने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ऐसी एक घटना आज थाना क्षेत्र व कस्बा कमालगंज में उस समय घटित हुई। जब भाजपा नेता की पत्नी का टप्पेबाज ने लाखों रुपया तथा कीमती जेवर से भरा झोला ही पार कर दिया । घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कमालगंज के सक्रिय भाजपा नेता शोले ठाकुर की धर्मपत्नी शिवा बैग लेकर फ्तेहगढ़ जाने के लिए कमालगंज से टेंपो पर सवार हुई थी । टेंपो स्टैंड से टेंपो चलकर कुछ ही दूरी पर पहुंचा था । उसी समय टेंपो रुकवा कर दो अज्ञात महिलाएं उस टेंपो पर आकर बैठ गई । टेंपो जब कुछ आगे बढ़ाए उसके थोड़ी ही देर बाद भाजपा नेता की पत्नी ने देखा कि उसका बैग गायब है। बे परेशान हो उठीं। तथा टेंपो चालक से कहा कि उसका बैग गायब हो गया है।

घबराई पीड़ित महिला टेंपो से उतरकर सीधी थाना कोतवाली कमालगंज पहुंची। जहां उन्होंने पूरी घटना बताते हुए पुलिस को तहरीर दी। आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हीं दोनों अज्ञात महिलाओं की यह करतूत हो सकती है। लेकिन पुलिस का रवैया ढुलमुल देखकर भाजपा नेता की पत्नी द्वारा फतेहगढ़ जाकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई । शिवा के अनुसार पुलिस कप्तान ने उन्हें जल्द ही उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है ।

# सीएमएस ने अस्पताल परिसर का किया भ्रमण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बुधवार** को सीएमएस डॉ आरके कोली ने अस्पताल परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर न सिर्फ मरीजों से हाल.चाल जानाए बल्कि वहां तैनात स्टाफ से सेवाओं को निरंतर और बेहतर करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा निरीक्षण के समय तैनात भर्ती रजिस्टर देखे गए। इस दौरान उन्होंने लैब के सैंपल गार्ड द्वारा ले जाने पर नाराजगी जाहिर की और उसे अपनी ड्यूटी करने की नसीहत दी। वार्ड में गंदगी दिखने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही अवस्थित पड़े बेड और वार्ड को तत्काल सही करने के निर्देश दिए।



अस्पताल परिसर के मुख्य गेट पर मुख्य रास्ते पर ही वाहन खड़े दिखे। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। तैनात होमगार्ड को रास्ते में वहां न खड़ा होने देने की हिदायत दी। साथ ही अस्पताल परिसर के पीछे के मैदान में पार्किंग व्यवस्था करने और आने वाले मरीज और उनके तीमारदारों के वाहनों को भी अस्पताल परिसर के पीछे की पार्किंग में खड़े करवाने के निर्देश दिए।

जिससे गंभीर मरीजों को को भर्ती करने में कोई समस्या ना होए किसी तरह की असुविधा न हो। उनके द्वारा दिए गए निर्देश के बाद नो पार्किंग एरिया में पोस्टर लगाकर वहां न खड़े करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही उन्होंने कोताही करने वाले कर्मचारियों को भी नसीहत दी और अपना काम पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करने को कहा।

# छात्राओं ने किया पुल का निर्माण मतदान के महत्व पर डाला प्रकाश

**फतेहपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सरिता गुप्ता के संरक्षण में रेंजर्स समिति के चल रहे पांच दिवसीय रेंजर्स शिविर में मदर टेरेसा रेंजर्स टीम ने बुधवार को प्राचार्य डॉ. सरिता गुप्ता के संरक्षण में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षकों ने छात्राओं से पर्यावरण पर नुक्कड़ नाटक, सामाजिक समस्याओं पर नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक कराया। छात्राओं ने पुल का निर्माण किया। प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी प्राप्त की। विभिन्न प्रकार के मानव पिरामिड का निर्माण किया। छात्राओं की गुलाब टोली, सूरजमुखी टोली और लिली टोली ने बिना किसी बर्तन की सहायता के प्राकृतिक वातावरण में भोजन निर्माण किया। शिविर में प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षक अर्चना सिंह, शैलेंद्री और संगीता सचान उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में रेंजर्स प्रभारी प्रो. मीरा पाल, समिति सदस्य डॉ. राम दर्शन, बसंत कुमार मौर्य और डॉ. जिया तसनीम नेयोगदान दिया। साथ ही महाविद्यालय में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत समस्त छात्राओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता पर कविता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने छात्राओं को मतदान के महत्व विषय पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरिता गुप्ता ने छात्राओं को सोंच समझकर अपने मतदान का प्रयोग करने की सलाह दी। महाविद्यालय की शिवानी वर्मा, रिया साहू, जाह्नवी, मरियम, श्रेया सिंह आदि ने लोकतंत्र एवं मतदान के महत्व विषय पर अपने विचारों से छात्राओं को अवगत कराया। संचालन मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. लक्ष्मीना भारती ने किया।

## पुलिस व बीएसएफ ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया रूट मार्च

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** लोक सभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए कोतवाली पुलिस नें बीएसएफ जबानों के साथ रूट मार्च कर ग्रामीण अंचलों का भौगोलिक निरीक्षण किया और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने लोगों से निर्भीक होकर शांति पूर्ण ढंग से मतदान करनें की अपील की।

बुधवार को बीएसएफ के जबानों ने प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा व भारी पुलिस बल के साथ ग्राम सभापुर, तेराजाकेट, विसम्भरपुर, पनगवां, भुढहा सहित अन्य ग्रामीण अंचलों का पैदल मार्च कर भौगोलिक व सामाजिक निरीक्षण किया और 2024 लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक व उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, राजेश प्रताप सिंह, रावेन्द्र सिंह, राहुल कुमार की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीएसएफके जबानों के साथ भ्रमण कर आम जनमानस को चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने को लेकर सुरक्षा का एहसास दिलाया।

# भूमि उपलब्ध न होने से एक साल बाद भी नही संचालित हो पा रही है अमृत दो योजना

**हमीरपुर।** शहरी क्षेत्र के लिये संजीवनी साबित होने वाली अमृत दो योजना मंडल में पूरी तरह संचालित हो गयी है मगर हमीरपुर में भूमि उपलब्ध न होने के कारण योजना एक साल बाद भी शुरुआत नही हो पायी है। शहर के मेरापुर में सीवर ट्रीट प्लांट (एसटीपी) के लिये भूमि आवंटन हो गया था मगर नगर पालिका हमीरपुर के अधिशासी अभियंता (ईओ) ने संबंधित स्थान पर निर्माण कराने पर रोक लगा दी है। जिले में सीवर व पेयजल समस्या हल करने के लिये शासन ने अमृत दो योजना लागू की थी यह योजना पूरे प्रदेश में संचालित हो गयी है मगर भूमि समस्या के चलते हमीरपुर जिले में अभी तक डीपीआर तक नही बन पायी है। करोड़ो रुपये की योजना में सीवर ट्रीट प्लांट व बाटर ट्रीट प्लांट बनाने की योजना है। इसके लिये हर हमीरपुर शहर में दो दो एकड़ जमीन की आवश्यकता है। मौदहा सुमेरपुर एक साथ व गोहांड सरीला एक साथ प्लांट बनाया जाना है,राठ में प्लांट स्थापित है मगर वहा पर शासन से धनावंटन करने की मांग की गयी है। हमीरपुर शहर में मेरापुर में एसटीपी बनाने के लिये पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने भूमि आवंटन कर दिया था,मगर ईओ हेमराज का कहना है कि जमीन खलिहान की है इसलिये एसडीएम की रिपोर्ट के आधार पर भूमि आवंटन पर रोक लगा दी गयी है। भूमि न मिल पाने से निराश अभियंताओं को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिये 17 किलोमीटर दूर कुरारा क्षेत्र के पतारा गांव के पास जमीन दी गयी है मगर मुख्यालय से ज्यादा दूरी होने के कारण योजना का बजट बढ़ रहा है इसलिये शासन इस पर विचार विमर्श करने में लगा है। जल निगम शहरी के सहायक अभियंता अनिरुद्ध कुमार गुप्ता ने बुधवार को बताया कि पूरे जिले में योजना निर्माण के लिये भूमि नही मिल पा रही है। जिससे डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) नही बन रही है। जमीन उपलब्ध होने के बाद शासन से बजट आवंटन कराया जायेगा और शहरी क्षेत्र में कार्य शुरु कर दिया जायेगा।

# रमजान में रहमतों व बरकतों की बारिश होती हैः ताहिर

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** माहे रमजान के अवसर पर नगर के पूर्व विद्यायक व किसान नेताओं व समाजसेवियों ने नगर व क्षेत्र के रोजेदारों सहित क्षेत्रीय जनता को मुस्लिम धर्म के पवित्र माहे रमजान की मुबारकबाद दी है। बुधवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व सपा विद्यायक पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी एवं भोजपुर सपा विधानसभा प्रभारी ने अरशद जामल सिददीकी नें कहा कि रमजान माह मे अल्लाह तआला रोजेदारो पर रहमतों व बरकतों की बारिश करता है। इस महीने मे अमीर गरीब सभी को रोजा रखना चाहिये क्योकि रोजा रखने से अल्लाह तआला खुश होता है और रोजदारों को रोजी मे बरकतों की वारिस करता है। इस्माईलपुर स्थित भाकियू टिकैत जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शमीम सिददीकी नें कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपको हर तरह की बुराई, ऐब और गलत ख्याल से दूर रहने का हुक्म देता है ये महीना मन की शुद्धि के लिए होता है।



ताहिर हुसैन सिददीकी, अरशद जमाल सिददीकी, शमीम सिददीकी, अहमद हसन, तरीक अहमद तरीक, मकबूल अहमद के फाईल फोटो।

युवा उद्योगपति अहमद हसन एवं युवा शायर तरीक अहमद तरीक ने कहा कि हमारे बीच कई जरूरतमंद लोग मौजूद हैं। जिनके पास खाद्य सामग्री व तन ढँकने के लिये कपड़ा तक मौजूद नहीं। अगर इस महीने में इंसान अपनी जरूरतों और ख्वाहिशों को कुछ कम कर लें और यही रकम जरूरतमंदों को दें तो यह उनके लिये बेहद अज्र और ऊपर वाले की मेहरबानी का जरिया बनेगा। भाकियू लोकशक्ति जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद नें कहा कि रमजान के महीनें मे अल्लाह तआला एक नेकी के बदले मे रोजेदारों को सत्तर गुना सबाब देता है। इस महीनें मे लोगों के सभी गुनाह माफहो जाते है। यह पवित्र माह हम सभी को नेकी की राह पर चलनें के लिये प्रेरित करता है।

# राहुल गांधी ने भाजपा, आरएसएस पर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने के प्रयास का आरोप लगाया

**भाषा।** वायनाड (केरल)

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने की कोशिश का आरोप लगाया। राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी



वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी रिटर्निंग अधिकारी भी हैं। अपना नामांकन दाखिल करने के बाद गांधी ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और भारत के संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा, एक तरफ वे ताकतें हैं जो इस देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती हैं और दूसरी तरफ वे ताकतें हैं जो हमारे देश के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य लोग हैं जो देश में संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। गांधी ने जिलाधिकारी के कार्यालय जाने से पहले रोडशो के अंत में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस जिले में कई लोगों की जान लेने वाली मानव-पशु संघर्ष की घटनाओं समेत वायनाड वासियों के सभी मुद्दों पर उनके साथ हमेशा खड़े हैं। वायनाड से मौजूदा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि वह इस पहाड़ी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के मुद्दों पर देश और दुनिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए हमेशा तैयार हैं। गांधी ने कहा, मैं वायनाड के लोगों के अटूट समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब वह पहली बार यहां आए तो वायनाड के लोगों से प्रभावित हुए क्योंकि उन्होंने अपनी राजनीतिक संबद्धताओं, समुदाय में मतभेदों आदि के बावजूद उन्हें भरपूर प्यार दिया। उन्होंने कहा कि वह पर्वतीय जिले में बाढ़ के बाद जान-माल की भारी क्षति के बाद आए थे, लेकिन लोग नाराज नहीं थे या किसी को दोष नहीं दे रहे थे और उन्होंने कभी भी ऐसा कोई शब्द नहीं कहा जिससे उनके आत्मसम्मान या गरिमा को ठेस पहुंचे।

# पुलिस से मुठभेड़ में गैंगस्टर ढेर, घायल अधिकारी की उपचार के दौरान हुई मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल के निकट पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक कुख्यात बदमाश मारा गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान घायल हुए उप-निरीक्षक दीपक शर्मा ने बुधवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर. आर. स्वैन ने शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डीजीपी ने अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्वाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में पंजाब की तरह आपराधिक सिंडिकेट स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम कठुआ में मुख्य अस्पताल भवन के बाहर हुई मुठभेड़ के दौरान रामगढ़ (सांबा) थाने में तैनात शर्मा (32) के सिर में चोट लगी थी और बाद में, उन्होंने पठानकोट के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि घटना में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) अनिल कुमार (40) भी घायल हो गए थे। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए अधिकारियों की एक टीम ने कुख्यात बदमाश वासुदेव का पीछा किया जिसके बाद मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे जीएमसी के निकट मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में वासुदेव मारा गया जबकि उसका एक साथी घायल हो गया। सूत्रों ने बताया कि वासुदेव कुख्यात शुनू समूह का नेता था। सांबा में जिला पुलिस लाइन में उधमपुर जिले के संगूर गांव के रहने वाले एसआई शर्मा के लिए एक पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर. आर. स्वैन ने शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वैन ने पत्रकारों से कहा, जम्मू पुलिस हाल के दिनों में मादक पदार्थों और गैंगस्टरों के खिलाफ लड़ाई को एक नए स्तर पर ले गई है... हम इस समस्या को खत्म करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। पंजाब जैसा आपराधिक सिंडिकेट स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। एक बयान में, उपराज्यपाल ने कहा कि उनका प्रशासन ˆभयमुक्तˆ जम्मू-कश्मीर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिन्हा ने कहा, मैं एसआई दीपक शर्मा की वीरता और अदम्य साहस को सलाम करता हूं, जिन्होंने कठुआ में बहादुरी से लड़कर एक कुख्यात गैंगस्टर को मार गिराते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे दिलों में अंकित रहेगा। शहीद दीपक शर्मा के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# बीजापुर में 12 घंटे तक चली मुठभेड़, 13 नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के घने जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगभग 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत 13 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता के लिए सराहना करते हुए, इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को 10 नक्सलियों के शव बरामद किए थे। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की सुबह तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से तीन और शव बरामद किए।

सुरक्षा बलों ने बस्तर क्षेत्र के सात जिलों में अलग-अलग मुठभेड़ों में इस वर्ष कुल 46 नक्सली मार गिराए हैं। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि एक अप्रैल को गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरचोली-लेंड्रा के जंगलों में पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) की कंपनी नंबर दो के कमांडर वेल्ला, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोड़ियम सहित करीब 100 सशस्त्र नक्सलियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। यादव ने बताया कि जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र के कोरचोली और लेंड्रा गांव के करीब जंगलों में घेराबंदी कर रहे थे तब मंगलवार दो अप्रैल की सुबह करीब 4:45 बजे नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्वाई की। उन्होंने बताया कि इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर कई बार गोलीबारी हुई और शाम करीब पांच बजे मुठभेड़ बंद हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया, कार्वाई के बाद जब इलाके में खोजबीन की गई तब तीन महिलाओं समेत 13 नक्सलियों के शव बरामद किए गए।



यादव ने बताया, मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वे पीएलजीए कंपनी नंबर दो और प्लाटून नंबर 12 के सदस्य हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से लाइट मशीन गन और उसकी 58 राउंड गोलियां, एक 303 राइफल और उसकी 39 राउंड गोलियां, एक 12 बोर की बंदूक, तीन बैरल ग्रेनेड लांचर, इसके 17 गोले, दो एयर गन, विस्फोटक, सात टिफिन बम, लैपटॉप, डीवीडी राइटर, वॉकी टॉकी और अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल आज सुबह सुरक्षित अपने शिविर में लौट आए हैं। राज्य के महासमुंद जिले में संवाददाताओं से बात करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उनकी सरकार मजबूती के साथ नक्सलवाद से लड़ रही है। साय ने कहा, जब से राज्य में हमारी सरकार बनी (पिछले साल दिसंबर में) है, हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं। बीजापुर मुठभेड़ में 13 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं और मेरा मानना है कि यह सुरक्षाबलों की अब तक की सबसे बड़ी सफलता है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम संवेदनशील इलाकों में नए शिविर स्थापित कर रहे हैं।

## सिमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने इस बार ऊंची छलांग लगाई

# प्रदेश में पहली और देश भर के राज्य विश्वविद्यालयों में दूसरी रैंक हासिल की

**संवाददाता।** मेरठ

**शोध,** नवाचार और डिजिटल प्रसेंस के क्षेत्र में ग्लोबल प्लेटफॉर्म स्तर पर मूल्यांकन करने वाली सिमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग में चौव चरण सिंह विश्वविद्यालय ने इस बार ऊंची छलांग लगाई है। विश्वविद्यालय ने प्रदेश भर के राज्य विश्वविद्यालयों में पहली रैंकिंग और देश भर के राज्य विश्वविद्यालयों में दूसरी रेंक प्राप्त की है। देश भर के ओबर ऑल विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में विश्वविद्यालय 35वें स्थान पर आया है। पिछ्ले वर्ष विश्वविद्यालय इस रैंकिंग में 66वें नम्बर रहा था। विश्व स्तरीय इस रैंकिंग में सुधार होने से विश्वविद्यालय को शोध व नवाचार में काफी फायदा मिलेगा। यह जानकरी बुधवार को यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपति प्रोफेसर संगीत संगीता शुक्ला एवं उनकी टीम ने दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व भर के करीब 36 हजार विश्वविद्यालयों में से 240 देशों के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों को इस रेंक में सम्मिलित किया जाता है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ताए शोध का स्तर एवं नैक मूल्यांकन की कैटेगिरी आदि देखी जाती है। इसमें समूचे देश के राज्य विश्वविद्यालयों में पश्चिमी बंगाल का विश्वविद्यालय पहले और चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय दूसरे स्थान पर आया है। यही नही विश्वविद्यालय ने प्रदेश भर के राज्य विश्वविद्यालयों को अन्य कई कैटेगरी में भी पछाड़कर अव्वल स्थान प्राप्त किया है। जनरल रिसर्च प्रकाशन आधारित रैंक में विश्वविद्यालय ने ष्क्यू टूष् से ष्क्यू वन ष् में छलांग लगाई है। इनोवेशन में विश्वविद्यालय 48वें नम्बर पर आया है जबकि लखनऊ विश्वविद्यालय की रैंकिंग 160 पर ही झूल रही है। रिसर्च रैंक में विश्वविद्यालय देश भर में 75वें स्थान पर आया है जबकि सोसाइटल रैंकिंग में 32वें स्थान पर आया है। निदेशक शोध प्रोफेसर वीरपाल सिंह एवं आईक्यूसी सेल के मुखिया प्रोफेसर मृदुल गुप्ता ने बताया कि

सिमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग 2024 में देश के 324 संस्थान सम्मिलित हुए थे। विश्विद्यालय में बढ़ते शोधए नवाचार और डिजिटल प्रेजेंस के कारण हुआ रैंकिंग में सुधार हुआ। उन्होंने दावा किया कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ को सिमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग 2024 में पूरे देश में 35वाँ स्थान प्राप्त हुआ है जोकि उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालय में सर्वोत्तम रैंकिंग है ।

सीसीएसयू को यह रैंकिंग शोध एनवाचार और डिजिटल प्रसेंस के क्षेत्र में बेहतर करने के कारण प्राप्त हुई है इससे पूर्व 2023 में जारी रैंकिंग के दौरान सीसीएसयू को देश में 66 वाँ स्थान प्राप्त हुआ था जो अब 31 पायदान बढ़कर 35 वां स्थान प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि सिमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग 2024 में विश्वविद्यालय को देश में 35 वां मिलना जहां देश के 324 भारतीय संस्थानों ने प्रतिभाग किया हो ए संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन व प्रेरणा से विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं तथा शिक्षकों ने मेहनत की। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में शोध तथा नवाचार के क्षेत्र में परिश्रम से विश्वविद्यालय का वातावरण शोधमय और नवाचारमय करने का प्रयास किया गया है जिस कारण विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। सीसीएसयू के डायरेक्टर रिसर्च प्रोफेसर बीरपाल सिंह ने बताया कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालयए मेरठ की विज्ञान और शोध क्षेत्र में इस सफलता के पीछे कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन एवं अनुभव का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि सिमागो इंस्टिट्यूशंस रैंकिंग का काम विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों की गुणवत्ता को मापने और मूल्यांकन करने में महत्वपूर्ण है।



## शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए सेमिनार

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में बुधवार को ष् ट्रेडिशनल नॉलेज एण्ड इंडोनेशिया विजडम टू मेंटेन वाटर फॉर पीस विषय पर केंद्रित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरूवात सभी अतिथियों ने सरस्वती माँ का द्वीप प्रवज्जलित करके की । सेमिनार का उद्देश्य शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक ज्ञान, स्वदेशी ज्ञान और जल संरक्षण रणनीतियों के बीच अंतरसंबंध का पता लगाना था। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सेमिनार में देश भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और संगठनों के विद्वानोंए शोधकर्ताओंए नीति निर्माताओं और छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीन दयाल अनुसंधान संस्थानए दिल्ली के सचिव अतुल जैन ने स्थायी जल प्रशासन के लिए नीतिगत हस्तक्षेप और संस्थागत तंत्र पर चर्चा की। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के उद्घाटन भाषण से हुई। प्रोफेसर शुक्ला ने समाज में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए जल प्रबंधन में पारंपरिक ज्ञान और स्वदेशी प्रथाओं को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जल संरक्षण के लिए स्थायी समाधानों पर शोध करने और उन्हें बढ़ावा देने में शिक्षा जगत की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतिभागी दिन भर गहन चर्चाओंए प्रस्तुतियों और विचारों के आदान.प्रदान में लगे रहे। इसके बाद के सत्रों में जल प्रबंधनए पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों और स्वदेशी प्रथाओं के क्षेत्र में प्रख्यात विद्वानों और विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं। वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर चर्चा कीए जिनमें जल संचयन एवं संरक्षण के पारंपरिक तरीके और टिकाऊ कृषि व जल संसाधन प्रबंधन में स्वदेशी ज्ञान आदि शामिल रहे। इसके अतिरिक्त जल प्रशासन और संघर्ष समाधान के लिए समुदाय.आधारित दृष्टिकोणए प्रभावी जल प्रबंधन के लिए आधुनिक विज्ञान को पारंपरिक ज्ञान के साथ एकीकृत करना। प्रसिद्ध जल संरक्षणवादी सच्चिदानंद भारती ने पारंपरिक प्रथाओं और समकालीन जल प्रबंधन में उनकी प्रासंगिकता में अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की।

# राजीव गांधी की हत्या के मामले के तीन दोषी श्रीलंका लौटे

**चेन्नई।** राजीव गांधी हत्याकांड मामले के तीन दोषी बुधवार को श्रीलंका लौट गए। तीनों दोषी मुरुगन उर्फ श्रीहरन, जयकुमार और रॉबर्ट पायस श्रीलंका के नागरिक हैं तथा पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के मामले में तीन दशकों तक जेल की सजा काटने के बाद उच्चतम न्यायालय ने करीब दो वर्ष पहले उन्हें रिहा कर दिया था।अधिकारियों के मुताबिक, मुरुगन उर्फ श्रीहरन, जयकुमार और रॉबर्ट पायस श्रीलंका के एक विमान से बुधवार को कोलंबो के लिए रवाना हुए।तमिलनाडु सरकार ने पिछले महीने मद्रास उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि श्रीलंकाई उच्चायोग ने मुरुगन और अन्य को यात्रा दस्तावेज जारी कर दिए हैं और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) द्वारा निर्वासन आदेश जारी करने के बाद वे (सभी दोषी) घर वापस जा सकते हैं।मुरुगन ने अदालत में याचिका दायर कर संबंधित अधिकारियों को उन्हें एक फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश देने की मांग की थी।

उच्चतम न्यायालय ने इस हत्याकांड के मामले में नवंबर 2022 को सात दोषियों को रिहा किया था, जिसमें ए तीनों श्रीलंकाई नागरिक भी शामिल थे।दोषियों की रिहाई के बाद उन्हें तिरुचिरापल्ली में एक विशेष शिविर में रखा गया था। वे कल रात यहां पहुंचे और आज (बुधवार को) कोलंबो के लिए रवाना हुए।इससे पहले मुरुगन की पत्नी नलिनी ने भी अदालत का रुख कर अधिकारियों को यह निर्देश देने की मांग की थी कि उनके पति को सभी देशों का पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए यहां श्रीलंकाई उच्चायोग के सामने पेश होने की अनुमति दी जाए। दंपति का मकसद अपनी बेटी से मिलना है, जो फिलहाल ब्रिटेन में रह रही है।मामले में दोषी ठहराए गए एक अन्य श्रीलंकाई नागरिक संथन की हाल ही में यहां मौत हो गई थी। इस मामले में जिन अन्य लोगों को दोषी ठहराया गया और रिहा किया गया वे सभी भारतीय हैं। रिहा किए गए दोषियों में पेरारिवलन, रविचंद्रन और नलिनी शामिल हैं। सभी सातों दोषियों ने 30 वर्षों से अधिक समय जेल में बिताया था।नलिनी ने घर वापस जाने से पहले बुधवार को हवाई अड्डे पर मुरुगन और अन्य लोगों से मुलाकात की।राजीव गांधी की 21 मई, 1991 को श्रीपेरंबुदूर के पास प्रतिबंधित लिट्टे की एक आत्मघाती हमलावर ने चुनावी सभा के दौरान हत्या कर दी थी।इस मामले में सात लोगों को दोषी ठहराया गया था, जिनमें से नलिनी समेत चार को मौत की सजा दी गई थी लेकिन बाद में इसे उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया।

# बिना किसी भय के सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करें

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मतुआ समुदाय से कहा

**भाषा। कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने मतुआ समुदाय के सदस्यों से बुधवार को आग्रह किया कि वे नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करें, भले ही उनके पास पहले से ही मतदान का अधिकार हो। मतुआ समुदाय के सदस्य 2014 से पहले भारत आ गए थे।ठाकुर पश्चिम बंगाल की बनगांव लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं।अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक बैठक को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि वह खुद सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे, हालांकि वह पहले से ही देश के निवासी हैं। ठाकुर ने कहा, सीएए के तहत नई नागरिकता के लिए आवेदन करने से आप स्थाई निवास प्रमाण सहित सभी लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जो पासपोर्ट और वीजा के लिए आवश्यक है। मेरा जन्म हालांकि यहीं हुआ था और मेरे दादाजी के पास आने के बाद निवास का प्रमाण था, फिर भी मैं आवेदन करूंगा। मतुआ समुदाय से आने वाले ठाकुर ने हाल में अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने के अपने इरादे की घोषणा की थी। ठाकुर के इस कदम के जवाब में, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रवक्ता शांतनु सेन ने उनका उपहास उड़ाया और भाजपा पर मतुआ और उन अन्य प्रवासी हिंदुओं को गुमराह करने का आरोप लगाया, जो पहले से ही देश के नागरिक हैं। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंदू वोटों को ध्यान में रखते हुए आम चुनाव से ठीक पहले सीएए को अधिसूचित किया। राज्यसभा के पूर्व सदस्य सेन ने पूछा, यदि शांतनु ठाकुर पहले से ही नागरिक हैं, तो उन्हें फिर से सीएए के तहत आवेदन करने की आवश्यकता क्यों है? क्या वह कुछ छिपा रहे हैं? क्या नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में किसी ऐसे व्यक्ति को शामिल किया जो देश का नागरिक नहीं था।

# पेज 1 का शेष

## मोदी ने...

हर प्रकार से बहुत जागृत रहना पड़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह परिवारवादी राजनीति के विरुद्ध लोकतंत्र की भलाई के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने पूछा कि यह मुद्दा जमीनी स्तर तक कैसे जा रहा है, लोगों में इस मुद्दे को कैसे ले जाया जा रहा है? मोदी ने बूथ अध्यक्षों से महिला मतदाताओं के रुझान के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रामनवमी पर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित करने और नवरात्रि के सभी नौ दिन में शक्ति संपर्क योजना बनाकर सभी महिलाओं को सक्रिय करने समेत नए-नए तरीके ढूंढने को कहा। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में संभल, बदायूं, बरेली, आंवला, एटा, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद और मैनपुरी लोकसभा सीटों पर आगामी सात मई को मतदान होगा। मोदी ने पश्चिम बंगाल के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ नमो ऐप के माध्यम से ऑनलाइन संवाद करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि तृणमूल कांग्रेस ने किस तरह भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हिंसा का सहारा लिया, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता निडरता से खड़े रहे। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचारी साथ आ गए हैं और उन्होंने एक गठबंधन बना लिया है जो मोदी को गाली देता रहता है। लेकिन मैं साफ कर दूं कि मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना बंद नहीं करेगा। भ्रष्टाचारियों के लिए केवल दो ही विकल्प बचे हैं-जेल या बेल (जमानत)। चुनावी हिंसा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सबसे बड़ी चुनौती हिंसा की है।

## कांग्रेस पार्टी...

कार्यकर्ता घर-घर जाकर गारंटी कार्ड बांटेंगे और लोगों से मिलकर उन्हें बताएंगे कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हम जनता के लिए क्या-क्या करेंगे। उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय की प्रमुख योजनाओं और कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है। उन्होंने दावा किया, मोदी जी अपनी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कामयाब नहीं हुई। उनकी गारंटी लोगों को नहीं मिली। उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली। उन्होंने 15-15 लाख रुपए देने का वादा किया, लेकिन यह गारंटी भी पूरी नहीं। खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आय दोगुनी करने समेत कई वादे किसानों से किए थे, लेकिन वह वादे पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा, मोदी सरकार राजनीतिक दलों को डरा रही है। कांग्रेस पार्टी के खाते से 135 करोड़ रुपए निकाल लिए गए। क्या लोकतंत्र में इस तरह से चुनाव होता है? क्या लोकतंत्र में सबको समान स्तर पर चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं है? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस कार्यकर्ता अगले कुछ हफ्तों में पूरे भारत में 8 करोड़ परिवारों को ये गारंटी कार्ड्स वितरित करेंगे, जो 14 अलग-अलग भाषाओं में प्रिंट किए गए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय , किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय - पर आधारित होगा। यह पांच अप्रैल को जारी किया जाएगा। पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपए देने का वादा शामिल है। पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है। उसने किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है।

## एप्पल....

जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के बीच अन्य टकरावों को सरकार के सभी निर्देशों को मानने के बाद सुलझा लिया गया, वहीं एप्पल ने कहा है कि वह किसी खतरे या आशंका की स्थिति में एफबीआई सहित दुनिया भर की सभी जांच एजेंसियों की मदद उपयोगकर्ताओं के आंकड़े साझा करता है। केंद्र और एप्पल के बीच ताजा टकराव प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शराब नीति मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आई फोन के डेटा को अनलॉक करने के अनुरोध को आई-फोन निर्माता के ठुकराने के एक दिन बाद हुआ है। सीआरटी सलाहकार ने कहा कि एप्पल सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की एक श्रृंखला को प्रभावित करती है, जिसमें 17.4.1 से पहले के एप्पल सफार संस्करण, 13.6.6 से पहले के एप्पल मैक ओएस वेंचुरा संस्करण, 14.4.1 से पहले के एप्पल मैंकओएस सोनोमा संस्करण, 14.4.1 से पहले के एप्पल विजन ओएस संस्करण शामिल हैं। 1.1.1, 17.4.1 से पहले के आईओएस और आईपैड ओएस संस्करण, और 16.7.7 से पहले के एप्पल आईओएस और आईपैडओएस संस्करण शामिल हैं।

## लोकसभा...

शासित प्रदेशों के अधिकारियों के बीच सहज समन्वय और सहयोग के लिए सभी संबंधित हितधारकों को एक ही मंच पर लाना था। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। आयोग ने एसएसबी को किसी भी अवैध गतिविधि के लिए नेपाल और बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है, खासकर मतदान के 72 घंटे पहले। चुनाव निकाय ने असम राइफल्स को राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ नियमित रूप से संयुक्त सुरक्षा समन्वय बैठकों को आयोजित करने का भी निर्देश दिया है।

## भाजपा के....

भावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि लोग चाहते हैं कि गांधी परिवार इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़े, क्योंकि उनका ऐतिहासिक महत्व है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने पार्टी के कार्टूनों का बचाव करते हुए सुझाव दिया कि गांधी परिवार की इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की अनिच्छा राज्य से पीछे हटने का संकेत देती है। त्रिपाठी ने राहुल गांधी द्वारा पिछले दिनों अमेठी छोड़ने की ओर इशारा किया और अनुमान लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रभाव गांधी परिवार को उत्तर प्रदेश से दूर जाने के लिए मजबूर कर रहा है। उन्होंने राज्य से प्रमुख विपक्षी नेताओं के संभावित पलायन का संकेत दिया। इन प्रहारों का जवाब देते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमरनाथ अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी की उम्मीदवारी पर प्रकाश डालते हुए, भाजपा की कहानी पर सवाल उठाया। उन्होंने प्रियंका और राहुल गांधी के राष्ट्रीय कद पर जोर देते हुए भारत के किसी भी हिस्से से चुनाव लड़ने की उनकी क्षमता की वकालत की। अग्रवाल ने भाजपा के आरोपों को खारिज कर दिया और सवाल किया कि क्या मोदी देश भर में गांधी परिवार की लोकप्रियता को रेखांकित करते हुए तमिलनाडु से चुनाव लड़ने की हिम्मत करेंगे। जैसे-जैसे राजनीतिक बयानबाजी तेज़ होती जा रही है और सोशल मीडिया एक शक्तिशाली उपकरण बनता जा रहा है, उत्तर प्रदेश के चुनावी परिदृश्य में प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच अपरंपरागत पैंतरेबाजी और तीखे आदान-प्रदान का दौर जारी है।

## वोट फ्राम...

इसके विपरीत, नई दिल्ली की शारीरिक रूप से दिव्यांग 45 वर्षीय नेहा पटेल ने इस अवधारणा के बारे में संदेह व्यक्त किया। सुविधा के लिए इसकी क्षमता को पहचानते हुए, पटेल ने गोपनीयता के उल्लंघन और घरेलू वातावरण की सीमा के भीतर संभावित जबरदस्ती के बारे में चिंता व्यक्त की। उनका तर्क है कि मतदान प्रक्रिया की पवित्रता से उन स्थितियों में समझौता किया जा सकता है जहां बाहरी प्रभाव प्रभावी होते हैं। 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्ति संजय शर्मा ने चुनाव आयोग से चुनौतियों का समाधान करने और बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिकों के लिए निर्बाध मतदान प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए पर्याप्त सहायता प्रदान करने का आह्वान किया, जिससे चुनावी प्रक्रिया में उनकी पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो सके। गतिशीलता के मुद्दों के कारण पिछले चुनावों में मतदान केंद्रों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करने के बाद, अनीता सिंह (70) ने हाशिए पर रहने वाले समुदायों के बीच अधिक जुड़ाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में इस पहल का स्वागत किया। इस पहल से 85 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और 88.4 लाख विकलांग व्यक्तियों को वोट डालने की अनुमति मिलेगी। जाने-माने विकलांगता अधिकार कार्यकर्ता डॉ. सतेंद्र सिंह ने योजना की प्रक्रिया के बारे में साझा किया, जिसमें बूथ स्तर के अधिकारी एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर पात्र मतदाताओं तक पहुंचते हैं, उनके साथ चुनाव अधिकारियों, एक वीडियोग्राफर और सुरक्षा कर्मियों की एक टीम होती है।

# सपा और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि मंदिर का निर्माण हो: शाह

**मुजफ्फरनगर ( उप्र )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थीं कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, मगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केस जीतकर मंदिर का निर्माण कराया। शाह ने भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के प्रमुख घटक दलों सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, अखिलेश यादव जी की पार्टी और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थीं कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को लटका कर रखा लेकिन मोदी जी ने केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी की। उन्होंने इंडिया गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा, "इस चुनाव में जो घमंडिया गठबंधन इकट्ठा हुआ है, उसमें 12 लाख करोड़ के घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाले लोग इकट्ठा हुए हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मोदी जी चौधरी चरण सिंह जी के गौरव कार्यक्रम में आए, उसी दिन इन्होंने (इंडिया गठबंधन) भ्रष्टाचारी बचाओ रैली की और उस रैली में भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने की बात कही।




शाह ने कहा, मैं आज इस मंच से उत्तर प्रदेश की जनता से कह रहा हूं कि 2014 में मोदी जी ने कहा था कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है वे जेल में जाएंगे और हम 2024 में भी कह रहे हैं कि जिसने भ्रष्टाचार किया है वे जेल की सलाखों के पीछे चले जाएंगे। विपक्ष का मकसद परिवार के लोगों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी जी का मकसद गरीब, किसान, मजबूर, दलित और आदिवासियों को मजबूत बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि 2014 में जब वह भाजपा के उत्तर प्रदेश प्रभारी थे तब कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर से लोगों का पलायन होता था लेकिन 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद उसने यहां पर गुंडों का आतंक बंद करके पलायन रोका है और लोगों को सुरक्षित किया है और निर्दोष नागरिकों की जगह अब गुंडे उत्तर प्रदेश से पलायन करने लगे हैं।

शाह ने अपने भाषण की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का जिक्र करते हुए की और कहा कि यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मोदी ने गुड़ और गन्ने के इस क्षेत्र के अंदर गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाकर ढेर सारे बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा, आप याद करिए कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब गन्ने की एफआरपी (उचित एवं लाभकारी मूल्य) 210 रुपए प्रति क्विंटल थी और आज 340 रुपए प्रति क्विंटल करने का काम मोदी जी ने किया है। भुगतान की जहां तक बात है तो 1995 से 2017 तक औसत भुगतान 23000 करोड रुपए होता था आज 250000 करोड़ रूपया गन्ने का भुगतान करने का काम भाजपा ने किया है। शाह ने कहा कि भाजपा के शासन में 20 से ज्यादा चीनी मिलों को दोबारा शुरू किया गया और पांच नई चीनी मिलें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि 2014-15 में इथेनॉल को पेट्रोल में नहीं मिलाया जाता था लेकिन मोदी सरकार की एक नीति की वजह से आज 156 करोड़ लीटर इथेनॉल को पेट्रोल में मिलाया जाता है जिससे गन्ना किसानों की आय बढ़ी है। बाद में, शाह ने पड़ोसी मुरादाबाद का दौरा किया और पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। मुरादाबाद में भाजपा ने सर्वेश सिंह को मैदान में उतारा है। सपा ने आजम खान की करीबी रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है।

# मैं पलटा नहीं हूं, पटखनी दी है : जयंत

**मुजफ्फरनगर।** रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव के चवन्नी वाले बयान पर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि वह पलटे नहीं हैं बल्कि उन्होंने पटखनी दी है। जयंत ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और रालोद की संयुक्त चुनावी रैली में सपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए कहा, "कलपरसों की बात है, उत्तर प्रदेश के जो मुख्यमंत्री रहे हैं, उनका भी एक बयान मैंने देखा। अब तक मैं उनके लिए कुछ बोला नहीं हूं। वह भले ही गालीगलौज करना चाहें, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन मैं एक बात बता देना चाहता हूं, मुजफ्फरनगर के लोगों से मेरी खास अपील है कि हम लोगों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इन्हें (अखिलेश को) बता दें। ऐसा वोट दें कि वे जान जाएं कि मैं पलटा नहीं हूं। इसे पलटना नहीं कहते, इसे पटखनी मारना कहते हैं।

मल्ल विद्या वह (अखिलेश) थोड़ीबहुत जानते हैं। थोड़ी-बहुत मैं भी जानता हूं। पिछले रविवार को दिल्ली में विपक्ष के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस की महारैली में शामिल हुए अखिलेश ने पत्रकारों से बातचीत में मेरठ में जयंत चौधरी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा करने से जुड़े एक सवाल के एक जवाब में उनपर (जयंत चौधरी) पर तंज किया था। उन्होंने कहा था, हो सकता है कि प्रधानमंत्री जी ने पूछा हो कि यह चवन्नी कौन है। माना जा रहा है कि अखिलेश ने जयंत के एक पुराने बयान को लेकर यह टिप्पणी की थी। भाजपानीत राजग का हिस्सा बनने से पहले राष्ट्रीय लोकदल का समाजवादी पार्टी से गठबंधन था। तब जयंत चौधरी ने भाजपा के साथ जाने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा था, मैं क्या चवन्नी हूं, जो पलट जाऊंगा। राजग में जाने के बाद जयंत चौधरी के बयान का वीडियो भी वायरल हुआ था।

सपा के राज्यसभा सदस्य जयंत चौधरी ने आरोप लगाया कि उनके दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का वे दल अंदर ही अंदर विरोध कर रहे हैं जो पहले कभी राजनीतिक रूप से रालोद के साथ थे। जयंत ने रालोद कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में बड़ा दिल दिखाने का आह्वान करते हुए मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान को जिताने की अपील की। कवि दुष्यंत कुमार की एक कविता की पंक्तियां पढ़ते हुए कहा, सच है कि पांवों ने बहुत कष्ट उठाए, पर पांव किसी तरह राह पर तो आए। उन्होंने कहा, तो अब लोक दल के कार्यकर्ताओं को बड़ा दिल दिखाना होगा। अगर आप मुझे मजबूती देना चाहते हैं, अगर आप चौधरी चरण सिंह के विचारों को आगे ले जाना चाहते हैं और अगर आप चौधरी अजीत सिंह के चौधरी के कार्यों को पूरा करना चाहते हैं तो संजीव बालियान को बहुमत के साथ चुनाव जिताइए।

# इस साल आम का उत्पादन 14 फीसद बढ़कर 2.4 करोड़ टन पर पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली।** आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्णकटिबंधीय बागवानी संस्थान के निदेशक टी दामोदरन ने बुधवार को कहा कि इस साल भारत का कुल आम उत्पादन लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर 2.4 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के अप्रैल-मई अवधि में लू चलने के पूर्वानुमान का आम की पैदावार पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा, बशर्ते किसान फलों के अत्यधिक गिरने को कम करने के लिए मई के दौरान सिंचाई का ध्यान रखें। अपने नवीनतम ग्रीष्मकालीन पूर्वानुमान में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तेज लू के दौर की भविष्यवाणी की है जो सामान्य दो से चार दिन के बजाय 10-20 दिन के बीच रह सकती है।

दक्षिण प्रायद्वीप के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत, पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन होने की संभावना है। दामोदरन ने पीटीआई-भाषा को बताया, आम में फूल (मंजर) आने की प्रक्रिया फल लगने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अनुकूल मौसम के कारण, आम में फूल आना लगभग समाप्त हो गया है। परागण सामान्य है और फल लगने शुरू हो गए हैं।

सामान्य गर्मी पैदावार को प्रभावित नहीं कर सकती हैं, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से फसल को मदद करेगी। उन्होंने कहा कि आम की फसल की संभावनाएं अभी अच्छी हैं। फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में कुल उत्पादन बढ़कर 2.4 करोड़ टन हो सकता है, जबकि फसल वर्ष 2022-23 में यह 2.1 करोड़ टन था। दक्षिण भारत में आम का उत्पादन बंपर देखा जा रहा है, जो देश के कुल उत्पादन में 50 प्रतिशत का योगदान देता है। पिछले साल मौसम की गड़बड़ी के कारण दक्षिणी राज्यों को 15 प्रतिशत नुकसान का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इस साल स्थिति बेहतर है।

# ईरानी ने पीएफआई से समर्थन मिलने पर कांग्रेस को निशाना बनाया

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि विपक्षी दल इतना नीचे गिर गया है कि वह चुनाव जीतने के लिए आतंकवादी संगठनों से मदद मांग रहा है। वह स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) का जिक्र कर रही थीं, जो आगामी लोकसभा चुनाव के लिए केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को समर्थन दे रही है। ईरानी ने हाल में दिल्ली में एक रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा की गई इस टिप्पणी को लेकर उनपर भी निशाना साधा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) "मैच फिक्सिंग" के माध्यम से चुनाव जीतती है और संविधान बदलती है, तो देश "आग" में जल जाएगा।

गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड सीट से अपना लोकसभा चुनाव नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसका वह वर्तमान में प्रतिनिधित्व करते हैं। मध्य प्रदेश के पन्ना में एक



रैली को संबोधित करते हुए, ईरानी ने कहा, मैंने सुना है कि कुछ लोग आज वायनाड में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं। मेरी पार्टी (भाजपा) के राज्य (केरल) अध्यक्ष उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं और कह रहे हैं कि अब उनकी (गांधी की) राजनीति इतनी खराब हो गई है कि वह आतंकवादी संगठनों से मदद मांग रहे हैं। ईरानी भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा के साथ पन्ना में थीं जो खजुराहो लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे थे। शर्मा इस सीट से मौजूदा भाजपा सांसद हैं जिन्हें पार्टी ने दोबारा नामांकित किया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि ए वही लोग हैं जिन्होंने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का संसद में विरोध किया था। उन्होंने कहा, ए वही लोग हैं जिन्होंने तब सबूत मांगा था जब भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के अंदर जाकर दुश्मन के शिविरों पर हमला किया था। ईरानी ने कहा कि ए लोग धमकी दे रहे हैं कि अगर नरेन्द्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने तो देश में आग लग जाएगी।

मैं राहुल गांधी से कहना चाहती हूं कि कान खोलकर सुन लें कि इस देश को पहले भी गोरे लोगों (अंग्रेजों) ने चुनौती दी थी, लेकिन इसने उन्हें हरा दिया। इस देश को पहले भी दुश्मनों ने चुनौती दी थी और यहां के मूल निवासियों ने उन्हें धूल चटाई थी। अगर आप देश के लोकतंत्र को कलंकित करने की धमकी देंगे और लोगों को भड़काएंगे तो यह देश आपको नहीं छोड़ेगा। ईरानी ने कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन को नहीं पता कि 2024 में क्या करना है, जबकि भाजपा के पास 2047 का विजन है।

मध्य प्रदेश में विपक्षी इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे के तहत खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी (सपा) को दी गई है। ईरानी ने कहा, यह कांग्रेस की हार का पहला संकेत है कि उन्होंने राज्य भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। जो लोग हाल के विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे थे, वे अब सीट साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हार का सामना करने के बाद भागना कांग्रेस की आदत बन गई है। कोई इसकी पुष्टि अमेठी के लोगों से कर सकता है।

ईरानी ने 2019 में उत्तर प्रदेश के अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से राहुल गांधी को हराया था। उन्होंने मतदाताओं को आगाह किया कि समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करने का मतलब उन शक्तियों को मजबूत करना है जो देश को बांटना चाहती हैं और उन लोगों का समर्थन करना जिन्होंने खजाना लूटा। सपा ने सोमवार को अपने खजुराहो लोकसभा उम्मीदवार मनोज यादव की जगह पूर्व विधायक मीरा दीप नारायण यादव को उम्मीदवार बनाया है। सपा द्वारा मनोज यादव के नाम की घोषणा पिछले सप्ताह की गई थी। इस सीट पर चुनाव 26 अप्रैल को होगा।

## कोई भी संविधान नहीं बदल सकता: फडणवीस

**अकोला।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता (भाजपा) देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को जोर दिया कि कोई भी संविधान को नहीं बदल सकता है और न ही नागरिकों के अधिकारों को छीन सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान के तहत मिले अधिकारों के कारण ही शीर्ष पद पर पहुंचे हैं। पूर्वी महाराष्ट्र में अकोला लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार अनूप धोत्रे द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा अक्सर उनके दल पर संविधान को बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन इसका कोई आधार ही नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, जब तक चांद, सूरज और तारे हैं तब तक संविधान को कोई नहीं बदल सकता है। फडणवीस ने दावा किया कि कांग्रेस ने कभी भी समाज सुधारक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को चुनाव में जीतने नहीं दिया और अब वह उनके पोते प्रकाश आंबेडकर के साथ भी ऐसा ही कर रही है। वंचित बहुजन आघाडी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर अकोला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के लिए वोट मांग रही है क्योंकि उनके कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। रैली में महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले भी उपस्थित थे।

## सोमालिया तट से पकड़े गए नौ समुद्री लुटेरों को भारत लाया गया, मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई।** सोमालिया तट से पकड़ कर भारत लाए गए नौ समुद्री लुटेरों को बुधवार को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सुमद्री लुटेरों ने ईरानी ध्वज वाले पोत को बंधक बना लिया था, जिसके बाद भारतीय नौसेना ने कार्वाई करते हुए इन्हें पकड़ा था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पोत पर चालक दल के 23 पाकिस्तानी नागरिक सवार थे। बंधक बनाने की यह घटना 29 मार्च को हुई थी। भारतीय नौसेना ने समुद्री डकैती रोधी अभियान के तहत 12 घंटे से अधिक के गहन सामरिक उपायों के बाद अपहृत ईरानी पोत और उसके चालक दल के सदस्यों को बचा लिया था। भारतीय नौसेना दल के सफल अभियान के बाद समुद्री लुटेरों ने आत्मसमर्पण कर दिया और चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया। इसके बाद समुद्री लुटेरों को नौसेना ने हिरासत में ले लिया और छह दिन की यात्रा के बाद समुद्री लुटेरों को मुंबई लाया गया। उन्होंने बताया कि नौसेना ने समुद्री लुटेरों को यहां पुलिस को सौंप दिया। मुंबई पुलिस ने समुद्री लुटेरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, समुद्री डकैती रोधी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## संजय निरूपम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू

**मुंबई।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि उसने सहयोगी दल शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के बीच पार्टी नेतृत्व के खिलाफ पूर्व सांसद संजय निरूपम की हालिया टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है और उनके बारे में एक यो दो दिन में निर्णय लिया जाएगा। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुंबई में पार्टी की प्रचार समिति की बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस ने निरूपम का नाम स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया है। निरूपम ने कहा कि वह बृहस्पतिवार को अपना रुख बताएंगे। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वित्तीय संकट का सामना कर रही पार्टी को अपनी ऊर्जा खर्च नहीं करनी चाहिए। निरूपम ने ट्वीट किया, गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रही पार्टी मेरे लिए कागज-कलम और ऊर्जा बर्बाद ना करे। इसका इस्तेमाल पार्टी को बचाने के लिए होना चाहिए। मैंने पार्टी को जो समय सीमा दी थी वह आज खत्म हो रही है। मैं कल अपने अगले कदम के बारे में बताऊंगा। प्रचार समिति की बैठक के बाद पटोले ने संवाददाताओं से कहा, पार्टी ने निरूपम का नाम स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया है और पार्टी तथा प्रदेश इकाई नेतृत्व के खिलाफ बयानों के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। एक या दो दिन में निर्णय लिया जाएगा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) द्वारा मुंबई की छह लोकसभा सीट में से मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट समेत चार के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद निरूपम ने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर निशाना साधा था।

# भाजपा के दो वरिष्ठ नेता बीजद में हुए शामिल

**भुवनेश्वर।** भाजपा की ओडिशा इकाई के उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्रा और कटक के जिला अध्यक्ष प्रकाश बेहरा लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनाव से पहले बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हो गए। बक्शीपात्रा ने दिन में पार्टी से इस्तीफा दिया वहीं बेहरा ने 29 मार्च को भाजपा से नाता तोड़ लिया था। ऐसी अटकलें हैं कि बीजद बहरामपुर लोकसभा सीट से बक्शीपात्रा और सालेपुर से बेहरा को उम्मीदवार बना सकती है। दोनों नेताओं ने 2019 चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बक्शीपात्रा ने बीजद के भुवनेश्वर स्थित पार्टी मुख्यालय शंख भवन में सदस्यता ग्रहण की। बहरामपुर से बीजद सांसद चंद्रशेखर साहू ने बक्शीपात्रा का पार्टी में स्वागत किया।

भाजपा द्वारा पार्टी विधायक प्रदीप पाणिग्रही को बहरामपुर सीट से चुनाव मैदान में उतारे जाने के बाद बक्शीपात्रा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इस बीच, बीजद ने मौजूदा सांसद साहू को पार्टी का उपाध्यक्ष और घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

पार्टी ने समिति के अन्य सदस्यों की घोषणा अभी नहीं की है, जो राज्य की 147 सदस्ईय विधानसभा और 21 लोकसभा सीट पर एक साथ चुनाव के लिए घोषणापत्र तैयार करेगी। बीजद ने अब तक राज्य की 21 लोकसभा सीटों में से 15 के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पिछले लोकसभा चुनाव में बक्शीपात्रा ने 3.49 लाख मत हासिल किए थे, लेकिन साहू ने उन्हें करीब 94,000 मतों के अंतर से हरा दिया था।

सालेपुर के पूर्व विधायक प्रकाश बेहरा भी बीजद में शामिल हो गए। पार्टी के वरिष्ठ नेता मानस मंगराज की उपस्थिति में उन्होंने बीजद की सदस्यता ग्रहण की। बेहरा ने 2014 में कांग्रेस के टिकट पर सालेपुर सीट जीती थी लेकिन 2019 के चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हो गए और फिर इसी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा लेकिन बीजद के प्रशांत बेहरा ने उन्हें हरा दिया था। इसी तरह, प्रमुख आदिवासी नेता जॉर्ज तिर्की के बेटे रोहित जोसेफ तिर्की भी बीजद में शामिल हो गए।

कांग्रेस के टिकट पर सुंदरगढ़ जिले के बीरमित्रपुर विधानसभा क्षेत्र से 2019 का चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। बीजद ने 147 विधानसभा सीट में से 72 के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की है, लेकिन अभी पार्टी ने बीरमित्रपुर और सालेपुर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। रोहित के पिता बीरमित्रपुर से चार बार विधायक रहे हैं और वह 2002 से 2006 तक बीजद में थे। जॉर्ज झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के टिकट पर पहली बार 1995 में और फिर 2000 में बीरमित्रपुर सीट से विजई हुए थे। बीजद से इस्तीफा देने के बाद वह 2009 में स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर बीरमित्रपुर से चुनाव जीते थे। इसके बाद उन्होंने 2014 में अपनी राजनीतिक पार्टी समता क्रांति दल की स्थापना की और चौथी बार बीरमित्रपुर से जीत हासिल की।



जलपाईगुड़ी में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी मुखिया ममता बनर्जी चाय के बागान का निरीक्षण करती हुई।

# मालवीय ने मनमोहन की आलोचना की, रमेश ने किया पलटवार

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व** प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 33 साल की संसदीय पारी के समापन के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय ने बुधवार को बतौर प्रधानमंत्री उनके नेतृत्व की आलोचना की जिस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के ट्रोल मास्टर ने दुर्भावनापूर्ण एवं झूठे आरोप लगाए हैं। रमेश ने यह भी कहा कि मनमोहन सिंह सादगी, तपस्या और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख मालवीय ने दावा किया कि मनमोहन सिंह भारत के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार के मुखिया थे और उनके नेतृत्व वाली सरकार में भारत और गरीब बन गया।

मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह 33 साल बाद राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 2004-14 के बीच शीर्ष पद संभाला था। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, डॉ. सिंह, जिन्हें एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में जाना जाता है, ने भारत को गरीब बना दिया।

उन्होंने दावा किया, आईएमएफ का डेटा इस प्रकार है: डॉ. सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के तहत, विकासशील देशों (चीन सहित) के प्रतिशत के रूप में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 35 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत हो गई। इससे पहले अटल बिहारी वाजपेई ने इसे 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत (1998-2004) किया था। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत (2014-24) कर दिया है। उन्होंने कुछ और आंकड़े पेश करते हुए दावा किया, डॉ. मनमोहन सिंह न केवल स्वतंत्र भारत के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार के मुखिया थे, बल्कि उन्होंने भारतीयों को और गरीब भी बनाया। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री वाजपेई और मोदी ने भारतीयों को अमीर बना दिया। यह डॉ. सिंह और कांग्रेस की (आखिरकार सोनिया गांधी सुपर प्रधानमंत्री थीं) स्थाई विरासत है।

मालवीय पर पलटवार करते हुए रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा के ट्रोल मास्टर अमित मालवीय आज बेतुकेपन और दुर्भावनापूर्ण बात की नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। वह आंकड़ों के बारे में झूठ बोलने के लिए मशहूर हैं, लेकिन आज उन्होंने झूठ बोलने के लिए एक नए आंकड़े का आविष्कार करने का फैसला किया है।

उनका कहना था, मनमोहन सिंह 33 साल की सार्वजनिक सेवा के बाद आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके प्रति थोड़ा भी सम्मान दिखाने और थोड़ी सी भी शालीनता रखने के बजाय, मालवीय ने डॉ. मनमोहन सिंह की निंदा करना चुना है। आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान के बारे में न तो नरेन्द्र मोदी जी और न ही मालवीय दूर-दूर तक सोच सकते हैं।

रमेश ने कहा, मनमोहन सिंह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कम बोलते हैं और बहुत कुछ हासिल करते हैं। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कभी भी आत्म-गान में लिप्त नहीं होते हैं, बल्कि आलोचकों और विरोधियों सहित दूसरों को श्रेय देने के लिए तैयार रहते हैं। वह सादगी, तपस्या और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं। उनके अनुसार, मालवीय की अतिसक्रिय कल्पना से उत्पन्न इन निरर्थक विकृतियों के बजाय, आईएमएफ डेटा के आधार पर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद पर स्पष्ट और सरल तथ्य यहां दिए गए हैं: 2004-2014 तक, भारत की प्रति व्यक्ति नाममात्र जीडीपी 635 डॉलर से बढ़कर 1560 डॉलर हो गई। 145 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2014-2024 तक, भारत की प्रति व्यक्ति नॉमिनल जीडीपी 1560 डॉलर से बढ़कर 2850 डॉलर हो गई यानी 82 की वृद्धि हुई।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार में 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया। रमेश ने दावा किया, हर पैमाने पर, पिछले 10 साल हमारी अर्थव्यवस्था के लिए एक काला दशक रहा है। भारत के लोग और उनकी संकट की व्यक्तिगत कहानियाँ इसका प्रमाण हैं। हम सभी 4 जून को गवाही देंगे।

## सरकार ने 1,000 टन काला नमक चावल के निर्यात पर शुल्क हटाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने छह निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल की किस्म के निर्यात पर शुल्क हटा दिया है। अभी तक काला नमक चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार से प्रभावी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने मंगलवार को निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसके निर्यात पर पहले प्रतिबंध था। चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से अनुमति दी गई है।

# भारत अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक कच्चा तेल भंडारण बनाएगा

**नई दिल्ली।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ए तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ए भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपए की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चे तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं।

पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है। आईएसपीआरएल ने निविदा में कहा कि पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। बोलीदाताओं से कहा गया है कि वे भंडारण के निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय अनुदान या उस प्रीमियमाशुल्क का बताएं जो वे प्राधिकरण को देना चाहते हैं।

निविदा दस्तावेज में कहा गया है कि यह परियोजना उन इकाइयों को दी जाएगी, जो अधिक प्रीमियमाशुल्क देंगे। जहां कोई भी बोली लगाने वाला प्रीमियम की पेशकश नहीं कर रहा है, यह सबसे कम अनुदान चाहने वाले को दी जाएगी। आईएसपीआरएल ने कहा, परियोजना के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 3,308 करोड़ रुपए होगी। एक बोली लगाने वाला जो अनुदान चाहता है वह कोई प्रीमियम नहीं दे सकता है। पादुर-दो का संचालक तेल भंडारण की इच्छुक किसी भी तेल कंपनी को भंडारण क्षेत्र पट्टे पर देगा और उसके लिए शुल्क लेगा। तेल का भंडारण करने वाली कंपनियां इसे घरेलू रिफाइनरी कंपनियों को बेच सकती हैं। लेकिन आपात स्थिति में तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप, सात लोगों की मौत

**एपी।** ताइपे

**ताइवान में** बुधवार सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए, जिससे इमारतें तथा राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए तथा सात लोगों की मौत हो गई।

पिछले 25 साल में आए सबसे शक्तिशाली भूकंप से राजधानी ताइपे में पुरानी इमारतों और कुछ नए कार्यालय परिसरों में टाइल्स गिर गईं। विद्यार्थियों को स्कूल से निकाल कर खेल के मैदान में ले जाया गया और उन्हें हेलमेट पहनाए गए। कुछ बच्चे ऊपर से गिरती चीजो से बचाव के लिए अपने सिर को किताबों से ढकते दिखे।

भूकंप के कारण दक्षिण-पूर्वी शहर हुलिएन के एक इलाके में स्थित पांच मंजिला इमारत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। इसी शहर के पास भूकंप का केंद्र था।

ताइवान की राष्ट्रीय दमकल एजेंसी ने कहा कि सुबह करीब आठ बजे आए भूकंप में सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अखबार यूनाइटेड डेली न्यूज ने खबर दी है कि तारोको राष्ट्रीय उद्यान में चट्टान से पत्थर गिरने से तीन पैदल यात्रियों की मौत हो गई और इसी इलाके में एक बड़ा सा पत्थर एक वैन पर गिरने से उसके चालक की भी मौत हो गई।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 736 लोग जख्मी हुए हैं और 77 लोग विभिन्न जगहों पर फंसे हुए हैं। भूकंप और भूकंप के बाद के झटकों की वजह से भूस्खलन की 24 घटनाएं हुई हैं तथा 35 सड़कें, पुल और सुरंगे क्षतिग्रस्त हुई हैं।

ताइवान की भूकंप निगरानी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 7.2 थी जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। इसका केंद्र हुलिएन से दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में जमीन से करीब 35 किलोमीटर नीचे था।

इसके बाद कई भूकंप बाद के झटके आए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, एक झटका 6.5



तीव्रता का था जिसका केंद्र 11.8 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी जिसे बाद में वापस ले लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें चार तीव्रता के अपेक्षाकृत हल्के भूकंप की आशंका थी, इसलिए उन्होंने अलर्ट नहीं जारी किया।

इस बीच, अधिकारियों ने कहा है कि शक्तिशाली भूकंप के कारण फोन नेटवर्क ठप हो जाने के बाद मिनी बस में सवार 50 लोगों से उनका संपर्क टूट गया है।

ताइपे के एक इलाके में पांचवी मंजिल पर रहने वाले हसिइन-हसुएन केंग ने बताया, यहां भूकंप आना आम बात है। लेकिन आज का भूकंप ऐसा था कि मैं डर गया।

राष्ट्रीय संसद भवन और ताइपे के दक्षिण में स्थित मुख्य हवाई अड्डे का एक खंड मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। यह संसद भवन द्वितीय विश्व युद्ध से पहले बनाए गए स्कूल में है।

पूर्वी तट के पास पहाड़ी क्षेत्र में सुरंगों और राजमार्गों पर भूस्खलन और गिरते मलबे के कारण यातायात लगभग ठप हो गया।

पूरे द्वीप में ट्रेन सेवा को निलंबित कर दिया गया और ताइपे में सबवे सेवा को भी अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। द्वीपीय देश की आबादी 2.3 करोड़ है।

वहीं, जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि भूकंप के झटके के 15 मिनट बाद योनगुनी द्वीप पर सुनामी की 30 सेंटीमीटर ऊंची लहर देखी गई है। इशिगाकी और मियाको द्वीपों पर भी छोटी लहरें उठीं।

चीन के मीडिया के मुताबिक, भूकंप के झटके शंघाई और चीन के दक्षिण-पूर्वी तट से सटे कई प्रांतों में महसूस किए गए। चीन ने अपने मुख्य भूभाग के लिए सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की। ताइवान में हाल के वर्षों में 21 सितंबर 1999 को सबसे भीषण भूकंप आया था जिसकी तीव्रता 7.7 थी। इसमें 2400 लोगों की मौत हो गई थी, करीब एक लाख लोग जख्मी हो गए थे और हजारों इमारतें नष्ट हो गई थीं।

## पूर्वी चीन में तूफान से सात की जान गई

**एपी।** बीजिंग

**पूर्वी चीन** के जियांग्शी प्रांत में इस सप्ताह तूफानी बारिश और ओलावृष्टि से सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ऊंची इमारत के अपने अपार्टमेंट से गिरे तीन लोग भी शामिल हैं। सरकार के स्वामित्व वाले प्रसारक सीसीटीवी ने जियांग्शी सरकार की आपातकालीन एजेंसी का हवाला देते हुए बुधवार को बताया कि रविवार से शुरू हुए तूफान के कहर में दर्जनों मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं और 800 से अधिक लोगों को अन्यत्र ले जाया गया है।

सीसीटीवी की पहले की खबर के अनुसार, प्रांत की राजधानी नानचांग में रविवार को चार लोगों की मौत हो गई। हालांकि रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य तीन लोगों की मौत कब और कहां हुई। खबर के अनुसार, मंगलवार को आए एक और जोरदार तूफान के कारण नानचांग में लोग एक ढहे हुए घर में फंस गए। खबर में बताया गया कि ग्यारह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एससीओ सम्मेलन में डोभाल ने सीमा पार आतंकवाद पर चिंता जताई

**भाषा।** अस्ताना

**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने आतंकवाद के खतरे से निपटने में दोहरे मानकों को छोड़ने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकवाद के साजिशकर्ताओं से प्रभावी ढंग से और तेजी से निपटा जाना चाहिए।

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विभिन्न आतंकवादी समूहों को पाकिस्तान के निरंतर समर्थन के बीच अपनी टिप्पणी में आतंकवाद के प्रायोजकों, वित्तपोषकों और मददगारों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

सूत्रों ने कहा कि डोभाल ने एससीओ क्षेत्र में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद, अल कायदा और उसके सहयोगी संगठन और आईएसआईएस समेत विभिन्न आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न खतरे का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि भारत दूसरे देशों के साथ व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि ऐसी पहल एससीओ सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को ध्यान में रखते हुए होनी चाहिए।

यह टिप्पणियां ऐसे वक्त आई हैं जब चीन की क्षेत्र एवं सड़क पहल (बीआरआई) को पारदर्शिता की कमी और राष्ट्रों की संप्रभुता की उपेक्षा को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

एनएसए ने 22 मार्च को मास्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। डोभाल ने रूस के एनएसए पेत्रुशेव को सभी तरह के आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए रूस की सरकार और लोगों के साथ भारत की एकजुटता से अवगत कराया।

सूत्रों के अनुसार, डोभाल ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद सहित कहीं भी, किसी के भी द्वारा, किसी भी उद्देश्य से अंजाम दिए गए आतंकी कृत्य को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद में शामिल साजिशकर्ताओं से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत आतंक के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए एससीओ के आरएटीएस (आतंकवाद से निपटने के लिए ढांचा) के भीतर सहयोग के लिए एक प्रभावी तंत्र के निर्माण का समर्थन करता है तथा इसे और मजबूत करने का समर्थन करता है।

डोभाल ने अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क की निरंतर उपस्थिति सहित सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के निकटवर्ती पड़ोसी के रूप में भारत के अफगानिस्तान में जायज सुरक्षा और आर्थिक हित हैं।

डोभाल ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान में एससीओ की तत्काल प्राथमिकताओं में मानवीय सहायता प्रदान करना, समावेशी और प्रतिनिधि सरकार का गठन सुनिश्चित करना, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी का मुकाबला करना और महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण करना शामिल है।

## उत्तर कोरिया ने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की नई हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया

**एपी।** सियोल



**उत्तर कोरिया** ने ठोस प्रणोदक से संचालित मध्यम दूरी की एक नई हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है। देश के सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

इसी के साथ पड़ोसी देशों एवं अमेरिका के साथ गहराते परमाणु गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया का हथियारों का प्रदर्शन जारी है।

इस परीक्षण की कथित सफलता के बाद उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने घोषणा की कि उनके देश ने सभी रेंज की मिसाइल के लिए ठोस-ईंधन चालित, परमाणु-सक्षम प्रणाली बनाने की क्षमता हासिल कर ली है। किम ऐसे हथियार बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो अमेरिका और एशिया में उसके प्रतिद्वंद्वियों को डरा सके।

उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने दावा किया कि मंगलवार के परीक्षण के दौरान मिसाइल का हाइपरसोनिक ग्लाइड वारहेड 101 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचा और लॉन्च रॉकेट से अलग होने के बाद इसने लगभग 1,000 किलोमीटर तक उड़ान भरी और कोरियाई प्रायद्वीप तथा जापान के बीच जलक्षेत्र में उतरने से पहले इसने विभिन्न युद्धाभ्यास पूर्ण किए।

दक्षिण कोरिया की सेना का हालांकि कहना है कि उत्तर कोरिया परीक्षण के सफल रहने तथा अपने समग्र मिसाइल कौशल को बढ़ा-चढ़ा कर पेश कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ बुधवार को अपने उस आकलन पर कायम रहे कि मिसाइल ने करीब 600 किलोमीटर तक की दूरी तय की और उत्तर कोरिया पर मिसाइल के प्रदर्शन को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया, हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उत्तर कोरिया की प्रौद्योगिकियों में सुधार हो रहा है।

इससे एक दिन पहले जापान ने भी इस बात की जानकारी दी थी मिसाइल ने कितनी दूरी तक उड़ान भरी। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने पत्रकारों को भेजे एक संदेश में कहा, हाइपरसोनिक मिसाइलें हथियार प्रणालियां हैं जिन्हें अब भी उन्नत देश (अमेरिका, चीन और रूस) विकसित कर रहे हैं और इनके लिए बेहद दुरूह प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता होती है। अभी यह कहना मुश्किल है कि इनकी तैनाती कब की जाएगी लेकिन इसमें काफी वक्त लगेगा।

## वृत्तचित्र बॉर्न हंग्री की निर्माता बनीं प्रियंका चोपड़ा

**भाषा।** लॉस एंजिलिस

**अभिनेत्री प्रियंका** चोपड़ा जोनस ने कहा है कि वह और उनकी निर्माण कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स बैरी एवरिच के वृत्तचित्र बॉर्न हंग्री का निर्माण करेंगी।



हॉलीवुड समाचार मुहैया करने वाली वेबसाइट डेडलाइन के अनुसार प्रियंका चोपड़ा जोनस और पर्पल पेबल पिक्चर्स के टीवी एवं फिल्म प्रमुख मैरी रोह्लिच साथ में बॉर्न हंग्री का निर्माण करेंगे।

बॉर्न हंग्री एक भारतीय लड़के की कहानी है जिसे उसका परिवार त्याग देता है और वह बाद में सेलिब्रिटी शेफ सैश सिम्पसन बन जाता है।

प्रियंका चोपड़ा जोनस ने कहा कि वह सिम्पसन की यात्रा से बेहद प्रभावित थीं और सिम्पसन की कहानी को स्क्रीन पर लाना कोई आसान काम नहीं था।

## जैन समुदाय ने अमेरिका में डिजिटल डीटॉक्स आंदोलन आरंभ किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** रह रहे जैन समुदाय ने मोबाइल फोन और लैपटॉप के स्क्रीन से नियमित अंतराल पर दूरी बनाने के लिए डिजिटल डीटॉक्स आंदोलन शुरू किया है।

समुदाय के कार्यकर्ता अजय जैन भूटोरिया ने कहा कि नियमित अंतराल पर डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाना हमारे समावेशी कल्याण के लिए बहुत जरूरी है और इससे बचे वक्त का इस्तेमाल परिवार और दोस्तों के साथ रिश्तों को मजबूत करने तथा तनाव कम करने आदि के लिए किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाकर जिंदगी की सुंदरता को फिर से देखें।

भूटोरिया ने कहा, आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में डिजिटल स्क्रीन हमारी जिंदगी पर हावी है। डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाना बहुत सकारात्मक हो सकता है।

उन्होंने कहा कि यह कदम अणुव्रत अनुशास्ता और इसके नेता आचार्य श्री महाश्रमण के दृष्टिकोण से प्रेरित है। अणुव्रत अनुशास्ता शब्द जैन दर्शन से आया है। अणुव्रत छोटी प्रतिज्ञाओं या प्रतिबद्धताओं के लिए होता है और अनुशास्ता उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जो इन प्रतिज्ञाओं को लागू कराता है या निर्धारित करता है। जैन धर्म में, अणुव्रत अनुशास्ता वह है जो लोगों को अणुव्रत अपनाने के लिए मार्गदर्शन देता है।

भूटोरिया और उनकी टीम डिजिटल डिटॉक्स आंदोलन के लिए समर्थन मांगने के वास्ते संसद के सदस्यों के साथ-साथ नीति निर्माताओं, गैर-लाभकारी निकायों, शिक्षाविदों और थिंक टैंक से संपर्क करने की योजना बना रही है।

## बाइडन और ट्रंप ने चार और राज्यों के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की

**भाषा।** वाशिंगटन



अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत रोड आईलैंड, कनेक्टिकट, न्यूयॉर्क और विस्कॉन्सिन में मंगलवार को हुए प्राइमरी चुनाव में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आसानी से जीत हासिल कर ली।

राष्ट्रपति पद के चुनाव में बाइडन का डेमोक्रेटिक पार्टी और ट्रंप का रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनना लगभग तय है। इस बार भी राष्ट्रपति पद के चुनाव में 2020 की तरह ट्रंप और बाइडन के सामने-सामने होने की संभावना है।

बाइडन और ट्रंप की जीत के साथ ही उन्हें मिले डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) की संख्या में बढ़ोतरी हो गई।

राष्ट्रपति पद के लिए दोनों दलों के उम्मीदवार चुनने के लिए हुए चुनाव में चारों राज्यों में कई दावेदारों के नाम मतपत्र पर थे लेकिन ट्रंप (77) और बाइडन (81) को किसी बड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा।

मंगलवार को हुए प्राइमरी चुनाव में ट्रंप को 75 प्रतिशत से अधिक वोट मिले, जबकि बाइडन को 80 प्रतिशत से अधिक वोट मिले।

इसी के साथ ट्रंप के पास अब 1,860 डेलीगेट का समर्थन है। बाइडन ने अब तक 3,030 डेलीगेट का समर्थन हासिल कर लिया है जबकि पार्टी उम्मीदवार बनने के लिए 1,968 डेलीगेट की आवश्यकता होती है।

बाइडन को चुनाव के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं के विरोध का भी सामना करना पड़ा और उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों से राष्ट्रपति के खिलाफ वोट करने को कहा ताकि इजराइल और हमास के बीच युद्ध से निपटने के उनके तरीके को लेकर अस्वीकृति जताई जा सके।

## गाजा में सहायताकर्मियों की मौत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा, राहत समूहों ने खाद्य आपूर्ति रोकी

**एपी।** दीर अल बलाह

**गाजा में** इजराइली हवाई हमलों में सात सहायता कर्मियों की मौत की घटना की अमेरिका समेत इजराइल के कुछ निकट सहयोगियों ने निंदा की और कई परमार्थ संगठनों ने भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके फलस्तीन के लिए खाद्य आपूर्ति रोक दी।

वर्ल्ड सेंट्रल किचन परमार्थ संगठन के कर्मियों की मौत से उत्तरी गाजा में मदद के लिए साइप्रस से सहायता पहुंचाए जाने के वास्ते एक समुद्री गलियारा खोलने के अमेरिका और अन्य देशों के प्रयासों को झटका लगने का खतरा है।

इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस हमले पर नाराजगी जताते हुए इजराइल की निंदा की और कहा कि उसने आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए।

उन्होंने कहा, इजराइल ने नागरिकों को अत्यावश्यक मदद पहुंचाने की कोशिश कर रहे सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए।

उन्होंने कहा कि वह सहायता कर्मियों की हत्या की घटना से क्रोधित और दुखी हैं। उन्होंने कहा, कल जो घटना हुई, वह कतई नहीं होनी चाहिए।

इस हमले को समुद्र के रास्ते गाजा तक सहायता पहुंचाने की कोशिश के लिए झटका माना जा रहा है जहां इजराइल हमास के खिलाफ कार्वाई कर रहा है।

हमले के तुरंत बाद साइप्रस के एक अधिकारी ने बताया कि राहत सामग्री के साथ भेजे गए जहाज वापस लौट रहे हैं और करीब 240 टन राहत सामग्री जहाज से नहीं उतारी जा सकी।

अन्य मानवीय सहायता संगठनों ने भी गाजा में अपने अभियान यह कहते हुए निलंबित कर दिए कि क्षेत्र में मदद करना बहुत खतरनाक है।

गाजा में इजराइल के हवाई हमलों में वर्ल्ड सेंट्रल किचन परमार्थ समूह के लिए काम करने वाले छह अंतरराष्ट्रीय सहायता कर्मियों और उनके फलस्तीनी वाहन चालक की मौत हो गई। मारे गए इन लोगों में ब्रिटेन के तीन नागरिक हैं जबकि फलस्तीन, ऑस्ट्रेलिया और पोलैंड का एक-एक व्यक्ति है। एक व्यक्ति अमेरिका-कनाडा की दोहरी नागरिकता वाला है।

इजराइल के सैन्य प्रमुख ने कहा है कि इजराइली हमले में हुई सात सहायता कर्मियों की मौत का कारण जटिल परिस्थितियों में उनकी गलत पहचान किया जाना था।

लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने बुधवार तड़के प्रारंभिक जांच के परिणामों के बारे में बताते हुए हमले में सहायता कर्मियों के मारे जाने पर खेद व्यक्त किया और इस घटना को एक गंभीर गलती बताया।

उन्होंने कहा, यह एक गलती थी जो रात में बहुत जटिल परिस्थितियों में युद्ध के दौरान उनकी गलत पहचान किए जाने के बाद हुई। ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र संस्था मामले की गहन जांच करेगी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्वीकार किया है कि उनकी सेना द्वारा किए गए हमले में सात सहायता कर्मियों की मौत हुई है।

अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने इन हमलों को लेकर इजराइल की निंदा करते हुए उससे इस मामले में स्पष्टीकरण देने को कहा है।

# अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर में 3.5 लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन किए

**भाषा।** अबू धाबी

**जनता के** लिए खुलने के एक महीने के भीतर साढ़े तीन लाख से अधिक भक्तों ने अबू धाबी में बने पहले पत्थर निर्मित हिंदू मंदिर में दर्शन किए। मंदिर अधिकारियों की तरफ से यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी में इस मंदिर का उद्घाटन किया गया था। इस प्रतिष्ठित मंदिर को एक मार्च को आगंतुकों के लिए खोला गया था।

मंदिर के प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया, पहले महीने में, लगभग 3,50,000 भक्त और आगंतुक थे, जिनमें से 50,000 प्रत्एक सप्ताहांत (शनिवार-रविवार) आते थे। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सोमवार को मंदिर निजी प्रार्थनाएं आयोजित करता है और आगंतुकों के लिए बंद रहता है, जिसका अर्थ है कि परिसर मार्च में 31 दिनों में से केवल



27 दिनों के लिए आम लोगों के लिए खुला था।

उन्होंने कहा, मंगलवार से रविवार तक हर शाम, स्वामीनारायण घाट के तट पर शाम साढ़े सात बजे गंगा आरती की जाती है, जो भारत से लाए गए गंगा और यमुना के पवित्र जल का उपयोग करके बनाया गया है।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक लोकार्पण समारोह के दौरान किया गया था जिसमें 5,000 से अधिक लोग शामिल हुए थे।

मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास अबू मुरीखा में 27 एकड़ में किया गया है।

राजस्थान से लाई गईं 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर है जिसे अयोध्या के राम मंदिर की तरह ही वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।

बीएपीएस हिंदू मंदिर पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है। यूएई के दुबई में तीन अन्य हिंदू मंदिर हैं।

प्रवक्ता ने कहा, चूंकि मंदिर थोड़ा बाहरी इलाके में और रेगिस्तान के बीच में है, इसलिए आगंतुकों को मंदिर तक आसानी से आने की सुविधा देने के वास्ते सप्ताहांत के लिए शहर से सार्वजनिक बस सेवा शुरू की गई है।

प्रधानमंत्री मोदी की 2015 में खाड़ी देश की दो दिवसीय यात्रा के दौरान, संयुक्त अरब अमीरात ने अबू धाबी में एक मंदिर के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की। इस यात्रा का काफी कूटनीतिक महत्व था, क्योंकि इंदिरा गांधी के बाद मोदी 34 वर्षों में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस खाड़ी देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।

## कामगारों का पहला जत्था भारत से इजराइल पहुंचा

**भाषा।** तेल अवीव

**भारत के** 60 से ज्यादा कामगारों का पहला जत्था इजराइल पहुंच गया है। ए कामगार इजराइल में प्रशिक्षित मजदूरों की कमी का सामना कर रहे निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के मकसद से दोनों देशों की सरकारों (जी2जी) के बीच हुए समझौते के तहत यहां पहुंचे हैं।

बिचौलियों को दूर रखने और इजराइली परीक्षकों द्वारा आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए दोनों देशों की सरकारों के बीच इस तंत्र को अमली जामा पहनाया गया है। इजराइली परीक्षकों ने भारत का दौरा किया था और उन्होंने भारतीय एजेंसियों के साथ इस प्रक्रिया में समन्वय भी किया था।

निर्माण मजदूरों का पहला जत्था मंगलवार शाम को देश पहुंचा।

भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, (दोनों देशों के बीच) समझौते के तहत इजराइल जाने वाले 60 से अधिक भारतीय निर्माण श्रमिकों के पहले जत्थे को रवाना करने के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह भारत के राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) सहित कई लोगों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि ए कामगार भारत और इजराइल के बीच पी2पी (लोगों के बीच) संबंधों के महान दूत बनेंगे।

इससे पहले कारोबारियों के बीच (बी2बी) समझौते के तहत पिछले कुछ महीनों में 900 से ज्यादा कामगार भारत से यहां आ चुके हैं।

# केकेआर की लगातार तीसरी जीत

## एकतरफा मुकाबले में दिल्ली को 106 रन से हराया

आईपीएल-2024

**भाषा।** विशाखापत्तनम।

कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग.2024 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 16वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया। टीम को आखिरी जीत 2021 में मिली थी। विशाखापट्नम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को कोलकाता ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 272 रन बनाए। टीम ने प्ल्स् का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। यह कोलकाता का इस लीग में सबसे बड़ा स्कोर है। जवाबी पारी में दिल्ली की टीम 17ण्2 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई।

सुनील नरेन ने 39 बॉल पर 7 चौके और 7 छक्के के सहारे 85 रन बनाए, जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 27 बॉल पर 54 रन बनाए। आंद्रे रसेल ने 19 बॉल पर 41 रन की पारी खेली। वहीं रिंकू सिंह ने 8 बॉल पर 26 रन बनाए। एनरिक नोर्त्या ने तीन विकेट झटके जबकि ईशांत शर्मा को 2 विकेट मिले। दिलली के कप्तान ऋषभ पंत 55 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ;54 रनद्ध ने अर्धशतक जमाए। वरुण वक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने 3.3 विकेट झटके। इससे पहले सुनील नारायण के बल्ले से छक्कों की बौछार के और युवा अंगकृष रघुवंशी के आईपीएल में बल्लेबाजी में पदार्पण पर अर्धशतक के दम पर



कोलकातानाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को सात विकेट पर 272 रन बनाए। अपना आक्रामक फॉर्म जारी रखते हुए नारायण ने दिल्ली के सभी गेंदबाजों की धुनाई की। उन्होंने 39 गेंद में सात छक्कों और सात चौकों की मदद से 85 रन बनाए।

दिल्ली ने उन्हें 53 के स्कोर पर जीवनदान दिया जो महंगा साबित हुआ और नारायण ने टी20 क्रिकेट में अपना सर्वोच्च स्कोर बना डाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलने के बाद रघुवंशी ने 27 गेंद में 54 रन बनाए। नारायण और रघुवंशी ने 48 गेंद में 104 रन की साझेदारी की। आंद्रे रसेल ने 19 गेंद में 41 और रिंकू सिंह ने आठ गेंद में 26 रन बनाए। दिल्ली के गेंदबाजों ने टीम के इतिहास में किसी मैच में सबसे ज्यादा रन गंवाए। केकेआर के बल्लेबाजों ने 18 छक्के और 28 चौके जड़े। नारायण ने खलील अहमद को डीप प्वाइंट पर पहला चौका लगाया। उन्होंने ईशांत शर्मा के चौथे ओवर में तीन छक्के और दो चौके समेत 26 रन बंटोरे।

दूसरी ओर फिल साल्ट को डेविड वॉर्नर से जीवनदान मिला लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा सके और अगली गेंद पर आउट हो गए।इसके बाद 18 वर्ष के अंगकृष मैदान पर उतरे और पहली ही गेंद पर चौका लगाया। दूसरी गेंद को भी उन्होंने सीमारेखा पर पहुंचाया। दिल्ली के गेंदबाज इन दोनों बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके। नारायण और अंगकृष लगातार दो ओवरों में आउट हुए लेकिन उसके बाद रसेल ने रनों का प्रवाह जारी रखा।

## सूर्यकुमार अधिकांश फिटनेस परीक्षण में सफल, सात या 11 अप्रैल को खेल सकते हैं



नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम को जल्द ही मजबूती मिलेगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में लगभग सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं और वह सत्र का अपना पहला आईपीएल मैच खेलने के करीब हैं। सूर्यकुमार की टखने में ग्रेड दो चोट के लिए और स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी। उन्होंने पिछला प्रतिस्पर्धी मुकाबला दक्षिण अफ्रीका में टी20 श्रृंखला में खेला था।बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, सूर्या ने एक नियमित परीक्षण को छोड़कर बाकी सभी परीक्षण पास कर लिए हैं जो एनसीए से आरटीपी (खेलने के लिए वापसी) प्रमाण पत्र पाने के लिए अनिवार्य हैं। गुरुवार को एक और परीक्षण होना बाकी है जिसके बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। उन्होंने कहा, वह आराम से बल्लेबाजी कर रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या सूर्यकुमार सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस का घरेलू मैच खेल पाएंगे तो सूत्र ने कहा, कल के परीक्षणों के बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। अगले मैच से पहले अब भी तीन दिन हैं लेकिन वह लंबे समय बाद वापसी कर रहा है इसलिए ऐसा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 11 अप्रैल को होने वाले घरेलू मैच के दौरान भी हो सकता है। यह स्टार बल्लेबाज पिछले चार से पांच सत्र में मुंबई के लिए सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी रहा है और इस सत्र में अपने पहले तीन मैच हारने वाली टीम को उनकी कमी खल रही है। सूर्यकुमार के स्थान पर आए पंजाब के खिलाड़ी नमन धीर अभी तक लय में नहीं आ पाए हैं और कप्तान हार्दिक पंड्या को निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने के लिए उनकी जरूरत होगी। जहां तक बीसीसीआई की चिकित्सा टीम का सवाल है तो स्पष्ट आदेश यह सुनिश्चित करना था कि भारत का प्रमुख टी20 बल्लेबाज अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के लिए पूरी तरह से फिट रहे और यह भी सुनिश्चित करना था कि आईपीएल के दौरान वह चोटिल नहीं हों।

## लैनिंग के पचासे बाद राधा और जोनासन की फिरकी से दिल्ली तालिका में शीर्ष पर

बेंगलुरु। कप्तान मेग लैनिंग (55) के अर्धशतकीय पारी के बाद जोस जोनासन (22 रन पर चार विकेट) और राधा यादव (20 रन पर चार विकेट) की शानदार स्पिन गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स को 25 रन से शिकस्त दी।दिल्ली ने आठ विकेट पर 163 रन बनाने के बाद गुजरात की पारी को आठ विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। गुजरात की टीम को इतने ही मैच के बाद अब भी पहली जीत का इंतजार है। लैनिंग ने 41 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 55 रन की पारी खेली। उन्हें एलिस कैपसी (17 गेंद में 37 रन) का अच्छा साथ मिला। प्लेयर ऑफ द मैच जोनासन ने गेंद से कमाल करने से पहले बल्ले से भी सात गेंद में 11 रन का योगदान दिया। गुजरात के लिए मेघना सिंह ने 37 रन देकर चार विकेट चटकाए।

## सुमित नागल मराकेश ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

मराकेश (मोरक्को। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल मराकेश ओपन के पुरूष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज नागल को इटली के लोरेंजो सोनेगो ने।. 6, 6 . 3, 6 . 4 से हराया। जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले नागल दूसरे दौर में हार गए थे। उसके बाद उन्होंने चेन्नई ओपन जीता लेकिन वहां खिताब जीतने के बाद से सिर्फ एक बार बेंगलुरू चैलेंजर के सेमीफाइनल तक पहुंच सके। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती की जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के बार्ट स्टीवेंस और यूनान के पेट्रोस सिटसिपास को 6 . 3, 6 . 4 से हराया।

## टी20 विश्व कप की वीजा प्रक्रिया पूरी करने आईपीएल से स्वदेश लौटे मुस्तफिजुर

नई दिल्ली। फॉर्म में चल रहे चेन्नई सुपरकिंग्स के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले टीम के अगले आईपीएल मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टी20 विश्व कप की वीजा प्रक्रिया पूरी करने के लिए वह बांग्लादेश लौट गए हैं। सुपरकिंग्स ने मौजूदा सत्र में अब तक अपने तीन में से दो मैच जीते हैं और शुक्रवार को हैदराबाद में उसकी भिड़ंत सनराइजर्स से होगी। सुपरकिंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने पीटीआई को बताया, वीजा औपचारिकताएं पूरी करने के लिए वह स्वदेश लौट गया है और पासपोर्ट वापस मिलने पर ही वह दोबारा आ पाएगा। कल वह वीजा के लिए आवेदन करेगा। बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज बांग्लादेश टीम के अपने अन्य साथियों के साथ वीजा के लिए आवेदन करेगा। मुस्तफिजुर टूर्नामेंट में 15.14 के औसत से सात विकेट चटकाकर सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर चल रहे हैं। मुस्तफिजुर ने 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल 2024 के शुरुआती मैच में चार विकेट चटकाए थे।टी20 विश्व कप एक जून से शुरू होगा और बांग्लादेश अपने अभियान की शुरुआत सात जून को डेलास में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। टीम 10 जून को न्यूयॉर्क में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी और अपने अंतिम दो ग्रुप मैच कैरेबिया में खेलेगी।

## 96 वर्ष के दत्तात्रेय दौड़ेंगे बेंगलुरू मैराथन में

बेंगलुरू। 96 वर्ष के एन एस दत्तात्रेय 28 अप्रैल को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरू 2024 मैराथन में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज धावक होंगे। वह पहले भी इस रेस में हिस्सा ले चुके हैं। पांच साल पहले लंबी दौड़ में पदार्पण करने वाले दत्तात्रेय कई मैराथन और वॉकाथन में प्रतिभागी रह चुके हैं। उन्होंने कहा , पहली मैराथन के बाद ही मुझे लगा कि मैं इसमें जारी रख सकता हूं। मैने फिट रहने के लिए शुरूआत की थी और जल्दी ही यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गया। अगर आपके पास अपार दौलत है लेकिन आप उसे भोग नहीं सकते तो क्या फायदा। स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, पैसा नहीं। वह सुबह 5 . 30 पर उठकर वर्जिश करते हैं और आधा घंटा साइकिल चलाते हैं। शाम को वह ट्रेडमिल पर व्यायाम करते हैं।

## पुलिस को क्रिकेटर पृथ्वी साव के खिलाफ इंफ्लुएंसर के छेड़छाड़ के आरोपों की जांच के निर्देश

मुंबई। अदालत ने बुधवार को पुलिस को क्रिकेटर पृथ्वी साव के खिलाफ पिछले साल सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सपना गिल की छेड़छाड़ की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एस सी तायडे ने पुलिस को 19 जून तक जांच रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा है। अदालत ने हालांकि साव और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करने के लिए पुलिस के खिलाफ कार्वाई की गिल की दलील खारिज कर दी। साव ने आरोपों का खंडन किया है। गिल ने आरोप लगाया था कि साव ने अंधेरी में एक पब में उनके साथ छेड़खानी की थी। गिल को फरवरी 2023 को अन्य लोगों के साथ साव पर हमले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सेल्फी लेने को लेकर उनकी बहस हुई थी। गिल फिलहाल जमानत पर है। जमानत मिलने के बाद वह साव , उनके दोस्त आशीष यादव और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने अंधेरी हवाई अड्डा थाने पहुंची। पुलिस के मामला दर्ज नहीं करने पर उन्होंने मजिस्ट्रेट अदालत की शरण ली।

## हमने भारत में अच्छी क्रिकेट खेली, I-4 से हार प्रदर्शन के अनुकूल नही है: रॉबिन्सन

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन का मानना है कि उनकी टीम ने भारत में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में वास्तव में अच्छी क्रिकेट खेली और उनके प्रदर्शन को देखते हुए।–4 का परिणाम अनुकूल नहीं लगता है।रॉबिन्सन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, हम वास्तव में परिणाम को बदलने के काफी करीब थे। निश्चित तौर पर चौथे टेस्ट मैच में जो कैच मैंने छोड़ा, उससे हमें मदद मिल सकती थी लेकिन हमारा मानना है कि हमने जिस तरह से प्रदर्शन किया उसे देखते हुए।–4 से हार का परिणाम अनुकूल नहीं लगता है। उन्होंने कहा, हमने वास्तव में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली तथा परिणाम 3–2 हमारे पक्ष में हो सकता था, कौन जानता है। रॉबिन्सन रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में खेले थे। उन्होंने उस मैच में ध्रुव जुरेल का कैच छोड़ा था जिन्होंने 90 रन की पारी खेल कर भारत की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस तेज गेंदबाज ने 13 ओवर भी किए लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बेहद निराशाजनक था। मैंने श्रृंखला से पहले और श्रृंखला के दौरान काफी मेहनत की थी। मुझे चौथे मैच तक इंतजार करना पड़ा था।

## बांग्लादेश में पांच मैच की टी20 श्रृंखला खेलेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम


ढाका। भारतीय महिला क्रिकेट टीम 28 अप्रैल से नौ मई तक बांग्लादेश के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए इस देश का दौरा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा साझा किए गए यात्रा कार्यक्रम के अनुसार भारत 23 अप्रैल को बांग्लादेश पहुंचेगा और 10 मई को स्वदेश के लिए रवाना होगा।श्रृंखला का पहला मैच दिन–रात का होगा और 28 अप्रैल को खेला जाएगा। अन्य मुकाबले बाद 30 अप्रैल (दिन–रात्रि), दो मई, छह मई और नौ मई (दिन–रात्रि) को खेले जाएंगे।सभी मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

## असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहे हैं जोफ्रा आर्चर, टी20 विश्व कप में कर सकते हैं वापसी

लंदन। पिछले कुछ समय से चोटिल होने के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहे हैं और वह इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने के लिए तैयारियों में लगे हुए हैं।आर्चर की काउंटी टीम ससेक्स के कोच पॉल फारब्रेस ने कहा कि यह 29 वर्षीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड के ओली रॉबिंसन और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं और योजना उन्हें टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना है।फारब्रेस ने टेलीग्राफ से कहा, पिछले सप्ताह अभ्यास के दौरान पहले ओलिवर (रॉबिंसन) और फिर जेडन ने गेंदबाजी की। इनके बाद जोफ्रा गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने असाधारण गति से गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, अभी (जेम्स) कीसी (ससेक्स के गेंदबाजी कोच) की योजना बिल्कुल स्पष्ट है। वह आर्चर को टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना चाहते हैं। मैंने जो देखा उसी के बारे में बात कर रहा हूं। वह असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहा है और वह अच्छी तरह से बल्लेबाजी ही कर रहा है। टी20 विश्व कप इस साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

## हार्दिक को कप्तानी सौंपते समय स्पष्ट संवाद होना चाहिए था: शास्त्री

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय टीम** के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अगर हार्दिक पंड्या को कप्तान नियुक्त करते समय मुंबई इंडियंस ने संवाद में स्पष्टता दिखाई होती तो इस ऑलराउंडर के प्रति प्रशंसकों की कड़ी प्रतिक्रिया से बचा जा सकता था।शास्त्री ने इसके साथ ही हार्दिक को शांत बने रहने और अपने प्रदर्शन से जवाब देने की सलाह भी दी। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, यह भारतीय क्रिकेट टीम नहीं है जो खेल रही है। यह फ्रेंचाइजी क्रिकेट है। उन्होंने मोटी धनराशि खर्च की है। वह मालिक हैं और कप्तान नियुक्त करना उनका अधिकार है। मेरा मानना है कि इस मामले को संवाद में स्पष्टता के साथ बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था। शास्त्री ने कहा, अगर आप चाहते थे की हार्दिक पंड्या कप्तान बने तो यह कह सकते थे कि हम भविष्य को ध्यान में रखकर ऐसा कर रहे हैं। रोहित शर्मा ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हम सभी इस बात को जानते हैं। हम चाहते हैं कि टीम को आगे बढ़ाने के लिए वह अगले तीन वर्ष तक हार्दिक की मदद करें।

मुंबई इंडियंस ने वर्तमान सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था। उनकी कप्तानी में टीम पहले तीन मैच में जीत नहीं दर्ज कर पाई।

शास्त्री ने कहा, हार्दिक को मेरी सलाह होगी कि शांत रहें, धैर्य रखें, नजरअंदाज करें और सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। मुंबई इंडियंस की टीम शानदार है और अगर वह लय हासिल कर लेते हैं तो लगातार तीन या चार मैच जीत सकते हैं और फिर यह मसला दब जाएगा। मुंबई इंडियंस को अपना अगला मैच सात अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है।

## सुमित नागल मराकेश ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

मराकेश (मोरक्को) भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल मराकेश ओपन के पुरूष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज नागल को इटली के लोरेंजो सोनेगो ने।. 6, 6 . 3, 6 . 4 से हराया। जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले नागल दूसरे दौर में हार गए थे। उसके बाद उन्होंने चेन्नई ओपन जीता लेकिन वहां खिताब जीतने के बाद से सिर्फ एक बार बेंगलुरू चैलेंजर के सेमीफाइनल तक पहुंच सके। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती की जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के बार्ट स्टीवेंस और यूनान के पेट्रोस सिटसिपास को 6 . 3, 6 . 4 से हराया।

## सीनियर खिलाड़ियों की दबाव में असफलता के कारण खिताब नही जीत पाया है आरसीबी: रायुडु

नई दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडु का मानना है कि सीनियर खिलाड़ियों की दबाव की परिस्थितियों में असफलता के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब नहीं जीत पाया है। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स की चैंपियन टीमों का हिस्सा रहे रायुडु ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन संभवत: उनका इशारा वर्तमान टीम में शामिल तीन सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डुप्लेसी की तरफ था। आरसीबी ने अब तक चार मैच खेले हैं जिनमें से तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। कोहली ने अभी तक इस सत्र में 203 रन बनाए हैं लेकिन डुप्लेसी 65 और मैक्सवेल 31 रन ही बना पाए हैं। रायुडु ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, आरसीबी के गेंदबाज हमेशा अधिक रन लुटाते रहे हैं और उसके बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा, दबाव की परिस्थितियों में कौन बल्लेबाजी कर रहा होता है। भारत के युवा बल्लेबाज और दिनेश कार्तिक। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े नाम रखने वाले खिलाड़ियों को दबाव झेलना चाहिए था लेकिन तब वे कहां होते हैं। वे सभी तब ड्रेसिंग रूम में विराजमान होते हैं। रायुडु ने कहा, सोलह साल हो गए हैं और आरसीबी की वही पुरानी कहानी है। जब दबाव की स्थिति होती है तो कोई भी बड़ा खिलाड़ी मौजूद नहीं होता है। सभी युवा खिलाड़ी निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं जबकि सभी बड़े खिलाड़ी शीर्ष क्रम में आते हैं। यही कारण है कि टीम ने अभी तक आईपीएल नहीं जीता है।

## पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

अहमदाबा। मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में।दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं और वह तो अपने कोटे के ओवर भी पूरे नहीं कर पाए। भारत के डेथ ओवरों के यॉर्कर विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसने पंजाब की मुश्किलों को बढ़ा दिया है।टाइटंस ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी योजनाओं को काफी अच्छी तरह से क्रियांवित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बल्लेबाज अब तक एकजुट प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन गेंदबाजी इकाई ने शुरुआती मैच में स्कोर का बचाव किया और पिछले मैच में सनराइजर्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोककर अपना कौशल दिखाया।

**टीम इस प्रकार हैं:गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522–4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।